


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 प्रवासी कार्यकर्ताओं का अनुभव हरियाणा में भाजपा की............

इन्लुएंसर्स पर मेहरबान योगी सरकार; योजनाओं के प्रचार वाले ट्वीट, रील........ 12



वर्ष : 12 | अंक : 138 | पटना, गुरुवार, 29 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## प्रधानमंत्री ने जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर लाभार्थियों को दी बधाई

# जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को कहा कि यह योजना सम्मान, सशक्तीकरण और राष्ट्र के आर्थिक जीवन में भागीदारी के अवसर का प्रतीक है। मोदी ने जन धन योजना को सफल बनाने के लिए काम करने वालों की भी सराहना की और कहा कि यह योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक खाते पर लिखा, आज एक ऐतिहासिक दिन है जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं और इस योजना को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक करने वाले सभी लोगों को भी बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि जन धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों खासकर महिलाओं, युवाओं तथा वंचित समुदायों को सम्मान देने में सबसे आगे रही है। प्रधानमंत्री ने पेशेवर मंच लिंक्डइन पर बाद में लिखा आज प्रधानमंत्री जन धन योजना को शुरू हुए एक दशक हो गया है और यह पहल महज एक नीति नहीं है। यह एक ऐसे भारत के निर्माण का प्रयास है, जहां हर नागरिक, चाहे उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उसकी औपचारिक बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच हो। मोदी ने कहा, आप में से कई लोग, खासकर युवा सोच रहे होंगे..यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है? आखिरकार, इस युग में बैंक



खाता होना बेहद ही बुनियादी बात है और इसे सामान्य बात भी माना जाता है। हालांकि, जब हमने 2014 में सत्ता संभाली, तो स्थिति बहुत अलग थी। आजादी के करीब 65 साल हो चुके थे, लेकिन हमारे लगभग आधे परिवारों के लिए बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच दूर का सपना थी।

उन्होंने कहा कि उनकी दुनिया ऐसी थी जहां बचत घर पर रखी जाती थी, जिसके खोने तथा चोरी होने का खतरा बना रहता था। मोदी ने कहा, कर्ज तक पहुंच साहूकारों की दया पर निर्भर थी। वित्तीय सुरक्षा के अभाव से कई सपने पूरे नहीं हो पाते थे। उन्होंने कहा, जब जन-धन योजना शुरू की गई तो मुझे याद है कि इसे लेकर भी संशय की स्थिति थी। कुछ लोगों ने पूछा था क्या इतनी बड़ी संख्या में लोगों को बैंकिंग प्रणाली में लाना वास्तव में संभव है? क्या इस प्रयास से कोई ठोस बदलाव आएगा? हां। चुनौतियां काफी व्यापक थीं लेकिन इसे हकीकत बनाने के लिए भारत के लोगों का दृढ़ संकल्प भी उतना ही बड़ा था। मोदी ने कहा कि जन धन योजना की सफलता के दो पहलू हैं। एक पहलू यह है कि 53 करोड़ से अधिक लोगों ने कभी सोचा भी नहीं था कि वे बैंकिंग प्रणाली से जुड़ पाएंगे लेकिन अब उनके पास बैंक खाते हैं। उन्होंने कहा कि इन खातों में 2.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 65 प्रतिशत से अधिक खाते ग्रामीण या अर्द्धशहरी क्षेत्रों में हैं, जिससे वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया महानगरों तक सीमित नहीं रही। करीब 39 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष हस्तांतरण हुआ है। उन्होंने कहा, लेकिन, दूसरा पहलू प्रभावशाली आंकड़ों से कहीं आगे है। जहां तक महिला सशक्तीकरण का सवाल है, जन धन योजना परिवर्तनकारी साबित हुई है। करीब 30 करोड़ महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है।

## पीएमजेडीवाई के तहत अब तक जारी किए गए 36.14 करोड़ रुपे डेबिट कार्ड

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के दस साल पूरा हो गए हैं। यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेश पहल है। पीएमजेडीवाई के तहत 14 अगस्त, 2024 तक 36.14 करोड़ रुपे डेबिट कार्ड जारी किए गए हैं, जबकि 2015 में यह संख्या 13.15 करोड़ थी। वित्तीय समावेशन के तहत रुपे डेबिड कार्ड धारक को 2 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर भी प्रदान किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को देश में वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन प्रधानमंत्री जन-धन योजना के सफलतापूर्वक एक दशक पूरा होने पर रुपे पीएमजेडीवाई डेबिट कार्ड की विशेषताओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रुपे पीएमजेडीवाई डेबिट कार्ड धारक को प्रति संपर्क रहित लेन-देन के लिए 5,000 रुपये तक की निकासी पर किसी पिन की जरूरत नहीं है। ये कार्ड उपयोगकर्ता को सभी एटीएम, पीओएस टर्मिनल और ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर लेन-देन करने की अनुमति देता है। मंत्रालय के मुताबिक रुपे पीएमजेडीवाई डेबिट कार्ड धारक को प्रतिदिन संपर्क रहित तीन लेन-देन करने की अनुमति दी गई है। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम 2 लाख रुपये के कवरेज के साथ आकस्मिक मृत्यु और स्थायी कुल विकलांगता बीमा भी प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय समावेशन पीएमजेडीवाई के तहत सरकार ने 14 अगस्त 2024 तक 36.14 करोड़ रुपे डेबिट कार्ड जारी किए हैं, जबकि 2015 में यह संख्या 13.15 करोड़ थी। रुपे प्रधानमंत्री जन-धन योजना कार्ड उन लोगों को जारी किया जाता है, जिन्होंने पीएमडीजेवाई के तहत खाते खोले हैं।

# बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी बनाए गए सीआईएसएफ के नए डीजी

## केंद्र सरकार ने सीआईएसएफ का डीजी बनाने की जारी की अधिसूचना



प्रात : किरण

पटना। बिहार के पुलिस महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के प्रमुख बन गए हैं। केंद्र सरकार ने उनको सीआईएसएफ का महानिदेशक नियुक्त किया है। केंद्र सरकार की अप्वाइंटमेंट कमेटी ऑफ द कैबिनेट ने गृह मंत्रालय की सिफारिश पर भारतीय पुलिस सेवा के दो अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया है। जिसमें बिहार पुलिस के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी और सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी का नाम शामिल है। समिति ने बिहार पुलिस के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का महानिदेशक नियुक्त किया है। 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी भट्टी फिलहाल बिहार के पुलिस महानिदेशक हैं। वे 30 जून 2025 तक या अगले आदेश दिए जाने तक इस पद पर बने रहेंगे। उनके केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद बिहार में नये डीजीपी की तलाश शुरू हो चुकी है। ब्यूरोक्रेसी में इस बात को लेकर कयास लगाए जाने लगे हैं कि अगला पुलिस महानिदेशक कौन होगा? दूसरा नाम दलजीत सिंह चौधरी का है। जो वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक हैं। उन्हें बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 30 नवंबर, 2025 तक या आगे के आदेशों तक जारी रहेगा।

# सूबे में 25 आईएएस अधिकारियों का तबादला

प्रात : किरण

पटना। राज्य सरकार ने बुधवार को बड़े पैमाने पर आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। कुल 25 आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया गया है। इनमें डीडीसी, नगर आयुक्त और एसडीएम रैंक के अधिकारी शामिल हैं। जिन आईएएस अधिकारियों को हटाया गया है, उनमें 14 को नई पोस्टिंग मिली है। जबकि 11 अधिकारियों को वेटिंग फॉर पोस्टिंग रखा गया है। राजधानी पटना के तीन अनुमंडल अधिकारी यानि एसडीएम को हटा दिया गया है। हाल में ही पटना में हुए लाठीचार्ज में पुलिस की लाठी खाने से चर्चे में आये पटना सदर के अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत कुण्डलिक खाण्डेकर को तबादला कर दिया गया है। उन्हें नालंदा का डीडीसी बनाया गया है। वहीं, पटना सिटी की एसडीएम गुंजन सिंह का भी ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्हें वेटिंग फॉर पोस्टिंग रखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान देने को कहा गया है। दानापुर के एसडीएम प्रदीप सिंह को भागलपुर का डीडीसी बनाया गया है। 6 नगर आयुक्त बदले गये : सरकार ने कई नगर आयुक्त का तबादला किया है। सारण के नगर आयुक्त सुमित कुमार को पश्चिम चंपारण का डीडीसी बना कर भेजा गया है। मुजफ्फरपुर के नगर आयुक्त नवीन कुमार को गया का डीडीसी बनाकर भेजा गया है। सासाराम के नगर आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल को सारण का डीडीसी बनाया गया है। नालंदा के नगर आयुक्त शेखर आनंद, मुंगेर के नगर आयुक्त निखिल धनराज निप्पणीकर, भागलपुर के नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह का भी ट्रांसफर कर दिया गया है। इन तीनों को वेटिंग फॉर पोस्टिंग में रखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान देने को कहा गया है। राज्य सरकार ने खगडिया की डीडीसी प्रीति को भागलपुर का नगर आयुक्त बनाया है। आरा के डीडीसी विक्रम विरकर को मुजफ्फरपुर का नया नगर आयुक्त बनाया गया है। नवादा के डीडीसी दीपक कुमार मिश्रा को नालंदा का नया नगर आयुक्त बनाया गया है। राज्य सरकार ने इसके अलावा भी कई और आईएएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। सारण की डीडीसी प्रियंका रानी को नवादा का डीडीसी बनाया गया है। मोतिहारी सदर के एसडीएम श्रेष्ठ अनुपम को मुजफ्फरपुर का डीडीसी बनाया गया है। बिहारशरीफ के एसडीएम अभिषेक पलसिया को खगड़िया का डीडीसी बनाया गया है। बगहा की डीडीसी अनुपमा सिंह को आरा का डीडीसी बनाया गया है। वैशाली के महुआ की एसडीएम चन्द्रिमा अत्री को पूर्णिया का डीडीसी बनाकर भेजा गया है। सारण जिले के सोनपुर के एसडीएम निशांत विवेक को गोपालगंज का डीडीसी बनाकर भेजा गया है।

11 आईएएस वेटिंग फॉर पोस्टिंग : राज्य सरकार की अधिसूचना के मुताबिक मुजफ्फरपुर के डीडीसी आशुतोष द्विवेदी, नालंदा के डीडीसी वैभव श्रीवास्तव, गया के डीडीसी विनोद दूहन, गोपालगंज के डीडीसी अभिषेक रंजन, पूर्णिया की डीडीसी साहिला, पश्चिम चंपारण, बेतिया की डीडीसी प्रतिभा रानी और भागलपुर के डीडीसी कुमार अनुराग का ट्रांसफर कर दिया गया है। उन्हें वेटिंग फॉर पोस्टिंग रखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान देने को कहा गया है। इसके साथ ही पटना सिटी की एसडीएम गुंजन सिंह, नालंदा के नगर आयुक्त शेखर आनंद, मुंगेर के नगर आयुक्त निखिल धनराज निप्पणीकर, भागलपुर के नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह का भी ट्रांसफर कर दिया गया है। इन सभी को वेटिंग फॉर पोस्टिंग में रखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग में योगदान देने को कहा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीबीआई ने कोलकाता पुलिस के एएसआई की पॉलीग्राफ जांच शुरू की

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के मामले में गिरफ्तार संजय रॉय से कथित संबंधों का पता लगाने के लिए कोलकाता पुलिस के एएसआई अनूप दत्ता के पॉलीग्राफ टेस्ट की प्रक्रिया बुधवार को शुरू कर दी। सीबीआई ने सहायक पुलिस उपनिरीक्षक दत्ता की पॉलीग्राफ जांच करने के लिए कोलकाता की एक अदालत से अनुमति ली थी। एजेंसी ने मामले में पहले भी दत्ता से पूछताछ की थी। दत्ता इस मामले में पॉलीग्राफ जांच का सामना करने वाले आठवें व्यक्ति हैं। अधिकारियों के अनुसार, कोलकाता पुलिस कल्याण समिति में तैनात दत्ता ने यातायात पुलिस स्वयंसेवी रॉय को कथित तौर पर कई फायदे पहुंचाये थे।

### झारखंड के हित में भाजपा में शामिल होने का निर्णय लिया : चंपई

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को कहा कि उन्होंने झारखंड के हित में भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है और वह झारखंड मुक्ति मोर्चा से एवं मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। वरिष्ठ आदिवासी मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि कि वह किसी भी स्थिति से डरे हुए नहीं हैं। उन्होंने इस सप्ताह के प्रारंभ में नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह से मुलाकात की थी और भाजपा में शामिल होने की घोषणा की थी। वह बुधवार को अपने बेटे के साथ रांची पहुंचे जहां बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया। चंपई सोरेन ने यहां कहा, फैसला (भाजपा में शामिल होने का) झारखंड के हित में है मुझे संघर्षों की आदत है। जब उनसे इस आरोप के बारे में पूछा कि उन पर नजर रखी जा रही है, तब पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह किसी भी स्थिति से भयभीत नहीं हैं। उन्होंने संकेत दिया कि बुधवार को ही वह झामुमो और मंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे।

### झारखंड पुलिस के दो उपनिरीक्षकों से दिल्ली पुलिस ने की पूछताछ

नई दिल्ली। पिछले कुछ दिनों से यहां एक पांच सितारा होटल में ठहरे झारखंड पुलिस के दो उपनिरीक्षकों से दिल्ली पुलिस ने पूछताछ की है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संदेह है कि ये दोनों उपनिरीक्षक राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की जासूसी कर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक कि इन दोनों को मंगलवार रात यहां चाणक्यपुरी थाने की एक टीम ने पकड़ा एवं उनसे पूछताछ की। दोनों उपनिरीक्षक झारखंड पुलिस की विशेष शाखा में तैनात हैं। सूत्रों का कहना है कि दोनों को पांच सितारा होटल से थाने लाया गया और पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

# यूपी में बदले गए आठ रेलवे स्टेशनों के नाम




## अखिलेश बोले- नाम नहीं, हालात भी बदलें

प्रात : किरण

लखनऊ/एजेंसी। उत्तर प्रदेश में आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदल दिए गए हैं। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के आठ रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने का मंगलवार को आधिकारिक तौर पर ऐलान किया गया। इन स्टेशनों के नाम संतों और स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखे गए हैं। उत्तर रेलवे की ओर से जारी आदेश के अनुसार, जिन रेलवे स्टेशनों के नाम बदले गए हैं, उनमें जायस रेलवे स्टेशन, अकबरगंज रेलवे स्टेशन, फुरसतगंज रेलवे स्टेशन, वारिसगंज हाल्ट रेलवे स्टेशन, निहालगढ़ रेलवे स्टेशन, बनी रेलवे स्टेशन, मिसरौली रेलवे स्टेशन और कासिमपुर हॉल्ट रेलवे स्टेशन शामिल हैं। आदेश के मुताबिक, कासिमपुर हॉल्ट रेलवे स्टेशन का नाम जायस सिटी रेलवे स्टेशन, जायस रेलवे स्टेशन का नाम गुरु गोरखनाथ धाम, मिसरौली रेलवे स्टेशन का नाम मां कालिकन धाम, बनी रेलवे स्टेशन का नाम स्वामी परमहंस, अकबरगंज रेलवे स्टेशन का नाम नाम मां अहोरवा भवानी धाम, फुरसतगंज रेलवे स्टेशन का नाम तपेश्वर धाम, वारिसगंज हाल्ट स्टेशन का नाम अमर शहीद भाले सुल्तान के नाम पर रखा गया है। इसके अलावा निहालगढ़ स्टेशन का नाम बदलकर महाराजा बिजली पासी रेलवे स्टेशन किया गया है। ज्ञात हो कि अमेठी की पूर्व सांसद और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने इन जगहों की सांस्कृतिक पहचान और विरासत को संरक्षित करने की मांग की थी। इसके बाद इन स्टेशनों का नाम बदला गया है। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जायस स्टेशन के पास गुरु गोरखनाथ धाम आश्रम है, इसलिए स्टेशन का नाम आश्रम के नाम पर रखने का प्रस्ताव रखा गया था। अधिकारी ने बताया कि मिश्रौली, बानी, अकबरगंज और फुरसतगंज रेलवे स्टेशनों के पास भगवान शिव और देवी काली के कई मंदिर हैं और उनके नाम उसी के अनुसार रखे गए हैं। निहालगढ़ स्टेशन ऐसे इलाके में स्थित है, जहां पासी समुदाय की अच्छी खासी आबादी है। यहां ज्यादातर किसान रहते हैं, इसलिए इसका नाम बदलकर महाराजा बिजली पासी के नाम पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि वारिसगंज को भाले सुल्तान की बहादुरी के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और इसलिए स्टेशन का नाम उनके नाम पर रखा गया। वहीं, रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने के फैसले पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। अखिलेश ने योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, भाजपा सरकार से आग्रह है कि रेलवे स्टेशनों के सिर्फ नाम नहीं, हालात भी बदलें। और जब नाम बदलने से फुरसत मिल जाएं तो रिकॉर्ड कायम करते रेल दुर्घटना की रोकथाम के लिए भी कुछ समय निकालकर विचार करें।

# सरकार ने गरीबों के खाते बंद कर जन-धन को बनाया लूट का जरिया : खडगे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि सरकार जिन योजनाओं को उपलब्धियां बता रही हैं वे योजनाएं कांग्रेस सरकार में बनी थीं लेकिन मोदी सरकार ने उनके नाम बदले और अब उन्हीं योजनाओं को जन धन की लूट का जरिया बनाया जा रहा है। श्री खडगे ने कहा कि मोदी सरकार ने बैंकों को जन-धन की लूट का साधन बनाया है और खाते में न्यूनतम राशि नहीं होने का बहाना बनाकर हजारों खाते बंद कर गरीबों का पैसा डकारा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने गरीब जन-धन बैंक खाताधारकों को धोखा नहीं दिया है तो उसे उनके सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने सरकार से तीन सवाल किए और पूछा क्या ये सच नहीं कि 10 करोड़ से ज्यादा जन-धन बैंक खाते बंद हो चुके हैं जिनमें करीब 50 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। इनमें दिसंबर 2023 तक 12,779 करोड़ रुपए जमा थे। बीस फीसद जन-धन खाते बंद होने का ज़िम्मेदार कौन है। क्या यह सही नहीं है कि पिछले 9 वर्षों में जनधन खातों में औसत बैलेंस 5000 रुपये से कम यानी सिर्फ 4,352 रुपये है। इतने से पैसों में भाजपाई कमरतोड़ महंगाई के बीच, एक गरीब व्यक्ति कैसे अपना जीवन यापन कर सकता है।

**फैसला** | केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 28,602 करोड़ रुपये से 12 नए परियोजना प्रस्तावों को दी स्वीकृति

# कैबिनेट फैसला : 10 राज्यों में 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना को मंजूरी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 10 राज्यों में 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस अहम फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 12 नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी है। ये औद्योगिक शहर उत्तराखंड के खुरपिया, पंजाब के राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र के दिघी, केरल के पलक्कड़, उत्तर प्रदेश के आगरा एवं प्रयागराज, बिहार के गया, तेलंगाना के जहीराबाद, आंध्र प्रदेश के



ओर्वकल एवं कोपर्थी और राजस्थान के जोधपुर-पाली में स्थित होंगे। इन औद्योगिक शहरों की परिकल्पना छह प्रमुख गलियारों के करीब रणनीतिक रूप से की गई है। ये परियोजनाएं भारत की विनिर्माण क्षमताओं और आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने में एक महत्वपूर्ण पहल को दशार्ती हैं। यह कदम देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगा। इससे औद्योगिक क्षेत्र एवं शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा जो आर्थिक वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगा। इन शहरों को वैश्विक मानकों के नए स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाएगा। ये शहर उन्नत बुनियादी ढांचे से लैस होंगे जो टिकाऊ और कुशल औद्योगिक संचालन का समर्थन करते हैं। एनआईसीडीपी से रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होने की उम्मीद है। इन शहरों के गठन से करीब 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार और नियोजित औद्योगिकीकरण के माध्यम से 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है। इन परियोजनाओं से लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपये की निवेश क्षमता भी पैदा होगी। इन औद्योगिक शहरों की स्थापना की परिकल्पना वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में पेश की गई थी। बजट में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए राज्यों और निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में देश के कई शहरों में या उसके आसपास ह्यप्लग एंड प्लेह्न औद्योगिक पार्क विकसित करने की घोषणा की गई थी। इस तरह के आठ औद्योगिक शहर पहले से ही कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। चार शहरों- धोलेरा (गुजरात), ऑरिक (महाराष्ट्र), विक्रम उद्योगपुरी (मध्य प्रदेश) और कृष्णपट्टनम (आंध्र प्रदेश) में उद्योगों के लिए भूमि आवंटन का काम चल रहा है। अन्य चार शहरों में भी सरकार का विशेष उद्देश्य वाहन (एसपीवी) सड़क संपर्क, पानी और बिजली आपूर्ति जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण की प्रक्रिया में है। देश में 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना की घोषणा के साथ इस तरह के शहरों की कुल संख्या 20 हो जाएगी। इस कदम से देश के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ाने और रोजगार सृजन में मदद मिलने का अनुमान है।

# हुडको के माध्यम से ऋण प्राप्त कर आधारभूत संरचना का होगा विकास : विजय

प्रात : किरण

पटना। हुडको के मुख्य प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ के साथ प्रतिनिधि मंडल उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा से उनके कार्यालय कक्ष में मिला। हुडको द्वारा उपमुख्यमंत्री के समक्ष विस्तृत प्रस्तुति दी गयी जिसमें राज्य में आधारभूत संरचना के विकास के लिए ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में स्थिति स्पष्ट की गयी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राशि की कमी के कारण बिहार में कई योजनाएं लंबित हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार सरकार विकास की गति बढ़ाने के लिए सभी विकल्पों पर तेजी से विचार कर रही है। इसी संदर्भ में विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में हुडको के माध्यम ऋण प्राप्त करने पर विचार-विमर्श हुआ था। आज की यह बैठक उसी संदर्भ में आयोजित की



गयी और अगली बैठक में विस्तार से आवश्यकतानुसार विकल्पों पर चर्चा किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के सीमित संसाधन से सभी क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुरूप कार्य किया जाना व्यावहारिक रूप से संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। इसी क्रम में मैंने विभागीय पदाधिकरियों को विकल्पों पर विचार करने का निदेश दिया था। पथ निर्माण के क्षेत्र में मुख्यतः नावार्ड द्वारा ऋण प्रदान किया जाता है किन्तु इससे ग्रामीण क्षेत्रों में ही पथों का निर्माण संभव है। हुडको द्वारा दिए जाने वाले ऋण में ऐसी कोई बाध्यता नहीं है। हुडको योजना के कुल लागत का 90 प्रतिशत तक ऋण स्वीकृत करता है, जिसमें भूमि अधिग्रहण पर होने वाले व्यय को भी शामिल किया जाता है। साथ ही किसी परियोजना में केवल भूमि अधिग्रहण के लिए भी राशि उपलब्ध कराता है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि विभागीय पदाधिकारियों को मैंने निदेश दिया है कि राज्य में सुगम यातायात की प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का चयन कर एक प्रतिवेदन तैयार करें, उसके आधार पर हुडको के साथ शीघ्र ही बैठक कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित होगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हुडको के मुख्य प्रबंध निदेशक को भी मैंने बिहार के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा है। उसके आधार पर बिहार में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किये जायेंगे।

# आर्थिक रुप से कमजोर परिवार के लिए मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना वरदान : मंगल

## दिल में छेद वाले 20 बच्चों को इलाज के लिए अहमदाबाद साथ लेकर गए स्वास्थ्य मंत्री

- योजना के तहत अब तक 1 हजार 501 बच्चों की हुई सर्जरी
- गरीबों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रही विभाग की कई योजनाएं

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



दिल में छेद वाले 20 बच्चों के साथ सूबे के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी बुधवार शाम पटना एयरपोर्ट से एक साथ, एक ही फ्लाईट में अहमदाबाद रवाना हुए। जहां इन बच्चों की सर्जरी सत्य सांई अस्पताल (अहमदाबाद) में की जाएगी। एयरपोर्ट पर रवानगी से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना जन्म से हृदय में छेद वाले बच्चों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। इस योजना के तहत अब तक माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में विभाग ने 1 हजार 501 बच्चों की निःशुल्क सफल सर्जरी की प्रक्रिया पूर्ण करवायी है। जिसमें 20 और बच्चों की रवानगी की गयी। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार के मुखिया नीतीश कुमार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और उन्नत बनाने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। उसी क्रम में बच्चों की सर्जरी भी है। इन बच्चों को स्क्रीनिंग के बाद अहमदाबाद स्थित श्री सत्य साईं अस्पताल भेजा जाता है। जहां सर्जरी की प्रक्रिया पूर्ण होती है। श्री पांडेय ने आगे कहा कि इस बार मैं स्वयं साथ में यात्रा कर रहा हूं, जिससे मुझे सारी व्यवस्थाओं को देखने और समझने का भरपूर मौका मिलेगा। ये ऐसे बच्चे हैं जिनकी आर्थिक स्थिति इस लायक नहीं थी कि उनके माता-पिता प्राइवेट हॉस्पिटल में सर्जरी करा सकें। ऐसे में बाल हृदय योजना उनके लिए बेहद ही कारगर और सफल साबित हुई है। बच्चों में होने वाले जन्मजात रोगों में हृदय में छेद होना एक गंभीर समस्या है। सात निश्चय-2 के तहत हृदय में छेद के साथ जन्मे बच्चों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की गई। इनमें बच्चों की शुरूआती स्क्रीनिंग से लेकर उनके आने-जाने तक का खर्च राज्य सरकार वहन करती है। श्री पांडेय ने आगे कहा कि बिहार सरकार और स्वास्थ्य विभाग निरंतर हृदय में छेद के साथ जन्मे बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रयासरत है। बाल हृदय योजना से बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। विभाग निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं को जनहित के लिए सुविधाजनक बानाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहा है। विभाग निरंतर कई ऐसे फैसले ले रहा है जो ऐतिहासिक है।

# मां बड़ी पटन देवी मंदिर के पास पर्यटकीय सुविधाओं का होगा विकास

## पर्यटन विभाग ने दी 78.83 लाख रुपये की योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति

- भव्य द्वार, ट्वायलेट कॉम्पलेक्स और पाथवे का किया जाएगा निर्माण
- पर्यटकीय सुविधाओं के निर्माण से श्रद्धालुओं को मिलेंगी सुविधाएं : मंत्री

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



मां बड़ी पटन देवीजी मंदिर, पटना सिटी के पास पर्यटकीय सुविधाओं का विकास होगा। पर्यटन विभाग ने मां बड़ी पटन देवीजी मंदिर के पास पर्यटकीय सुविधाओं के निर्माण के लिए 78.83 लाख रुपये राशि से विकास की योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। पर्यटकीय सुविधाओं के विकास की योजना के अन्तर्गत अशोक राजपथ पर मंदिर का भव्य गेट, ट्वायलेट कॉम्पलेक्स और अशोक राजपथ से शेरशाह रोड में पाथवे का निर्माण किया जाएगा। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि मां बड़ी पटनदेवी के पास पर्यटकीय सुविधाओं के निर्माण के बाद मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा में वृद्धि होगी। इस योजना की कार्यकारी एजेंसी बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा योजना को आगामी 12 माह में पूर्ण किया जाएगा। ज्ञात हो कि पटना सिटी स्थित बड़ी पटन देवी जी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं में वृद्धि करने हेतु पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक नंद किशोर, पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय, महाप्रबंधक अभिजीत कुमार सहित सभी वरीय अधिकारियों के साथ मंदिर प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया था। पटन देवी मंदिर के महंत विजय शंकर गिरी के साथ पर्यटन विभाग के सचिव ने बैठक भी की थी, जिसमें प्राप्त सुझावों के अनुरूप यहां के विकास की योजना बनायी गयी है। मंदिर में योजना एवं विकास विभाग के द्वारा पूर्व से सात करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि से विकास योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिसमें मंदिर का जीर्णोद्धार सह गुंबद निर्माण, स्थायी शेड और हवन भवन आदि बनाए जा रहे हैं। सचिव के निर्देश के उपरांत पर्यटन विभाग के वरीय अभियंतागण और वास्तुविद ने मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण कर योजना बनायी है, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद यहां पर्यटकों की सुविधाओं के मद्देनजर विभिन्न सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

# सुर्खियों में बने रहने के लिए विपक्ष अलापता जातीय गणना का राग : श्रवण



- नीतीश सरकार में अपराध और भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं : जयंत
- ऑनलाइन हाजिरी से पारदर्शिता आएगी और समय का भी बचत होगा : सुनील

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि देश के कई राज्यों में इंडी गठबंधन की सरकार है लेकिन किसी ने जातीय गणना कराने की दिशा में अब तक कोई ईमानदार पहल नहीं की है। यह दशार्ता है कि इंडी गठबंधन के नेतागण केवल सुर्खियों में बने रहने के लिए जातीय जनगणना का राग अलापते हैं। मंत्री ने उक्त बातें बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान कही। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए बिहार में जातीय गणना कराया और ससमय उसके आंकड़े भी प्रस्तुत किए। आज की परिस्थितियों में पूरा देश चाहता है कि जातीय जनगणना हो और शोषितों-वंचितों को उनका वाजिब हक मिले। भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कभी अपराध से समझौता नहीं करते हैं। अगर कहीं आपराधिक घटनाएं घटित होती है तो प्रसाशन सख्त और त्वरित कार्रवाई करती है। साथ ही उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जब सरकार का हिस्सा होते हैं तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफों में कसीदे गढ़ते हैं और विपक्ष में जाते ही उन्हें कई कमियाँ नजर आने लगती है। श्री तेजस्वी यादव की बातों को अब जनता गंभीरता से नहीं लेती है, उनकी कोई विश्वनीयता नहीं बची। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापना संबंधित नई नीति में दिव्यांग शिक्षक, असाध्य रोगों से पीड़ित शिक्षक, महिला शिक्षक एवं शिक्षक दंपत्ति से जुड़े मामले को प्राथमिकता दी जाएगी और विशेष परिस्थितियों का भी ख्याल रखा जाएगा। ऑनलाइन हाजिरी के संबंध में पूछे जाने पर श्री सुनील कुमार ने कहा कि पारदर्शिता लाने के लिए विभाग द्वारा यह निर्णय लिया गया है। किसी भी व्यवस्था में बेहतरी के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए, इससे समय की भी काफी बचत होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कहीं बाढ़ या जलजमाव जैसी स्थिति है तो संबंधित जिला अधिकारी विद्यालयों को बंद करने का निर्णय ले सकते हैं। इससे पहले जनसुनवाई कार्यक्रम में मौजूद मंत्रिगण ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, वरिय नेता प्रो नवीन आर्या चंद्रवंशी एवं विनोद कुमार सिंह मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल में सरकार नाम की कोई चीज नहीं : ललन

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर की हत्या के बाद विरोध प्रदर्शन और हंगामा जारी है। ममता बनर्जी सरकार द्वारा प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज को लेकर केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने बुधवार को पटना एयरपोर्ट के बाहर मीडियाकर्मियों से कहा कि पश्चिम बंगाल में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में अराजकता की स्थिति है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद एक महिला हैं और वह वहां छात्रों और महिलाओं पर लाठीचार्ज करवा रही हैं। वह प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें और आंसू गैस चलवा रही हैं। ममता बनर्जी को पता होना चाहिए कि इसी महिला के बल पर वह सत्ता में आई हैं। उन्होंने आगे कहा कि जो काम पहले सीपीएम के लोग करते थे, अब वह टीएमसी के लोग कर रहे हैं। ललन सिंह ने बंगाल में कांग्रेस की हालत पर राहुल गांधी पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस की हालत देखिए जब हमने उनसे कहा कि पूरे देश में जातिगत गणना करवाएं तो राहुल गांधी के मुंह पर टेप लगा हुआ था, कांग्रेस सत्ता के लिए किसी से भी समझौता कर सकती है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि एनडीए लगातार मजबूत हो रहा है और भविष्य में और भी मजबूत होगा। बता दें कि हाल ही में पश्चिम बंगाल के छात्र समुदाय ने इस घटना के विरोध में नबन्ना मार्च निकाला था। इसमें हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार की कार्यशैली पर गुस्सा जाहिर किया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। अब इसके बाद बीजेपी ने आज (बुधवार) पूरे बंगाल में बंद का आह्वान किया है, जिसका तृणमूल कांग्रेस ने विरोध किया है। टीएमसी के कार्यकर्ता सड़कों पर इस बंद का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर हमें देश को बचाना है, तो बीजेपी को हटाना पड़ेगा।

# भाकपा ने अररिया की घटना की निंदा की



पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने अररिया की घटना की तीखी निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। अररिया में चोरी के आरोप में पकड़े गए एक युवक के साथ कुछ लोगों ने घिनौनी हरकत की है। यह घटना विचलित करने वाला है। लगता है अपराधियों को कानून का भय नहीं है। किसी को सजा देने का अधिकार नहीं है और सजा देने का अधिकार आरोप प्रमाणित होने पर न्यायालय को है। भाकपा राज्य राज्य सचिव ने कहा कि जिस तरह की घटना अररिया में घटी है, यह रोंगटे खड़े करने वाले है। लोग कानून को अपने हाथ में लेकर अमानवीय तरीके से सजा देने लगे हैं। इस घटना ने सरकार और व्यवस्था पर भी प्रश्न चिह्न खड़ा कर दिया है। लोगों का पुलिस प्रशासन पर से भरोसा उठ गया है और राज्य सरकार कानून का राज स्थापित करने में पूरी तरह फेल साबित हो गयी है। राज्य में लगातार आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। भाकपा राज्य सचिव ने राज्य सरकार से अररिया में अमानवीय घटना करने वाले सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा देने तथा बिहार में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने की मांग की है।

# तेजस्वी ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। बुधवार को मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बिहार के डीजीपी को कोई पावर नहीं है। उनके किसी भी रिकमेंडेशन को नहीं माना जा रहा है। सरकार से जुड़े कुछ खास लोग खुलेआम पोस्टिंग कर रहे हैं और पोस्टिंग किस तरह से हो रहा है यह सब को पता है। उन्होंने कहा कि जदयू के नेता भले ही खुले तौर पर इससे इनकार करें लेकिन सबको पता है कि किस तरह से हो रहा है। डीजीपी की सिफारिशों को आलाकमान द्वारा नहीं माना जाता है। लेकिन जो खास लोग हैं, वही चढ़ावा लेकर पोस्टिंग कर रहे हैं। हालांकि तेजस्वी ने चढ़ावा कौन लेते हैं इस पर किसी का नाम नहीं लिया। बंगाल में भाजपा द्वारा फिर बंद बुलाए जाने पर उन्होंने कहा यूपी में इस तरह का बंद कब होगा। यूपी में अपराध इतना बढ़ा हुआ है वहां बंद कब होगा। बिहार में इतना अपराध बढ़ा हुआ है यहां कब बंद होगा। बिहार में इतना ज्यादा बलात्कार हो रहा है यहां कब बंद होगा। सत्ता में बैठी है बीजेपी के लोगों की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। इनका काम है सिर्फ और सिर्फ नफरत फैलाना। भारतीय जनता पार्टी को अपना भी इतिहास जानना चाहिए। वहीं, उत्तर प्रदेश में कई रेलवे स्टेशन का नाम बदले जाने पर उन्होंने कहा कि नाम बदलने से क्या होगा, नाम बदलने से दुर्घटना रुक जाएगी क्या। उन्होंने नाम बदलने के फैसले को सिर्फ जनता को भ्रमित करने वाली बातें बताते हुए केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या इससे रेल दुर्घटना कम जाएगी।

# यूपीए सरकार ने क्यों नहीं करवायी जातिगत जनगणना : प्रभाकर

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने जातिगत जनगणना पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर करारा जवाब दिया और कहा कि तेजस्वी यादव राजनीति की जमीन पर झूठ की खेती करते हैं। जातिगत जनगणना की मांग अगर राजद बहुत पहले से करता रहा है, तो फिर क्यों नहीं हुई। राजद के लोगों की सोच शुरू से ही सामंती रही है। ये कभी नहीं चाहते कि वंचितों को उनका हक मिले। जातिगत जनगणना की मांग करना सिर्फ दिखावा है। श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस ने देश में दशकों तक शासन किया। यूपीए सरकार में राजद की भी भागीदारी थी। तब क्यों नहीं जातिगत जनगणना करवाने की मांग की गयी। बिहार में भी पति-पत्नी ने वर्षों तक शासन किया तब क्यों नहीं जातीय गणना करवायी गयी। ये लोग सिर्फ झूठ बोल कर लोगों को भ्रमित करना चाहते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी झूठ की खेती कर कुछ भी हासिल नहीं करेंगे। बिहार की जनता उनकी असलियत को जान गयी है। इंडी गठबंधन के लोगों की मंशा जातीय जनगणना करना नहीं है, बल्कि ये लोग जातीय उन्माद फैलाना चाहते हैं। जाति के नाम पर समाज को बांटना इनका असली मकसद है।

# पूर्व मंत्री प्रो रामजतन सिन्हा और उनके पुत्र ने ली कांग्रेस की सदस्यता

## प्रदेश अध्यक्ष बोलें- मगध क्षेत्र में पार्टी और मजबूत होगी



पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष रहें प्रो. रामजतन सिन्हा और उनके पुत्र अमित सिन्हा को विधिवत प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने सदस्यता दिलाई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रो. रामजतन सिन्हा दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में शामिल हो चुके थे। आज उनके पार्टी में विधिवत शामिल होने की केवल प्रक्रिया की जा रही है। प्रो. सिन्हा ने कांग्रेस को बिहार में मजबूती दिया है और ये उनकी घर वापसी है। पार्टी में उनके आने से कार्यकताओं को बल मिलेगा, जिससे मगध क्षेत्र में पार्टी और मजबूत स्थिति में आएगी। प्रो. रामजतन सिन्हा को अपना अकादमिक गुरु बताते हुए उन्होंने कहा कि हम उनके छात्र रहें हैं और मेरे अध्यक्षता के दौरान उनकी वापसी हुई तो ये मेरे लिए भी गर्व और भावुक क्षण है। प्रो. रामजतन सिन्हा और उनके पुत्र अमित सिन्हा को उन्होंने सदस्यता पर्ची दिया जिसके बाद उनको मिथिला पाग और पुष्प गुच्छ देकर पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया गया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए प्रो. रामजतन सिन्हा ने कहा कि मुझे वापस अपने घर में लौटर बहुत प्रसन्नता हो रही है जो कांग्रेस के विचारधारा से जुड़ जाता है उसे किसी अन्य विचारधारा के साथ जाना पसंद नहीं होता। क्योंकि कांग्रेस सबको साथ लेकर चलता है और हमेशा से जनता के मुद्दों को उठाता है। राहुल गाँधी निर्विवाद रूप से आने वाले समय में देश का नेतृत्व सम्भालेंगे और कांग्रेस पार्टी की स्वीकार्यता पूरे देश में बढ़ी है। कांग्रेस में वापसी को लेकर उन्होंने कहा कि बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह के मेहनत को देखकर मैं प्रभावित हुआ और उनके हाथों को मजबूत करने के लिए उनके समक्ष पुनः पार्टी में शामिल हुआ ताकि आगामी चुनावों में उनका साथ दे सकूं। पूर्व अध्यक्ष व विधान परिषद् में दल के नेता डॉ. मदन मोहन झा ने कहा कि प्रो. प्रो. रामजतन सिन्हा के आगमन से पार्टी मजबूत हुई है। वें हमेशा से जुझारू रहें हैं और जनहित के लिए संघर्षशील नेता के रूप में स्थापित रहें हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, विधान पार्षद डा समीर कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष निर्मलेंदु वर्मा, लाल बाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन, शरवत जहां फातिमा, डा संजय यादव मुख्य रूप से शामिल रहें।

# वक्फ बोर्ड की सम्पति की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस : अखिलेश

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह से बुधवार को इमारत शरिया के प्रतिनिधि मंडल ने वक्फ कानून पर केंद्र सरकार के रुख को लेकर मुलाकात की। अपने ज्ञापन के साथ पहुंचे इमारत शरिया के लोगों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह को उचित मंच पर इस मुद्दे को उठाने की अपील करते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14, 25, 26 और 300 (अ) का सीधा उल्लंघन केंद्र सरकार के द्वारा किया जा रहा है जहाँ धार्मिक विषयों पर प्रावधान बनें हुए हैं। केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार लगातार धार्मिक मामलों पर अपने हिसाब से कानून लाद रही है जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। यह केवल इस्लामिक धर्म के प्रति न होकर सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों को देखें तो सभी धर्मों के लिए ये कानून खतरनाक साबित होगी। ज्ञापन लेने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने इमारत शरिया के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ कड़ी है और हम सभी धर्मों का समान आदर करने वाली विचारधारा के पोषक हैं हम इस मुद्दें को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाएंगे और उचित मंच से इस मामले को उठाने का आपको वादा करते हैं। इस शिष्टमंडल में इमारत शरिया के प्रतिनिधि फहद रहमानी, इदार ए शरिया के संयुक्त सचिव डा0 मोहम्मद फरीद अमानुल्ला, इमारत शरिया के नाजीम मौलाना मोहम्मद सिबली, जमीयत उलेमा बिहार के महासचिव मोहम्मद नाजिम कासमी, जमात ए इस्लामी के अमिर रिजवान अहमद इस्लाही, जमीयत अहले हदीस के प्रतिनिधि मो खुर्शीद मदनी, मजलिस उलेमा खुतवा इमामिया के महासचिव सैयद अमानत हुसैन, अखिल भारतीय मोमिन कन्फ्रेस के उपाध्यक्ष अबुल कलाम कासमी शमसी, मौलाना जाकिर हुसैन एवं अनवारूल होदा शामिल थे। इस मौके पर पार्टी के विधानमंडल दल के नेता डा शकील अहमद खान, एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मिन्नत रहमानी भी उपस्थित थे।

# एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधारोपण

## पेड़ पौधों के बिना हमारा जीवन संभव नहीं : हरिओम



पटना/अलीगंज। दरखा गांव में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत सैकड़ों सागवान, महोगनी, पीपल का पौधा लगाया गया। जदयू प्रदेश महासचिव हरिओम कुशवाहा ने कहा कि हमारे जन्म से लेकर मृत्यु तक जीवन भर पेड़ हमें कई रूपों में सौगातें देते हैं। पौधा लगा कर हम अपने माता पिता की तरह उनकी भी देखभाल करें तो ही प्राकृतिक संतुलन बना रहेगा। पेड़ पौधे हमें जीवन में कुछ देना सिखाते हैं। वे हमारे जीवन के लिए आवश्यक प्राणवायु आक्सीजन, वर्षाजल, पूजा के लिए सामग्री, फल, छाया, पक्षियों का आश्रय, ईंधन और उपयोग के लिए लकड़ी सभी कुछ देते रहते हैं। पेड़ पौधों के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। सभी नागरिक पर्यावरण को शुद्ध बनाएं रखने के लिए पौधे जरूर लगाए। जदयू जिला अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ नीतीश कुमार ने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस-पास हरा भरा वातावरण बनाए रखना चाहिए एवं प्रकृति के प्रति सदैव कृतज्ञ होकर इसकी रक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए। अलीगंज पंचायत मुखिया प्रतिनिधि योगेंद्र प्रसाद सुमन ने कहा की प्रकृति को हरा-भरा रखने के उद्देश्य से पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है। साथ ही सभी लोगों से पौधा लगाने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए पौधारोपण करना बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर मुकेश कुमार, अशोक कुमार, सुजीत कुमार समेत कई ग्रामीण एवं गणमान्य लोगों ने पौधरोपण किए।

# आधारहीन बयानों से नेता प्रतिपक्ष को कोई लाभ नहीं होने वाला : उमेश



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की राजनीति भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ी है। यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है कि सत्ता में रहते हुए ट्रांसफर-पोस्टिंग और सरकारी नौकरी के नाम पर उनके माता-पिता ने अवैध अकूत संपत्ति बनाई थी इसलिए आज पूरा परिवार जांच एजेंसियों के रडार पर है और कोर्ट-कचहरी का चक्कर लगा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार जैसे गंभीर विषयों पर बयानबाजी करने से पहले तेजस्वी यादव को अपने परिवार का काला चिट्ठा पलटकर देखना चाहिए, इससे उन्हें भ्रष्टाचार के काले कारनामों की जानकारी मिलेगी। श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हिंदुस्तान की राजनीति में सादगी और ईमानदारी का मिसाल कायम किया है, लंबे अरसे तक सत्ता में रहने के बावजूद भी हमारे नेता के दामन तक कभी भ्रष्टाचार का एक छींटा नहीं आया। वहीं दूसरी ओर लालू परिवार पूरे देश में भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विगत 19 वर्षों से लोक कल्याण के लिए काम कर रही है, प्रदेश को विकसित बनाना और गरीबों के जीवन स्तर में सुधार नीतीश सरकार की प्राथमिकता है। श्री कुशवाहा ने तंज कसते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष बड़बोलेपन के शिकार हो गए हैं, प्रदेश की जनता भी उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेती है। खोखले और आधारहीन बयानों से नेता प्रतिपक्ष को कोई लाभ नहीं होने वाला है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भ्रष्टाचार में आँकठ डूबे विकास विरोधी ताकतों का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होने वाला है।

## 15 सितम्बर से पूरे प्रदेश में सुरक्षित सफर सुविधा की शुरूआत

# महिलाओं को सुरक्षित सफर सुविधा उपलब्ध करायेगी बिहार पुलिस

- रात के अँधेरे में भी कदम-कदम की होगी निगरानी
- 112 पर कॉल कर निःशुल्क सेवा प्राप्त कर कर सकती हैं महिलाएं

पटना बिहार पुलिस राज्य में महिलाओं को सुरक्षित सफर सुनिश्चित कराने के लिए रात के अंधेरे में भी कदम-कदम पर निगरानी रखेगी। इसके लिए बिहार पुलिस महिलाओं को 15 सितम्बर से सुरक्षित सफर सुविधा उपलब्ध करायेगी। इसकी शुरूआत से बिहार, देश का तीसरा राज्य होगा जो इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायेगा। अपर पुलिस महानिदेशक (तकनीकी सेवाएं एवं वितंतु) निर्मल कुमार आजाद एवं डीआईजी अनिल कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि फेस्टिव सीजन के शुरू होने से पहले ही बिहार पुलिस राज्य के महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक नई पहल की शुरूआत करने जा रही है। अब प्रदेश की महिलाएं अपने घर से बाहर कहीं भी, कभी भी बिहार पुलिस की मदद से सुरक्षित यात्रा कर सकती हैं। अपनी यात्रा के दौरान महिलायें सीधे 112 पर कॉल कर 247 निःशुल्क सेवा प्राप्त कर सुरक्षित अपने गंतव्य स्थान तक पहुँच सकेंगी। सुरक्षित सफर सुविधा की शुरूआत 05 सितंबर 2024 से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर राज्य के 06 जिले पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगूसराय एवं नालन्दा में शुरू की जा रही है। 15 सितम्बर 2024 से इस सेवा को पूरे राज्य में लागू किया जाएगा। बिहार पुलिस सप्ताह वर्ष 2024 में, बिहार पुलिस के प्रत्येक पदाधिकारी / कर्मियों के द्वारा पाँच प्रण लिये गये थे, जिसके अन्तर्गत महिला अपराध के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस, महिला सुरक्षा एवं पुलिस महानिदेशक, बिहार महोदय द्वारा निडर नारी का कॉनसेप्ट दिया गया था। इसके तहत राज्य भर में महिलाओं के साथ अगर कोई भी व्यक्ति किसी तरह के दुर्व्यवहार या अपराध को कारित करने का प्रयास करता है तो ऐसी स्थिति में तत्क्षण त्वरित कार्रवाई पुलिस द्वारा सुनिश्चित की जायेगी। सुरक्षित सफर सुविधा निडर नारी के कॉनसेप्ट को पूर्ण रूप से लागू करने में अपनी अहम भूमिका निभायेगा। बिहार में अब तक डायल 112 के माध्यम से आपातकालीन पुलिस सहायता, फायर ब्रिगेड व एम्बुलेंस जैसी सेवाएं मिलती आ रही हैं। अब तकनीकी एजेन्सी के सहयोग से डायल 112 का विस्तार किया जा रहा है। डायल 112 सेवा में राज्य की महिलाओं के लिए सुरक्षित सफर सुविधा को जोड़ा गया है, जो पूरी तरह से निःशुल्क है। इस पूरे प्रोजेक्ट में सी-डीएसी तकनीकी सहायता प्रदान करेगी। महिलाओं को ऐसे मिलेगी सुरक्षा : यदि अपनी यात्रा के दौरान महिलाएं 112 पर कॉल कर इस सुविधा हेतु अनुरोध करती हैं, तब डायल 112 की टीम के द्वारा उनकी यात्रा को डिजिटली मॉनिटर किया जाएगा। गंतव्य स्थान पर पहुँचने तक नियमित अंतराल पर डायल 112 की टीम कॉल कर उक्त महिला की सुरक्षा का जायजा लेती रहेगी। अगर महिलाएं अपनी यात्रा के दौरान किसी तरह की चिन्ता व्यक्त करती हैं या फिर डायल 112 टीम द्वारा की जा रही कॉल का तत्क्षण उत्तर नहीं दे पाती हैं, तो डायल 112 की (इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल) गाड़ी / थानों की गाड़ी की सहायता से उन तक तत्काल मदद पहुँचाई जाएगी।

# बिहार-यूपी जलाने की मंशा सफल नहीं होने दी जाएगी : सम्राट

- ममता बनर्जी, सलमान खुर्शीद के बयान देशविरोधी साजिश का हिस्सा

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार, असम, उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक को हिंसा की आग में जलाने की धमकी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भारत को बांग्लादेश बनाने का देशद्रोही एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक से लेकर वीर कुंवर सिंह तक शूरवीरों की धरती बिहार को कोई अहंकारी मुख्यमंत्री धमका नहीं सकता। राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में कानून का राज कायम है। श्री चौधरी ने कहा कि ममता बनर्जी का शर्मनाक बयान कांग्रेस के नेता सलमान खुर्शीद और मणिशंकर अय्यर के बयानों के आगे की कड़ी है, जिससे साफ है कि इंडी गठबंधन के तार देश-विरोधी ताकतों से जुड़े हैं। डिप्टी सीएम चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजबूत नेतृत्व रहते भारत में बांग्लादेश जैसी राजनीतिक अस्थिरता फैलाने और साम्प्रदायिक हिंसा की आग में देश को जलाने की मंशा कभी सफल नहीं होगी।


बिहार सरकार

## भवन निर्माण विभाग

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–11 वर्ष 2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–2 भवन निर्माण विभाग, पटना।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 09.09.2024 2:00 बजे अप0 तक।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.09.2024 3:00 बजे अप0 तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 10.09.2024 (3:30 बजे अप0)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–2, पटना। विद्युत कार्य अवर प्रमंडल, दानापुर एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत कार्य अंचल, दक्षिण बिहार, पटना

6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिणाम विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Provision of E/W & E/I to Control Lab for Quality Control building in the Campus of Circle office BCD, Patna.. | 4,59,661.00 | 9,200.00 | 750.00 | 15 Days |
| 2 | S/R with E/W & E/I in Qtr No 357/800 at L.B.S Nagar, Patna. | 1,05,522.00 | 2,200.00 | 500.00 | 15 Days |
| 3 | S/R with E/W & E/I in Qtr No 461/800 at L.B.S Nagar, Patna. | 1,05,522.00 | 2,200.00 | 500.00 | 15 Days |
| 4 | S/R with E/W & E/I in Qtr No 468/800 at L.B.S Nagar, Patna. | 1,05,522.00 | 2,200.00 | 500.00 | 15 Days |
| 5 | S/R with E/W & E/I in Qtr No 462/800 at L.B.S Nagar, Patna. | 1,05,522.00 | 2,200.00 | 500.00 | 15 Days |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना

PR- 006945 (BCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# डीएम ने बैंकों को दिया ऋण आवेदन की स्वीकृति में तेजी लाने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर ।ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई । बैठक में बैंक अधिकारियों को ऋण आवेदन की स्वीकृति एवं व्यय करने में तेजी लाने एवं लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री रोजगार गारंटी कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का औपचारिक समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बैंकों की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता प्रकट की तथा महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को बैंकों के जोनल हेड से समन्वय बनाकर सितंबर तक शत प्रतिशत आवेदन की स्वीकृति देने तथा 75 प्रतिशत व्यय करने को कहा ताकि सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में होनेवाली बैठक में बैंकों की उपलब्धि सराहनीय रहे। उन्होंने कहा कि सितंबर माह की समीक्षा बैठक में जिन बैंकों की स्थिति में कोई सुधार नहीं होगा तो संबंधित बैंक के अधिकारी को चिह्नित कर विभाग को प्रतिवेदित किया जाएगा। उन्होंने विशेषकर पब्लिक सेक्टर के बड़े बैंकों को प्रगति लाने तथा अभिरुचि लेकर जिले के बेरोजगार युवाओं को उद्योग - धंधे स्थापित करने हेतु महती भूमिका निभाने को कहा ।बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र सुश्री अभिलाषा भारती तथा विभिन्न बैंकों के मैनेजर/ प्रतिनिधि उपस्थित थे ।इसके अतिरिक्त बिहार लघु उद्यमी योजना के अंतर्गत मुजफ्फरपुर जिला में 1815 लोगों को उद्योग धंधे स्थापित करने हेतु चयनित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाप्रबंधक, डीआईसी ने कही कि इन लोगों को सरकार द्वारा 200000 तीन किस्तों में दिया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति को प्रथम किस्त के रूप में50000 दिए जा चुके हैं। सभी 1815 व्यक्तियों को स्वरोजगार तथा उद्योग धंधे स्थापित करने हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ महाप्रबंधक , डीआईसी के नेतृत्व एवं निर्देशन में आज से जिला उद्योग केंद्र में शुरू हुआ। विदित हो कि प्रशिक्षण कार्य के सफल एवं सुचारु संपादन हेतु कुल 61 बैच बनाये गये हैं। प्रत्येक बैच में मात्र 30 व्यक्ति के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुखिया की कुर्सी पर संकट

बोचहा। प्रखंड के विशनपुर जगदीश पंचायत के मुखिया जी की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है। उपमुखिया सहित वार्ड सदस्यों के बयान से लगता है कि मुखिया जी की कुर्सी संकट में है। इस को लेकर उपमुखिया सहित वार्ड सदस्यों द्वारा मुखिया के खिलाफ लाए गए अविश्वास पर कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीण विकास विभाग ने अवर सचिव सदस्य कुमार सिन्हा ने डीएम एवं डीडीसी को पत्र भेज कर डीपीआरओ के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता देवव्रत सहनी ने ई-मेल से ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र भेजा था। भेजे गए पत्र को आधार बनाते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। गौरतलब हो कि वार्ड सदस्यों ने मुखिया पर सरकारी योजनाओं की राशि का मनमाने ढंग से निकासी कर गवन करने का आरोप लगाया है ।उन्होंने यह भी दावा किया की बगैर आम सभा के ही योजना को पास कर लिया गया है। इतना ही नहीं अपने रिश्तेदारों को वेंडर बनकर उसके नाम पर सरकारी पैसों की उगाही की गई।

### स्नातक उप निर्वाचन प्रक्रिया की दी गई जानकारी

मुजफ्फरपुर । ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में ,जिले के सभी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष,सचिव, एवं प्राधिकृत प्रतिनिधियों के साथ , आसन्न तिरहुत स्नातक उप निर्वाचन के निमित्त दावा,आपत्तियों की प्राप्ति की स्थिति तथा उससे सबंधित सभी प्रक्रिया के बारे में, विस्तार से, बैठक कर जानकारी प्रदान की गई। ज्ञातव्य है कि जिले में कुल 41 मतदान केंद्र हैं जिन सभी पर पदाविहीत पदाधिकारियों द्वारा प्रपत्र प्राप्त किए जा रहे हैं ।इनमे से 21 मतदान केंद्र नगर निगम क्षेत्र में तथा अन्य 20 मतदान केंद्र प्रखंडों/अंचलों में अवस्थित हैं। उक्त बैठक में डीडीसी, मुजफ्फरपुर आशुतोष द्विवेदी , उप निर्वाचन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर, सत्यप्रिय कुमार सहित सभी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मुखिया ने छीनतई लुट की धटना को लेकर थाना में लगाईं न्याय की गुहार

कल्याणपुर, थाना क्षेत्र के बरहेता पंचायत के मुखिया जनमय ठाकुर ने छीनतेई रंगदारी मारपीट की हुई धटना को लेकर कल्याणपुर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। वही बरहेता पंचायत के मुखिया कमरगामा निवासी जन्मेजय ठाकुर ने स्थानीय थाने में प्राथमिक की दर्ज कराते हुए कहा है कि 27 अगस्त को मैं बरहेता मंदिर में बैठा हुआ था। बगलगिर गांव के संजय चौधरी के पुत्र प्रभात चौधरी चार-पांच अज्ञात के साथ आकर मेरे साथ मारपीट करते हुए गले के दो भर सोने का चैन जेब में रखे नगदी 20बीस हजार रुपए के अलावे लाखो में रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। वहीं रंगदारी नहीं देने पर जान से मार देने की बात कही है। मुखिया ने मानसिक रूप से काफी प्रेशर में आ गया हूं। वहीं पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच पड़ताल करने की बात कही है।

### पूर्व वार्ड सदस्य की हत्या मामले मे आधे दर्जन पर एफआईआर दर्ज

कल्याणपुर, कल्याणपुर थाना क्षेत्र के जटमलपुर ढाब गांव में सोमवार की देर रात पूर्व वार्ड सदस्य हत्याकांड मामले में बुधवार को मृतक के पुत्र मोहम्मद अजीज ने गांव के ही आधे दर्जन लोगों को आरोपित करते हुए थाना में आवेदन देकर प्रार्थमिक दर्ज कराया ।दिए आवेदन में उसने जमीनी विवाद के कारण अपने पिता 45 वर्षीय मोहम्मद गुलाब की गोली मारकर हत्या कर देने की बात कही है ।मंगलवार को एस एफ एल एल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन किया। साथ ही धटना स्थल पर से सिंपल को एकत्र कर जांच के लिए भेज दिया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष विकास केशव ने बताया कि मृतक के परिजन के द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है। आवेदन के आलोक में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जल्द ही हत्या में संलिप्त बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मारपीट की घटना में सात लोग हुए गंभीर रूप से जख्मी

कल्याणपुर, थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर मंगलवार की रात दो पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में सात लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी लोगों में मोरवाड़ा गांव के कुंदन कुमार एवं विमलेश कुमार, गोपालपुर गांव के रणजीत सिंह, मिजार्पुर गांव के रिंकू देवी, ध्रुवगामा गांव के मालती देवी एवं सुरही गांव के सुधीर कुमार दास एवं सुभाष कुमार दास शामिल है। वहीं परिवार के लोगों ने सभी जख्मी लोगों को ईलाज के लिए पीएचसी कल्याणपुर में भर्ती कराया ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी लोगों के हालात में सुधार होने की बात डॉक्टर ने बताई। वहीं पुलिस ने बताया कि जख्मी लोगों के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

## सीवर की सफाई के दौरान दो मजदूर मरे, एक की हालत गंभीर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर के अहियापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दाउदपुर कोठी मुहल्ले में आज सीवर सफाई के दौरान दो मजदूर की दम घुटने से दुखद मौत हो गई जबकि एक अन्य की हालत गम्भीर बताई जा रही है ।स्थानीय लोगों ने घंटो की मसक्कत के बाद पुलिस के सहयोग से सीवर के अंदर फंसे मजदूरों को बाहर निकाला ।इस दौरान दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक अन्य को गंभीर हालत में इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेजा गया है। शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना अंतर्गत विभिन्न तरह के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में आज दाऊदपुर कोठी में सुबह नौ बजे तीन मजदूर सीवर की सफाई करने उतरे ।कहते हैं कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत चल रहे काम मे लगे यह मजदूर बिना सेफ्टी गेयर के सीवर में काम कर रहे थे ।अचानक इनका दम घुटने लगा और तीनों चिल्लाने लगे ।जमीन के लगभग 20 फीट नीचे होने के कारण इन मजदूरों की आवाज काफी देर बाद सुनाइ दी । स्थानीय लोगों ने तत्काल जेसीबी मंगवाया और बगल में गड्ढा बनाकर सीवर के अंदर उतरे और घंटो की मसक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला जा सका ।इसी बीच सूचना मिलने पर डीएसपी 2 विनीता सिंह सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुँच कर तीनो को गम्भीर अवस्था में श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज भेजा गया जहां डाक्टरों ने दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। ।डीएसपी --2 विनीता सिंह ने बताया कि दाउदपुर के श्रीराम नगर में स्मार्ट सिटी का काम चल रहा था जिसमे तीन मजदूर नीचे उतरे थे । सीवर में उतरने के दौरान सेफ्टी गियर्स की कमी थी ।जैसा कि स्थानीय लोगों ने बताया कि उनका सेफ्टी गेयर टूट गया था । मृतक मजदूर का नाम मोहम्मद अकरम (21बर्ष )एवं मोहम्मद अजीमुल (20बर्ष) है ।दोनों पश्चिम बंगाल के मालदा जिला के निवासी बताए गये हैं। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार यह मजदूर स्थानीय नही हैं । जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्हें नगर आयुक्त ने इस घटना की जानकारी दी है ।यह घटना बेहद दुखद है ।इस बात की जांच कराई जाएगी कि इन दो मजदूरों की मौत के पीछे किस एजेंसी की लापरवाही है। शहर में स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत काफी समय से सड़क ,पुल -पुलिया ,नाला आदि निर्माण के साथ सौंदर्यीकरण का काम बड़े पैमाने पर चल रहा है। चार कम्पनियां इस काम में लगी बताई जा रही है। एजेंसी पर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूरा करने की जवाबदेही होती है ।इसलिए एजेंसियां मजदूरों के सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए भी उन्हें काम पर लगा देती है।

## सुखार घोषित करवाने हेतू ओम प्रकाश यादव ने कृर्षी पदाधिकारी को लिखा पत्र



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपट्टी/मधुबनी, संवाददाता - बेनीपट्टी प्रखंड के परकौली गांव निवासी युवा राष्ट्रीय जनता दल के बिहार प्रदेश सचिव ओम प्रकाश यादव ने बेनीपट्टी प्रखंड क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित कराने का मांग किया है। राजद नेता ने बेनीपट्टी प्रखंड कृर्षी पदाधिकारी को लिखे चिट्ठी में बेनीपट्टी प्रखंड सहित समुचे मधुबनी जिला में कम बर्षा होने से किसानों की चिंता से आवगत कराते हुए बताया कि मधुबनी जिला में इस वर्ष वर्षा नहीं होने से पूरा जिला सूखा से प्रभावित है तथा जलस्तर काफी घट गया है। किसान का धान का बिछड़ा सुख गया। वर्षा नहीं होने के कारण किसान के धान की रोपनी का कार्य पूरा नही हो पाया है जिससे किसान काफी हताश और निराश हैं किसान सरकार की तरफ टकटकी लगाए हुए देख रहा की उनको राहत के लिए सरकार कब फैसला लेता हैं, आज पूरे प्रखंड सूखा के चपेट में आ गया है और यही हाल पूरे जिले की भी हो गया है। राजद नेता ने बेनीपट्टी प्रखंड सहित सम्पूर्ण जिला को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है।

## नेता नहीं बेटा बनकर क्षेत्र का विकास करना एकमात्र लक्ष्य : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। लोकसभा क्षेत्र मेरी जन्मभूमि और कर्मभूमी दोनो है। जनता के आशीर्वाद से मुझे यह सौभाग्य मिला कि इस क्षेत्र के विकास को अंतिम शिखर ले जाऊ। आपने जिस विश्वास और भरोसे से हमें अपना बहुमूल्य मत दिया है आपके भरोसे को कभी कमजोर नही करूंगा वल्कि देश के पीएम श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकास की रौशनी को हर टोले मुहल्ले तक पहुचाऊंगा। गौड़ाबौराम सभा के बड़गांव मे आयोजित अपने अभिनंदन समारोह में संसद सह लोकसभा के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने उपरोक्त बातें कही। श्री कृष्ण पूजा समिती के द्वारा सांसद डा ठाकुर के लोकसभा में सचेतक बनाए जाने के बाद आज डा ठाकुर के सम्मान मे मेला कामिटी के अध्यक्ष रामबाबू यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डा ठाकुर ने इस विधनसभा के कोशी क्षेत्र के पिछड़ेपन की चर्चा करते हुए कहा की पहले यहां विकास के नाम पर महज खानापूरी की जाती थी और बाढ़ के समय लोगों की जिंदगी कितना कष्टकर था उसका वर्णन संभव नहीं है लेकिन 2019 में सांसद बनने के साथ ही उन्होंने प्राथमिकता के साथ यहां के विकास के लिए रोडमैप तैयार किया उसी का परिणाम है की आज यहां का विकास कार्य चर्चा का विषय बना हुआ है। संसद डा ठाकुर ने उपस्थित जनसमूह को आश्वस्त करते हुए कहा की इस पिछड़े क्षेत्र को हर दृष्टि से विकास के उच्च शिखर पर पहुंचाये बिना चैन नहीं लेंगे ।इस अवसर पर पार्टी नेता महावीर सिंह सोनू सिंह रामजीवन यादव सुशील यादव शक्ति महतो इकबाल याडव सहित मेला कमिटी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।


## संगम की दीदियों ने रचा इतिहास हर दीदी बनेगी लखपति: डीडीसी

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। स्थानीय होटल विनायक इंटरनेशनल, ब्रह्मपुरा में संगम जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा वित्तीय का आयोजन किया गया । उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, राज्य परियोजना प्रबंधक सामुदायिक वित्त संजय मिश्रा,एसपीएम बैंक लिंकेज पुष्पेंद्र तिवारी एवं जिला परियोजना प्रबंधक अनिशा, डीजीएम एसबीआई प्रफुल्ल कुमार झा ,एसबीआई के रिजिनल मैनेजर संजीत कुमार एवं संगम सीएलएफ की दीदियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित दीदियों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि संगम सीएलएफ का काफी अच्छा कार्य है । यहां की दिदियाँ चौमुखी विकास कर रही हैं। वे जिस रफ्तार से बढ़ रही है ,उससे ऐसा लगता है कि आने वाले कुछ सालों में संगम की सभी दीदियाँ लखपति होंगी राज्य परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र तिवारी ने कहा कि जिले में जीविका द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है और सभी दीदियों को किसी भी तरह के बैंक ऋण लेने में कोई परेशानी नहीं होगी। अच्छा बिजनेस करने वाली दीदियों को प्राथमिकता के आधार पर लाखों रुपए बैंक से ऋण दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में संगम सीएलएफ की तरफ से दीदियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। अच्छा कार्य करने वाली दीदियों को पुरस्कृत भी किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक अनीशा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए जिले में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जिक्र किया। इस कार्यक्रम में संजय मिश्रा राज्य परियोजना प्रबंधक ने कहा कि आने वाले समय में जीविका से जुड़ी दीदियों को राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर भागीदारी मिलेगी ।हर विभाग आज जीविका दीदियों के लिए विभिन्न तरह की योजनाओं में प्राथमिकता दे रहा है। कार्यक्रम के दौरान लखपति दीदी, सतत जीविकोपार्जन योजना से जुड़ी हुई दीदियों को भी सम्मानित किया गया। संगम सीएलएफ की अध्यक्ष ने वित्तीय वर्ष 23-24 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और सभी ने इसकी सराहना की ।इसके साथ ही अच्छा कार्य करने वाले कैडरों को सम्मानित करते हुए उनका हौसला अफजाई किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन मीना देवी मास्टर बुक कीपर ने किया। वहीं इस मौके पर मनीष कुमार, रितिका कुमारी, पन्नालाल, अभिजीत कुमार, चंद्र प्रभात, कुणाल मिश्रा सहित कई जीविका दीदी उपस्थित थी।

## बीएड के छात्र-छात्राओं ने दिखाया टैलेंट, म्यूजिक पर थिरके रहे कदम




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भव्य और आकर्षक मंच, चकाचौंध कर देने वाली प्रकाश की रंगबिरंगी किरणें। मंच पर थिरकते छात्र-छात्राएं, बरबस ही दर्शकों को एक टक निहारने को मजबूर कर रहे थे। शाम की शमा ऐसी जली कि बस हर कोई अपनी जगह पर बैठा ही रह गया। वातावरण में गूंजती हजारों तालियों की गड़गड़ाहट का क्रम रुक-रुककर देर शाम तक चलता रहा। बुधवार की शाम को ये मौका था ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के बीएड (नियमित) विभाग के स्थापना दिवस सप्ताह कार्यक्रम के अवसर पर जुबली हॉल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में। स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर बीएड के छात्र-छात्राओं ने संगीत, नृत्य, नाटक, कविता पाठ समेत अन्य रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। अब मौका था प्रस्तुति का, जैसे ही स्वागत गान के लिए मंच पर खुशबू, अनुपम और मोनिका आई, तो दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। आयुष एंड ग्रुप ने नाटक से शमां बांध दिया। प्रेमचंद प्रियदर्शी ने कविता पाठ किया। अंशु कुमारी ने कॉमेडी से सभी को हसने के लिए मजबूर कर दी। रौशन और मानसी ने गायन कर पूरा का पूरा दर्शक दीर्घा को विभोर कर दिया। साधना ने अपनी कविता पर दर्शकों की तालियां बटोरने में कामयाबी हासिल की। उमेश ने गीत का गायन किया। पल्लवी, शांभवी, अनुपम, वसुंधरा और ज्योति की थीम साँन्ग दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण के केंद्र में रही। अंशु कुमारी ने कविता का पाठ किया। मनीषा ने अपनी गीत से अतिथियों के साथ ही दर्शक दीर्घा के लोगों को आत्म विभोर कर दिया। प्रगति झा ने अपनी कविता से दर्शकों के बीच जहां रोमांच पैदा किया। वहीं साधना और पल्लवी ने अपनी गीत से सांस्कृतिक कार्यक्रम की समापन में चार चाँद लगा दी। अंत में खुशबू ठाकुर का विभिन्न गीतों पर नृत्य ने दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को भी शामिल होकर नृत्य के लिए मजबूर कर दिया। राष्ट्र गान से संस्कृतिक कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन बीएड द्वितीय वर्ष के साक्षी झा, अमर और विकास कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार मिलन ने विभाग के शिक्षकों के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बीएड के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार मिलन, डॉ. निधि वत्स, डॉ. शुभ्रा, डॉ. कुमारी स्वर्णरेखा, डॉ. मिर्जा रुहुल्ला बेग, डॉ. जयशंकर सिंह, डॉ. बबीता, डॉ. उदय कुमार, कुमार सत्यम, गोविंद कुमार शिक्षकेत्तर कर्मी और बीएड के छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक भी उपस्थित थे।

## भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर(दरभंगा) ।एक सितंबर से पूरे देश में सदस्यता महा अभियान का शुभारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्राथमिक सदस्य बनाकर इस सदस्यता अभियान की शुरूआत करेंगे। जिसके निमित्त बुधवार को अलीनगर विधानसभा अंतर्गत नगर पंचायत घनश्याम के पाली के मिथिला इंटरनेशन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंडल अध्यक्ष ललित मोहन झा के अध्यक्षता में कार्यशाला की बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सदस्यता अभियान के जिला सदस्य सह किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। उन्होंने स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय, स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं स्वर्गीय दिनेश मिश्र के फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यशाला की शुरूआत की। उन्होंने आगामी सदस्यता अभियान को लेकर कहा कि सदस्यता अभियान को सफल बनाने का लक्ष्य कार्यकताओं के प्रयास से संभव है। पार्टी को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए घर-घर डिजिटल माध्यम से सदस्य बनाना होगा, जिससे भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी रहे। साथ ही कहा कि कार्यकर्ता समर्पित भावना से काम कर भाजपा की नींव को मजबूत एवं सशक्त भारत के निर्माण में आम योगदान करेंगे और पहले की तुलना में लगन और एकता के साथ काम कर अलीनगर विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा की सदस्यता दिलाने का काम करेंगे। इस कार्यशाला में किसान मोर्चा के महामंत्री सुजीत चौधरी, किसान मोर्चा के जिला प्रवक्ता सुनील झा, सदरे आलम, रंजीत मिश्र, सोनू कुमार झा, राकेश शर्मा, सुचित कुमार झा, सोहिद आलम, सोनदाय देवी, लालपरी देवी, आकृति देवी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कुख्यात शराब कारोबारी ओमप्रकाश कापर गिरफ्तार, ऑटोमेटिक कारबाईन व पिस्टल बरामद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के सलेमपुर में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने एक कुख्यात शराब कारोबारी व अपराधी को एक देशी पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 9 एमएम ऑटोमेटिक कारबाईन बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने सात गोली, कारबाईन व पिस्टल का मैगजीन व एक मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के सलेमपुर के रामानन्द कापर के पुत्र ओम प्रकाश कुमार कापर उर्फ डुलिया के रूप में हुई है। इस संबंध में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है और वह एक शराब मामले में पूर्व से वांछित था। 28 अगस्त को पुलिस को उसके सलेमपुर में ही अतरी झा के बथान में पहुंचने और मुसरीघरारी में शराब की बड़ी खेप मंगाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद मुसरीघरारी थानाध्यक्ष फैजूल अंसारी के नेतृत्व में छापेमारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। छापेमारी के दौरान बताए गए बथान की घेराबंदी कर ओम प्रकाश कुमार कापर उर्फ डुलिया को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देसी पिस्टल बरामद किया गया। वहीं सख्ती से की गई पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर सलेमपुर निवासी अपराधी राघव झा उर्फ चिंटू झा के बथान से कारबाईन और गोली आदि बरामद हुआ है। एएसपी ने बताया कि बरामद पिस्टल को जांच के लिए भेजा जाएगा, कहीं विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए दोहरे हत्याकांड में यही हथियार प्रयुक्त तो नहीं हुआ था।

## न्यू वेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के आदर्शनगर स्थित न्यू वेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 28 अगस्त को प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संचालक सुबोध कुमार ने हॉस्पिटल की उपलब्धियों और सेवाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह हॉस्पिटल अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें आईसीयू, वेंटीलेटर, एबीजी, वाई पेप, सीपेप, एनआईसीयू जैसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं। इसके अलावा, यहां ओपीडी, बर्न वार्ड, ईसीजी, पैथोलॉजी लैब, एम्बुलेंस, और सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा भी है। अस्पताल में डिलक्स रूम, जेनरल वार्ड जैसी सुविधाएं भी मौजूद हैं, जिससे मरीजों को बेहतर और किफायती इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। हॉस्पिटल में गॉल ब्लैडर, अपेंडिक्स, और किडनी की जेनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जरी की सेवाएं भी दी जा रही हैं। 24 घंटे इमरजेंसी ऑपरेशन की सुविधा के साथ, न्यू वेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल समस्तीपुर में उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। इस दौरान डॉ संजय कुमार, डॉ धीरेन्द्र कुमार, अमित कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

## नंद के घर आनंद भयो लक्ष्मी नारायण मंदिर में अवतरित हुए योगेश्वर श्रीकृष्ण

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला अंतर्गत बासोपट्टी प्रखंड के उछाल गांव में मालिक टोल में अवस्थित श्री श्री 108 मालिक लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में कृष्ण जन्माष्टमी के पवित्र अवसर पर कृष्ण जन्मोत्सव का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर वहां उपस्थित सभी भक्तों ने हर्षपूर्वक योगेश्वर श्रीकृष्ण कन्हैया के बाल रूप को प्रणाम किया और जगत कल्याण के लिए प्रार्थना की। सभी भक्तों द्वारा नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो गया ।ज्ञात हो कि सोमवार की मध्यरात्रि को श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधिवत लीला बिहारी मुरली मनोहर श्री कृष्ण कन्हैया मंत्रोच्चार के साथ अवतरित हुए और उसके बाद पूर्ण मंगलमय वातावरण में अनुष्ठान संपन्न हुआ और लोग प्रसाद ग्रहण किए ।मंदिर प्रांगण में मौजूद भक्तों ने कहा कि यह हजारों वर्षों की परंपरा है। प्रत्येक वर्ष जन्माष्टमी के पवित्र अवसर पर हर्षोल्लास योगेश्वर श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है और सभी भक्त छठियार छठे दिन तक उत्सव मनाते हैं। भक्तों ने कहा कि आज से हजारो वर्ष पूर्व इस मंदिर की और श्री श्री 108 मालिक लक्ष्मी नारायण की प्राण प्रतिष्ठा की गई और तब से अब तक अनवरत प्रत्येक वर्ष यह उत्सव एवं अनुष्ठान श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। प्रभु के जन्मोत्सव के बाद उन्हें 56 व्यंजन एवं महाभोग प्रसाद के भोग लगाए गए और जगत कल्याण के लिए उनसे प्रार्थना की। जिसके बाद छ दिनो तक मंदिर प्रांगण में कीर्तन एवं अष्टयाम का भव्य आयोजन किया जाएगा।

## राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जयसवाल ने महिला विकास मंच मधुबनी के कार्यो को सराहा, किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी बिहार के भूमि एवं राजस्व सुधार विभाग के मंत्री एवं बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जयसवाल ने महिला विकास मंच के मधुबनी इकाई की खूब सराहना की। 27 अगस्त, मंगलवार को बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जयसवाल ने अपने दफ्तर में बुलाकर मधुबनी इकाई के सदस्यों को सम्मानित किया। इस मौके पर महिला विकास मंच मधुबनी टीम से महामंत्री नवीन मुरारका, मीडिया प्रभारी मनीष सिंह यादव, सक्रिय सदस्य सुधीरा देवी उपस्थित रहे। मंत्री दिलीप जयसवाल ने महिला विकास मंच के कार्यों की खूब सराहना की और भविष्य में संस्था को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। महिला विकास मंच के जिला अध्यक्ष दीपशिखा सिंह ने आभार व्यक्त किए हैं । इतना ही नहीं बल्कि बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जयसवाल ने महिला विकास मंच के कार्यों को पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित होने योग्य कहा और इस विषय में वरिष्ठ नेतृत्व से बात करने का आश्वासन भी दिया। साथ ही उन्होंने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। बता दें कि महिला विकास मंच पिछले 2 दशक से अधिक समय से महिलाओं के हक एवं अधिकार की लड़ाई लड़ती रही है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके उत्थान के लिए कार्यरत हैं ।इस मौके पर नवीन मुरारका, मनीष सिंह यादव, सुधीर यादव मौजूद रहे।

## बच्चों को अपनी संस्कृति एवं सभ्यता का ज्ञान होना आवश्यक : अमरनाथ साह

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।ज्ञान सरिता पब्लिक स्कूल रूहेल्लागंज, कादिराबाद दरभंगा एवं शिशोडीह दरभंगा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष पर बच्चों के बीच राधा कृष्ण थीम बेस्ड ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के द्वारा राधा, कृष्ण, बलराम, सुदामा, गोप-गोपियों के स्वरूप की प्रस्तुति देखने को मिली। सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य अमरनाथ साह, विद्यालय समन्वयक सह प्रबंधक हर्षित राज एवं महिला शिक्षिकाओं के द्वारा विभिन्न स्वरूपों को माला एवं आरती द्वारा पूजा गया ।उसके उपरांत बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने को मिला। प्राचार्य अमरनाथ साह ने कहा कि बच्चों को अपनी संस्कृति एवं सभ्यता का ज्ञान होना आवश्यक है जिससे उन्हें पढ़ाई के साथ अपनी संस्कृति को जानने का मौका मिलता है, इस अवसर पर उन्होंने भगवान कृष्ण के श्लोक को याद दिलाते हुए कहा की कर्म ही पूजा है कर्म ही भक्ति है इसलिए कर्म को पूरे मन से करना चाहिए। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया जिसमें नर्सरी के देव, अर्णव, खुशी, शौर्य, दृष्टिका, हिमांशी, एलकेजी के आयुष, काव्या, आरुषि प्रिया, जानवी, अभिनव, अभिषेक एवं यूकेजी के नैना, कुबेर, अनुराग, श्लोक, अनमोल, ऋषि, राधिका, हिमांशु ,चहक, रामशरण इत्यादि है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कामिनी कुमारी, अपूर्वा एवं काजल कुमारी के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन हर्षित राज ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने ज्ञापन सौंपा

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। स्नातक सीबीसीएस सेमेस्टर -2 सत्र 2023- 27 हरि सिंह महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की परीक्षा आरडीबी कॉलेज संग्रामपुर परीक्षा केंद्र पर ली जा रही है। जहां छात्र-छात्राओं को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है वहां पर शुद्ध पानी , पंखा, बिजली इत्यादि की व्यवस्था न रहना एवं आसपास में मौजूद कूड़े डंपिंग के कारण दुर्गंध से छात्र-छात्रा परेशान है। इसी को ध्यान में रखते हुए आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई हवेली खड़गपुर के कार्यकताओं ने हरी सिंह महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य से मिलकर हरि सिंह महाविद्यालय के आगे विभिन्न सत्रों की परीक्षा केंद्र आरडीबी कॉलेज संग्रामपुर से हटाकर किसी नजदीकी कॉलेज या आर एस कॉलेज तारापुर करवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

### डीएम ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

मुंगेर (बिहार)। केंद्रीय सिपाही पद पर चयन के लिए अभ्यर्थियों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा बुधवार को मुंगेर में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा आज विभिन्न परीक्षा केंद्रों का पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कई केद्रों पर अभ्यर्थियों का भौतिक जांच भी कराया। उनके द्वार। बुधवार उपेंद्र ट्रेनिंग एकेडमी, बैजनाथ राजकीय बालिका उच्च विद्यालय सहित अन्य केंद्रों का निरीक्षण किया।

# विकास को लेकर नप कार्यालय के सभागार में आयोजित हुआ बोर्ड की बैठक

## खुबसूरती को लेकर जगह जगह नगर क्षेत्र में लगाया जाएगा आई लव झाझा का बोर्ड



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बुधवार को नगर क्षेत्र को विकसित करने को लेकर नगर परिषद कार्यालय के सभागार में बोर्ड की बैठक आयोजित किया गया । जिसमें अध्यक्षता कर रहे मुख्य पार्षद संजय यादव, कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. जर्नादन प्रसाद वर्मा मौजूद रहे। बैठक में सीडीपीओ कार्यालय से उपस्थित कर्मी को आगाह किया गया कि तीसरी बार बोर्ड की बैठक होने के उपरांत भी बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में उनके द्वारा कोई भी प्रतिवेदन प्रस्तुत नही किया गया। अतः बोर्ड की अगली बैठक में लिए गए प्रस्ताव के आलोक में कराए गए कार्य का प्रतिवेदन उपस्थापित करने का निर्देश जारी किया गया। वार्ड संख्या 7, 4 के वार्ड पार्षद ने आंगनबाड़ी केंद्र अंतर्गत कोई भी भुगतान होता है उसकी जानकारी किसी भी वार्ड पार्षद को नही देने, रेफरल अस्पताल में सर्जन एवं ब्लड बैंक की उपलब्धता भी सवाल किया। मुख्य पार्षद संजय यादव ने बताया कि बैठक में कई बाते वार्ड पार्षद के द्वारा रखी ताकि नगर क्षेत्र का विकास हो इसपर अमल किया जाएगा। नगर क्षेत्र में बिजली की समस्याओं को लेकर एक बिजली मिस्त्री एवं एक पल्मवर मिस्त्री नप कार्यालय के अंतर्गत बहाल किया जाएगा, आवास योजना जिनका पूर्ण हो चुका है उसका भुगतान किया जा रहा है और फिर से 512 लाभुकों का लिस्ट भी भेजा गया। नगर क्षेत्र को विकसित करने के लिए लगभग चार करोड की योजना से 82 योजनाओं जिसमें नली गली, नलजल योजना सहित अन्य योजना शामिल होंगे। वही कार्यालय में कार्यपालक अभियंता की मांग भी डीएम से किया गया। नगर क्षेत्र में सड़क किनारे डस्टबीन लगाया जाएगा ताकि कचरा लोग उसमें फेंक सके। धर्मशाला, होटल से कचरा उठाने का चार्ज लिये जाने की बात उन्होंने किया। इसके अलावे नगर क्षेत्र की खुबसूरती बढ़ाने को लेकर कई जगहों पर आई लव झाझा का बोर्ड भी लगाने की बात मुख्य पार्षद के द्वारा किया गया। वार्ड संख्या 6, 7 के वार्ड पार्षद ने बिजली विभाग से उपस्थित जेई को अवगत कराया कि बीच सड़क पर बिजली का पोल लगा है उसे अविलंब हटाया जाए इसके अलावे अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी दिया। बैठक में शिक्षा के पदाधिकारी, कर्मी की उपस्थिति नहीं होने पर वार्ड पार्षदो द्वारा रोष व्यक्त किया गया और इसकी सूचना मुख्य पार्षद, ईओ को डीईओ, शिक्षा मंत्री को देने की मांग किया। बैठक में सभी वार्डो में स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रो की सूची अध्यक्ष के नाम के साथ उपलब्ध कराने को लेकर बीडीओ से पत्राचार करने की बात भी सामने आया। जाम की समस्या को लेकर बसस्टैंड एवं दुर्गा मंदिर चैक प नप के द्वारा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाए ताकि टेजफिक की समस्या से निजात पाया जा सके। बैठक में नाला निर्माण, सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों में आवश्यक मरम्मती, नया सभा भवन के निर्माण पर निर्णय लेने, रेलवे के अंतगर्त पड़ने वाले वार्ड में कार्य करने के लिए रेलवे विभाग से एनओसी की मांग करने, नप क्षेत्र अंतगर्त श्मशान घाट पर शवदाह गृह, छतदार चबुतरा बनाने, अतिक्रमण सहित अन्य कई मुददो पर सवाल बैठक के दौरान सामने आई। बैठक में वार्ड पार्षद डोली देवी, विकास शर्मा, अजय पासवान, इतु झा, दिनेश रावत, रंजन अकेला, बिटटू राम, अशोक साव सहित अन्य वार्ड पार्षद मौजूद थे।

# विद्यार्थियों को दी गई एफएलएन किट



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर :- सरकारी विद्यालयों के वर्गवार छात्र-छात्राओं के उपयोग आने वाले सत्र 2024-25 में एफएलएन कीट का वितरण विद्यालयों में किया गया है। जहां शिक्षा विभाग के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालय,मध्य विद्यालय में वर्ग 1 से लेकर आठ तक के बच्चों के बीच एफएलएन किट का वितरण करने का पत्र भी जारी है। इसको लेकर प्रखंड के मध्य विद्यालय में 1 से 8 तक के तथा प्राथमिक विद्यालय में वर्ग 1 से 5 तक के बच्चों के बीच एफएलएन किट का वितरण किया गया। जहां प्राथमिक विद्यालय बानाडीह में प्रधानाध्यापक कैलाशपति यादव के नेतृत्व में एक से पांच तक के बच्चों को एफएलएन किट में एक स्कूल बैग,एक ज्योमेट्री बॉक्स,दो नोटबुक,एक 30 सेमी का स्केल,एक ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी, एक अंग्रेजी कॉर्सिव राइटिंग बुक,5 पीस कलम,12 पीस एफोर साइज कलर शीट कॉपी,नोटबुक सिंगल लाइन,फोर लाइन,नोटबुक गणित, इंस्टॉलमेंट बॉक्स,पेंट,पेंसिल,रेजर, शॉपनर,ड्राइंग बुक,क्रेयॉन,चॉक, वाटर कलर 12 रंगों का एक सेट, वाटर बोतल आदि का वितरण किया गया है। वहीं दूसरी तरफ नवीन प्राथमिक विद्यालय बेला में प्रभारी प्रधानाध्यापिका पुनम कुमारी के नेतृत्व में 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं के बीच एफएलएन किट का वितरण किया गया। इस क्रम में प्रधानाध्यापक रंजीत राम ने बताया कि यह किट सत्र 2024 25 वर्ष के बच्चों के लिए है। जिसे विद्यालय के एक से आठ तक के बच्चों के बीच वितरण किया गया।इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे।

# मंत्री सुमित कुमार सिंह ने बीएमपी कैंप मलयपुर में किया सुधा मिल्क पार्लर का भव्य उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/बरहट : जमुई जिले के बरहट प्रखंड स्थित मलयपुर पुलिस लाइन कैंप परिसर में बुधवार को बिहार सरकार के विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी विभाग के मंत्री सुमित कुमार सिंह ने बिहार सरकार की सात निश्चय पार्ट टू योजना के तहत निर्मित सुधा मिल्क पार्लर का उद्घाटन किया। सुधा मिल्क पार्लर से क्षेत्र को मिलेगा शुद्ध दूध मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि इस सुधा मिल्क पार्लर के खुलने से आम जनता को शुद्ध दूध की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह पार्लर क्षेत्र में दूध की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दूध के लिए भटकने की समस्या होगी दूर सुधा मिल्क पार्लर की संचालक नेहा कुमारी ने कहा कि क्षेत्र के लोग अब आसानी से दूध प्राप्त कर सकेंगे। व्रत और त्योहारों के दौरान जब दूध की मांग बढ़ जाती है, तब भी लोगों ो दूध के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

उद्घाटन समारोह में शामिल हुए कई गणमान्य लोग उद्घाटन समारोह में विमूल भागलपुर के प्रबंध निदेशक शिवेंद्र कुमार सिंह, विमूल भागलपुर के अध्यक्ष अशोक यादव, बीएनपी 11 डीएसपी अमरकांत चौबे, कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूजा-अर्चना से हुआ शुभारंभ सुधा मिल्क पार्लर के उद्घाटन से पहले पुजारी विनोद कुमार पांडेय द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिसमें स्थानीय लोगों ने भी हिस्सा लिया और पार्लर की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र में विकास का प्रतीक मंत्री सुमित कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सुधा मिल्क पार्लर का खुलना क्षेत्र में विकास के प्रतीक के रूप में देखा जा सकता है। यह पार्लर न केवल लोगों को शुद्ध दूध उपलब्ध कराएगा बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। स्थानीय जनता ने व्यक्त की प्रसन्नता इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे, जिन्होंने सुधा मिल्क पार्लर के उद्घाटन को लेकर खुशी जाहिर की। उनका मानना है कि इस पहल से उनकी दैनिक जीवन की कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा। कृषि क्षेत्र को भी मिलेगा प्रोत्साहन कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि सुधा मिल्क पार्लर के आने से स्थानीय किसानों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। वे अपने उत्पाद को बेहतर मूल्य पर बेच सकेंगे और इससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बने नरेश यादव



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर:- गिद्धौर प्रखंड के रतनपुर पंचायत के थडधटिया गांव निवासी सह समाज सेवी नरेश यादव राजद के पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। बुधवार को इसकी जानकारी महेंद्र प्रसाद विद्यार्थी पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश सचिव पंचायती राज प्रकोष्ठ के को 15 दिनों के अंदर जिला कमेटी गठन करने का निर्देश दिया गया है। वही नरेश यादव को प्रदेश सचिव बनाये जाने पर राजद के जिलाध्यक्ष त्रिवेणी यादव, राष्ट्रीय सहारा अखबार के रिपोर्टर अजीत कुमार यादव,नरेश यादव, भूषण यादव, देवी यादव,रंजीत यादव सहित दर्जनों राजद के कार्यकर्ता ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बरियारपुर प्रखंड के विभिन्न गांव का डीएम ने किया दौरा, लिया फीडबैक

## ग्रामीणों के शिकायत पर विद्यालय प्रधान को निलंबित करने को दिया आदेश



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर (बिहार)। सर इन क्षेत्रों में कभी भी कोई पदाधिकारी भ्रमण में नहीं आते हैं। प्राथमिक विद्यालय मुसहरी, झौवा बहियार की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है, विद्यालय प्रधान विद्यालय आती ही नहीं हैं और लोगों को धौंस दिखाती हैं। यह बात सुनकर जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा तत्काल विद्यालय प्रधान मीना कुमारी यादव के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी मंगलवार को बरियारपुर प्रखंड के झौवा बहियार, हरिनमार और बिंदा दियारा के विभिन्न विद्यालयों, गावों और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों से फीडबैक ले रहे थे।इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से योजनाओं के मिलने वाले लाभ, राशन, नल जल योजना आदि की भी जानकारी लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं के मिलने वाले लाभ की जानकारी ली गई। नल जल योजना का फीडबैक संतोषजनक नहीं पाया गया। गंगा दियारा क्षेत्र में पड़ने के कारण ग्रामीणों को प्रखंड कार्यालय जाने में भी परेशानी होती है। इन समस्याओं को देखते हुए जिलाधिकारी ने प्रखंड स्तर के सभी संबंधित पदाधिकारियों को माह में दो बार शिविर लगा कर समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिये । साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी नल जल, सड़क, शौचालय निर्माण आदि की स्थिति को देखते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई करने को कहा जिलाधिकारी ने मध्य विद्यालय अथसैहैया बहादुरपुर, प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर, पंचायत सरकार भवन बिन्दा दियारा, प्राथमिक विद्यालय मुसहरी झौवा बहियार तथा +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय माणिक मंडल टोला झौवा बहियार का औचक निरीक्षण किये।। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सभी विद्यालयों में छात्र छात्राओं की संख्या के अनुरूप 50 प्रतिशत उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए सभी विद्यालय प्रधान को शत प्रतिशत उपस्थिति पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक भी अपनी उपस्थिति एप के माध्यम से बनाएंगे और ई-शिक्षा पोर्टल पर भी प्रत्येक दिन शिक्षकों, छात्र छात्राओं की उपस्थिति तथा मध्यान भोजन की भी पूरी जानकारी अपलोड कराने को कहा है। ग्रामीणों द्वारा शौचालय निर्माण की मांग पर जिलाधिकारी ने सर्वे करा कर निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय माणिक मंडल टोला के पूर्व प्रधानाध्यापक महेंद्र पासवान के कार्यशैली की गहन जांच कराने का निर्देश अपने अधीनस्थ अधिकारियों को दिया है। इसके अलावा ग्रामीणों ने झौवा बहियार में अब तक पंचायत सरकार भवन निर्माण पूर्ण नहीं होने की शिकायत किया इस डीएम ने पंचायत मुखिया को शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने को कहा है।

# 13 दिवसीय कस्टम ज्वेलरी उद्यम प्रशिक्षण हुआ संपन्न




प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। सदर प्रखंड के प्रांगण में युकों बैंक द्वारा आयोजित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ( आरसेटी ) मुंगेर में 13 दिवसीय कस्टम ज्वेलरी उद्यमी का प्रशिक्षण का आज समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में मुंगेर जिले के संग्रामपुर ब्लॉक के क्रमशः 35 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ 13 अगस्त 2024 को किया गया था। कस्टम ज्वेलरी बैच मे सामान्य उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण आरसेटी के स्टाफ के द्वारा एवं कस्टम ज्वेलरी का प्रशिक्षण श्रीमती पूनम देवी के द्वारा दिया गया । कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक श्री गौतम कुमार, संकाय प्रथम श्री देवेंद्र कुमार, संकाय द्वितीय श्री सन्नी, सहायक नीतीश कुमार, आदित्य एवं कुणाल राज शामिल थे। प्रतिभागियों को जल्द से जल्द अपना व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए शुभकामनाएं दी गई एवं व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए जो भी ऋण की आवश्यकता होगी उसकी स्वीकृति संबंधित बैंक शाखा के द्वारा दिलाये जाने के लिये आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक श्री कुमार द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र का वितरण कर सभी प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।

# अधिकारियों और आरपीएफ के संरक्षण में कारखाना परिसर में पल रहे हैं अपराधी, जीएम ले संज्ञान नहीं तो होगा गेट जाम : पप्पू

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जमालपुर कारखाना परिसर में बढ़ रहा है अपराधिक घटना से जमालपुर कारखाना को कलंकित करने की एक साज़िश चल है वावजूद कारखाना के आरपीएफ और अधिकारी तमाशबीन बने हैं । मंगलवार को भी रेल कारखाना परिसर में घटना रेल प्रशासन और आरपीएफ के अकर्मण्यता का प्रमाण हैं उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सह जमालपुर रेल निर्माण कारखाना संघर्ष मोर्चा के संयोजक पप्पू यादव ने इस घटना पर बिफरते हुए कहा श्री यादव ने कहा कि मंगलवार को कारखाना परिसर के टीपीटी रोड के कर्मचारियों के साथ पेटी कान्ट्रेक्टर द्वारा मारपीट की घटना चार माह पूर्व कारखाना परिसर में कार्यालय अधीक्षक की मौत की पुनरावृत्ति तो नहीं, क्योंकि उसमें भी कारखाना के किसी पेटी कॉन्ट्रैक्टर की ही संलिप्तता की बात सामने आई थी लेकिन अधिकारी से लेकर यूनियन तक कर्मचारियों के परिजन को रेलवे द्वारा प्रदत लाभ दिलवा कर अपनी वाहवाही बटोरने में तल्लीन रहे, और इस पुरे मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया जब मोर्चा के नेता इस प्रकरण में सीडब्लूएम से मिलकर कार्रवाई करने की बात कही तो सीडब्लूएम ने कहा मुझे अखबार में आने और प्रेस कॉन्फ्रेंस का कोई शौक नहीं है अतिथि शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन परिणाम शिफर रहा और वहीं अधिकारी अब रोज फोटो खिंचवा रहे हैं। श्री यादव ने आगे कहा की मोर्चा पूर्व में भी ज्ञापन के माध्यम से महाप्रबंधक और अन्य अधिकारी को ज्ञापन सौंप पुरे वस्तु स्थिति से अवगत कराया था लेकिन अधिकारियों की अकर्मण्यता बरकरार है जिसे संघर्ष मोर्चा बर्दास्त नहीं करेगी और अगर इस घटना के बाद भी अपराधियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो संघर्ष मोर्चा कारखाना गेट को जाम कर आन्दोलन के लिए सड़क पर उतरेगी।

# बीएलओ के साथ अपर समाहर्ता ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददात

बरियारपुर ( मुंगेर )। अम्बेडकर भवन के सभागार में बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता अपर समाहर्ता राजीव रंजन ने किया मंच संचालन जिला समन्वयक अंकीत कुमार प्रखंड विकाश पदाधिकारी स्वेता कुमारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अर्चना कुमारी उपस्थित रही।इस अवसर पर प्रखंड के 80 मतदान केंद्रों के सभी बीएलओ के साथ मुखालात होते हुए कहा मतदान कार्य मे स्थिरिता बर्दाश्त नही कि जायेगी जिनमे 50 के संख्या मे डवल डिजिट पार नही कर रहे है।

7 ऐसे बीएलओ जो पार करने के कगार से पिछड़ रहे है।उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा आप लोग मतदान कार्य मे तेजी लाये अन्यथा जिला पदाधिकारी को सम्बोधित करने की कवायद किया जा सकता है।सभी बीएलओ ने एक सप्ताह का समय लिये तथा कहा कि हम लोगों द्वारा कार्य सम्पादन कर लिया जायेगा।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय लौंगाय में शिक्षा व्यवस्था चौपट



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] एक तरफ शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त किए जाने का शिक्षा विभाग के द्वारा दावा किया जा रहा है । तो वहीं दूसरी प्रखंड क्षेत्र के चांय पंचायत के लौंगाय गांव स्थित उम विद्यालय लौंगाय की व्यवस्था चरमराते देखकर स्थानीय ग्रामीणों के बीच विद्यालय प्रशासन के खिलाफ आक्रोश दिखाई दे रहा है। स्थानीय मिथुन कुमार, मोती रजक, त्रिपुरारी राय, गोलू राय अन्य लोगो ने बताया कि विद्यालय में सबसे पहले गुणवतापूर्ण शिक्षा बच्चों को नहीं मिल रही है जिसके कारण बच्चों का भविष्य उज्जवल कैसे बन पाएगा। इसके अलावे स्कूली बच्चों को जो भोजन दिया जाता है वह गुणवतापूर्ण नहीं दिया जाता है। बच्चों को मीनू के हिसाब से खाना न देकर प्रत्येक दिन खिचड़ी या फिर आलू की सब्जी और भात दिया जाता है। बच्चों को खाना खाने के लिए भी जगह उपलब्ध नहीं है । जिसके कारण वे विद्यालय में इधर उधर बैठकर खाना खाते है । जिससे बच्चों को कुछ जहरीला जीव के काटने का डर भी बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके अलावे विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं भी ससमय विद्यालय नहीं आते है और जब विद्यालय के एचएम दिनेश चौधरी से ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था और बच्चों को मिलने वाले भोजन में सुधार करने का सवाल करते है तो वे ग्रामीणों पर उल्टे अपनी भड़ास निकालते है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि जब बीईओ से संपर्क कर विद्यालय की समस्याओं से अवगत करवाना चाहा तो वे मीटिंग में होने की बात कहते हुए फोन काट दिया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी, डीईओ से इस मामलें में निष्पक्ष जांच कर शिक्षा व्यवस्था विद्यालय में सुधरवानें की मांग किया।

# एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई० अलीगंजः प्रखंड के दरखा गांव में बुधवार को ह्लएक पौधा मां के नामह्व अभियान के तहत सैकड़ों सागवान, महोगनी,पीपल,बेल एवं अन्य पौधा लगाते हुए सभी लोगों को प्रेरित किया।, वहीं पौधारोपण करते हुए जदयू प्रदेश महासचिव हरिओम कुशवाहा ने कहा कि हमारे जन्म से लेकर मृत्यु तक जीवन भर पेड़ हमें कई रूपों में सौगातें देते हैं। पौधा लगा कर हम अपने माता पिता की तरह उनकी भी देखभाल करें तो ही प्राकृतिक संतुलन बना रहेगा।पेड़ पौधे हमें जीवन में कुछ देना सिखाते हैं। वे हमारे जीवन के लिए आवश्यक प्राणवायु आक्सीजन, वर्षाजल, पूजा के लिए सामग्री, फल, छाया, पक्षियों का आश्रय, ईंधन और उपयोग के लिए लकड़ी सभी कुछ देते रहते हैं। पेड़ पौधों के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। सभी नागरिक पर्यावरण को शुद्ध बनाएं रखने के लिए पौधे जरूर लगाए। वहीं जदयू जिला अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ नीतीश कुमार ने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को अपने आस-पास हरा भरा वातावरण बनाए रखना चाहिए एवं प्रकृति के प्रति सदैव कृतज्ञ होकर इसकी रक्षा के लिए जागरूक रहना चाहिए।हमारे जीवन में वृक्षों का अमूल्य योगदान है इनके बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वहीं दरखा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रोहित कुमार ने पौधा रोपण किया उन्होंने कहा की पर्यावरण का संरक्षण व संवर्द्धन हमारी सामाजिक,राष्ट्रीय व नैतिक जिम्मेदारी हैं। हमें पर्यावरण का दोहन करने से बचना होगा व दूसरों को भी वृक्ष लगाने व पर्यावरण की रक्षा हेतु प्रेरित करना होगा। वहीं अलीगंज पंचायत मुखिया प्रतिनिधि योगेंद्र प्रसाद सुमन ने पौधारोपण करते हुए कहा की प्रकृति को हरा-भरा रखने के उद्देश्य से पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है। साथ ही सभी लोगों से पौधा लगाने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए पौधारोपण करना बहुत ही आवश्यक है क्योंकि यह हमें स्वच्छ प्राणवायु प्रदान करते हैं साथ ही जब यह वृक्षों का रूप लेते हैं तो उनसे कई प्रकार के फल और कई तरह की जड़ी-बूटी भी मिलती है। इस अवसर पर मुकेश कुमार,अशोक कुमार,सुजीत कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजुद थे।

# झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी ने किया समीक्षा बैठक



प्रात : किरण संवाददात

मुंगेर (बिहार)। रविवार को अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में परमेश्वर दयाल रोड देवघर स्थित संकल्प भगवान में आगामी झारखंड प्रदेश की विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक किया गया । इस बैठक में मुख्य अतिथि पार्टी संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष नेताजी राजेंद्र पंडित मौजूद थे। इस समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी राजनीतिक विकल्प के तौर पर तीसरे मोर्चे के रूप में विस्तार कर रही है और निकट भविष्य में पार्टी झारखंड में अपनी सरकार बनाएगी। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीराम सिंह ने कहा कि पार्टी प्रदेश के सभी 81 विधानसभा सीटों पर अपनी उम्मीदवार को उतार कर चुनाव लड़ेगी और इसके लिए योग उम्मीदवारों का चयन किया जा रहा है जो व्यक्ति पार्टी के उम्मीदवार बनना चाहते हैं वे अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी से संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह संथाल परगना प्रभारी उपेंद्र प्रसाद यादव प्रदेश उपाध्यक्ष बिहार सुनील कुमार सिंह प्रदेश सचिव दिलीप तिवारी प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद अफरोज प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम बंगाल पुतुल मिर्धा सचिव झारखंड प्रदेश गोपाल सिंह प्रदेश अध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ रामानुज सिंह जिला युवा अध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ पावरीत दास जिला सचिव सह मीडिया प्रभारी शिवनाथ सिंह प्रखंड अध्यक्ष देवघर सहित कई गण्यमान पाटी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# संघ कार्यालय परिसर में भारतीय मजदूर संघ ने किया पौधारोपण

जमुई [ झाझा ] बुधवार को रेलवे कॉलौनी स्थित भारतीय मजदूर संघ कार्यालय परिसर में संघ के सदस्यों के द्वारा पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें उपस्थित संघ के पदाधिकारी द्वारा कई फलदारए छायेदार पौधा लगाया। मौके पर उपस्थित संघ के अध्यक्ष अंजू कुमारी, जिलामंत्री योगेंद्र यादव, सह जिलामंत्री उपेंद्र ठाकुर, बिहार प्रदेश बीडी मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री परमेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि ऋषि, मुनियों ने प्राचीनकाल से ही पर्यावरण को लेकर चिंता कि है। इसलिए उनलोगों ने प्रकृति से बनी हर चीजों की पूजा कि है। आज लोग अपने स्वार्थ के लिए पेड़ की कटाई कर रहे है जिससे पर्यावरण अंसतुलित हो रहा है और उसका खामियाजा धरती पर रहने वाले मानव जाति के अलावे जीव जंतु पर पड़ रहा है। इसलिए लोगों को चाहिए कि असंतुलित हो चुके पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आए और धरती पर अधिक से अधिक पेड़ लगाए। मौके पर संगठन मंत्री गीता देवीए उपाध्यक्ष अधिक सिंहए कार्यकारिणी सदस्य मदन यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

सम्पादकीय

# जम्मू-कश्मीर चुनाव से नये दौर की उम्मीद

जम्मू एवं कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की चुनाव आयोग की घोषणा निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलने का माध्यम बनेगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान चुनावी सरगर्मियों एवं भविष्य के गर्भ में ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर लगी हैं। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। इस बार के चुनाव अब तक हुए चुनावों से अलग है और खास है।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामाकंन भरने की आज आखिरी तारीख है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी जटिल बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसे जिस तरह वापस लेना पड़ा, उससे उसकी छिछालेदार तो हुई ही है, अनुशासित दल की उसकी छवि को धक्का भी लगा। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद व्यापक विरोध के कारण उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी।

यदि भाजपा औरों से अलग तथा अनुशासित दल की अपनी छवि के प्रति सचेत है तो उसे प्रत्याशी चयन की अपनी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक आकार देना ही होगा। पहले जारी सूची का विरोध जिन कारणों से हुआ, उनमें एक तो दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाना रहा और दूसरे दोनों पूर्व उप मुख्यमंत्रियों का नाम न होना। लगता है भाजपा को अभी भी लोकसभा चुनावों में हुई गलतियों का आभास नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का किस तरह नुकसान उठाना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची का विरोध यह भी बताता है कि भाजपा प्रत्याशी चयन की कोई नीर-क्षीर, पारदर्शी और ऐसी प्रक्रिया का निर्माण नहीं कर सकी है, जिससे असंतोष, विरोध और भितरघात का सामना न करना पड़े। वैसे यह समस्या केवल भाजपा की ही नहीं, सभी दलों की है। कम से कम यह तो होना ही चाहिए कि राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन में अपने जमीनी कार्यकताओं की राय को महत्व दें। यह कठिन कार्य नहीं, लेकिन हमारे राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र विकसित करने से बच रहे हैं।

## बड़ी चुनौती साफ सुथरी सरकार की

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन चरण में होने वाले मतदान के पहले चरण की अधिसूचना जारी हो गई है और नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही आतंकवादियों की ओर से चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने के प्रयास भी चल रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से एक दिन पहले यानी 19 अगस्त को आतंकवादियों ने अपेक्षाकृत शांत और सुरक्षित माने जाने वाले उधमपुर इलाके में सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। असल में इस साल अप्रैल, मई में हुए लोकसभा चुनावों में जम्मू कश्मीर के लोगों के खुल कर शामिल होने और जम कर मतदान करने की परिघटना ने आतंकवादियों और सीमा पार बैठे उनके आकाओं को असहज कर दिया है। वे समझ नहीं पाए कि क्यों इतनी बड़ी संख्या में लोग चुनाव प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। राज्य की सभी पांच लोकसभा सीटों पर औसतन 50 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ, जो एक रिकॉर्ड है। तभी लोकसभा चुनाव के बाद से ही सुरक्षा बलों पर हमले में तेजी आई, खासतौर से जम्मू के इलाके में, जिसे आमतौर पर शांत और सुरक्षित माना जाता है। अकेले जुलाई के महीने में सुरक्षा बलों पर 10 बड़े हमले हुए हैं, जिनमें कैप्टेन रैंक के अधिकारियों सहित कुल 15 जवान शहीद हुए। अगस्त में भी एक हफ्ते के अंतराल पर दो हमले हुए, जिसमें सेना के एक कैप्टेन और सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। ये हमले अनायास या अचानक नहीं हो रहे हैं। इनके पीछे किसी बड़ी साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। तभी आशंका जताई जा रही है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों और आम नागरिकों को भी निशाना बनाने वाले हमलों में बढ़ोतरी हो सकती है। इस लिहाज से चुनाव प्रक्रिया में सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन और सुरक्षा बलों को हर स्थिति में नागरिकों को सुरक्षा मुहैया करानी होगी और उनके मन में सुरक्षा की धारणा पुख्ता करनी होगी ताकि वे खुल कर चुनावी प्रक्रिया में शामिल हों। चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का मतलब है कि बढ़ चढ़ कर चुनाव लडने. वाले सामने आएं और मतदान करने के लिए भी लोग बेखौफ होकर निकलें। लोकसभा चुनाव से ज्यादा मतदान विधानसभा में हो तभी चुनाव आयोग की सफलता मानी जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की खबरों से लोगों का भरोसा टूटेगा और सारी कवायद विफल हो जाएगी। जम्मू कश्मीर में चुनाव की दूसरी चुनौती सनातन है। लम्बे समय से वहां स्थिर और पूर्ण बहुमत वाली सरकार नहीं बनी है। हर बार गठबंधन की सरकार बनती है क्योंकि चुनाव हमेशा बहुकोणीय होता है, जिसमें किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिलता है। इस बार भी चुनाव से पहले राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह से बंटा हुआ दिख रहा है। पांच साल पहले जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद पार्टियों में जो राजनीतिक एकता दिखी थी वह पांच साल में समाप्त हो गई है। गुपकर एलांयस नाम की कोई चीज अब मौजूद नहीं है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस तीनों अलग अलग ताल ठोंक रहे हैं, जिन्होंने नवंबर 2018 में साथ मिल कर सरकार बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इनके अलावा सज्जाद लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंसइ, गुलाम नबी आजाद की प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी और अल्ताफ बुखारी की अपनी पार्टीइ की भी तैयारी है। भाजपा जो पिछली बार दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी थी वह ज्यादा बड़ी तैयारी के साथ चुनाव में उतरेगी। इस बहुकोणीय मुकाबले में किसी पार्टी के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल प्रतीत होता है। त्रिशंकु विधानसभा में कैसी सरकार बनेगी और वह कितनी स्थिर होगा और लोगों का कितना भला कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी। तीसरी चुनौती अलगाववादी ताकतों से है। लोकसभा चुनाव में बारामूला लोकसभा सीट के नतीजे से इस खतरे की आशंका स्पष्ट दिख रही है। निर्दलीय उम्मीदवार इंजीनियर शेख राशिद ने इस सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक उमर अब्दुल्ला को हरा दिया। वह भी तब जबकि शेख राशिद दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल से चुनाव लड़ा और उनके दो बेटों ने चुनाव की कमान संभाली। शेख राशिद उग्र अलगाववादी विचारों के हैं और इसलिए जेल में बंद हैं। बारामूला लोकसभा सीट पर लोगों ने उदार और लोकतांत्रिक उमर अब्दुल्ला की बजाय उग्र और अलगाववादी विचार वाले शेख राशिद को चुना। राशिद को 45.70 फीसदी वोट मिले, जबकि उमर अब्दुल्ला सिर्फ 25 फीसदी वोट हासिल कर पाए।

# असंतुष्ट विधायकों ने तो कोई कसर बाकी नही छोड़ी

**वही बाहरी प्रत्याशियों के चलते स्थानीय संगठन में नाराजगी के साथ ही ब्राह्मण मतदाताओं की अहमियत बढ़ने की बात भी कही थी। हालांकि भंडारी की जीत का अंतर 5000 वोटों से ज्यादा है और यह सिर्फ ब्राह्मण वोटों से नहीं आ सकता, जनता नाराज थी और उसमें सभी वर्गों के लोग शामिल थे जिन्होंने दल-बदल और मनमानी के खिलाफ वोट दिया है, इसके अलावा बीजेपी के कार्यकर्ता भी राजेंद्र भंडारी के साथ नहीं थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी दावा करते हैं कि ब्राह्मण मतदाता पार्टी के साथ रहे हैं। वह कहते हैं कि भले ही उतने वोट न पड़े हों जितने पहले पड़े थे लेकिन बूथों के विश्लेषण से पता चल रहा है कि ब्राह्मण वोटर भाजपा के साथ हैं।**





**श्रीगोपाल नारसन**
**लेखक राजनीतिक चिंतक वरिष्ठ पत्रकार**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 13 अगस्त को रुड़की में निकाली गई भाजपा युवा मोर्चा की बाईक रैली में भाग लेने पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को स्थानीय ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र की बहनों द्वारा राखी बांधने और उन्हें ईश्वरीय सौगात देने के लिए जब मैंने ब्रह्माकुमारीज संस्था से जुड़ा होने के नाते दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी से मुख्यमंत्री का समय दिलाने का अनुरोध किया तो उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति से उक्त स्वीकृति के लिए बातकर मुझे जानकारी दी कि दोनों ब्रह्माकुमारीज बहनों व मेरा नाम हैलीपैड पर मिलने वालों की सूची में लिखवा दिया है। जिसपर मैं ब्रह्माकुमारीज बहनों को लेकर बीईजी के मुख्य द्वार पर पहुंचा तो हैलीपैड सूची में हमारा नाम ही नही था, जिस कारण राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी के प्रयास पर भी हैलीपैड के लिए एंट्री नही मिली। जिस पर हमें सांत्वना का मरहम लगाते हुए हमें बाईक रैली स्थल नेहरू स्टेडियम आने के लिए कहा गया और आश्वस्त किया गया कि वहां मुख्यमंत्री बहनों से सम्मान पूर्वक राखी बन्धवाएँगे व ईश्वरीय सौगात बहनों के हाथों से लेंगे। चिलचिलाती धूप के बावजूद ब्रह्माकुमारीज बहने पूरे समय नेहरू स्टेडियम में मुख्यमंत्री के आगमन का इंतजार करती रही और जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आए तो पार्टी पदाधिकारियों व सांसद-विधायको तथा दर्जा धारियों के अलावा किसी से नही मिले और बिना उद्बोधन के ही मात्र 2 मिनट में बाईक पर सवार होकर चले गए। इसके बाद हम मुलाकात न हो पाने के कारण वापस लौटने ही वाले थे कि हमे फिर से हैलीपैड पर पहुंचने और इसके लिए हैलीपैड पर मुलाकातियों की सूची में हमारा नाम अंकित होने के भरोसे के साथ पुनः हैलीपैड बुलाया गया। लेकिन पुनः पहुंचने पर भी सूची से हमारे नाम गायब थे जिसकारण बहने सुरक्षा कर्मियों से मुख्यमंत्री तक पहुंचने के लिए निवेदन करती रही। मुख्यमंत्री का काफिला हैलीपैड पर पहुंचने के काफी देर बाद बीईजी मुख्य द्वार से होकर हैलीपैड तक देर से अनुमति मिलने के कारण एक तरफ हम लोग समय से नही पहुंच पाए, दूसरी तरफ मुख्यमंत्री ब्रह्माकुमारीज बहनों का हैलीपैड पर इंतजार करने के बाद राखी लेने का जिम्मा एसएसपी को सौंपकर हेलीकॉप्टर से टेकऑफ कर गए। सुरक्षा कर्मियों की हठधर्मिता के कारण मुख्यमंत्री की ब्रह्माकुमारीज बहनों से मुलाकात नही हो सकी और स्थानीय विधायक प्रदीप बत्रा ने मुख्यमंत्री की ओर से ब्रह्माकुमारीज बहनों से राखी बंधवाकर ईश्वरीय सौगात प्राप्त की। इतना होने के बाद भी ब्रह्माकुमारीज बहने के चेहरों पर संतोष के भाव थे, वे तो बिना किसी स्वार्थ और बिना किसी प्रतिफल की चाहत के परमात्म सेवा के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संस्था की ओर से शुभकामनाएं देना चाहती थी। उनके न मिलने से भी उनके उत्साह व सेवा कार्यो में कोई फर्क नही पड़ा। लेकिन एक सवाल जरूर उठता है कि राज्य का मुख्य सेवक जनता से आखिर इतना दूर क्यो है?जो नागरिक वोट देकर उन्हें मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, सांसद बनाते है, उन्ही से दूर हो जाना क्या स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित है?यदि नही तो फिर क्या इसके लिए वे नोकरशाह जिम्मेदार नही है जो जनप्रतिनिधियों व जनता के बीच दीवार बनकर खड़े हो जाते है। मुख्यमंत्री तक को पता नही कि उनसे मिलने के लिए आने वाला उनका शुभचिंतक नोकरशाही द्वारा ही रोक दिया जाता है। हालांकि नेताओं की सुरक्षा भी जरूरी है परंतु कुछ साधु संत, सन्यासियों या फिर विदुषियों को सुरक्षा के नाम पर पीछे पीछे घुमाना कदापि उचित नही है। यह सौभाग्य है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कि उन्हें निकाय चुनाव के नाम पर थोड़े समय के लिए ओर स्थिरता मिल गई। वर्ना असंतुष्ट विधायकों ने तो कोई कसर बाकी नही छोड़ी थी, उन्हें कुर्सी से बेदखल करने के लिए। केंद्रीय गृह मंत्री से लेकर कहां कहां नही गए शिकायत करने। उन्ही की सरकार के एक मंत्री का नाम भी नए नेतृत्व के लिए फाइनल हो गया था, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को मिली छनती हुई खबरें गलत नही थी। वह दिल्ली धामी खेल बिगड़ने से पहले ही दिल्ली पहुंच गए और सबकुछ मैनेज कर लिया। अन्यथा स्वतंत्रता दिवस ही परिवर्तन दिवस बन जाता। भाजपा हरिद्वार की मंगलौर और चमोली की बद्रीनाथ दोनों सीटें कांग्रेस से हार गई। मंगलौर सीट पर भाजपा अपने प्रदर्शन को ठीक बता रही है लेकिन बद्रीनाथ की हार की समीक्षा की बात कर रही है। लोग इसे अयोध्या की हार से जोड़कर देख रहे हैं और कुछ लोग यह कह रहे हैं कि भगवान ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है। जबकि कांग्रेस का कहना है कि पहले भगवान राम ने भाजपा को सजा दी है, फिर बद्रीनाथ में नारायण ने और अब बाबा केदार की बारी है। आवाजें पार्टी के अंदर से भी उठने लगी हैं और एक वरिष्ठ नेता ने इस हार की वजह प्रत्याशियों के गलत चयन को बताया है। बद्रीनाथ उपचुनाव को लेकर हारने के बाद भी भाजपा में खामोशी ही रही केवल पूर्व मुख्यमंत्री रहे तीरथ सिंह रावत ने कहा कि इनमें प्रत्याशियों का चयन ठीक नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में पार्टी कार्यकताओं को पूरा सम्मान नहीं मिल रहा है। वे बोले, केदारनाथ में होने वाले उपचुनाव में प्रत्याशी चयन में समझदारी दिखानी होगी। साथ ही कहा कि सबसे राय मशविरा करके प्रत्याशी का चयन करना होगा, थोपना नहीं है। बीते इन उपचुनावों मे भाजपा ने दोनों ही प्रत्याशी बाहरी उतारे थे।

करतार सिंह भड़ाना तो हरियाणा से लाए गए थे लेकिन बद्रीनाथ से भाजपा ने राजेंद्र भंडारी को प्रत्याशी बनाया था, जो लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। राजेंद्र भंडारी उस समय इसलिए भी चर्चा में आए थे क्योंकि 17 मार्च को भाजपा में शामिल होने से 24 घंटे पहले ही उन्होंने दावा किया था कि वह कभी कांग्रेस छोड़कर नहीं जाएंगे लेकिन 16 जून को जिन कपड़ों में उन्होंने यह बयान दिया था उन्हीं में वह दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए थे। उनके इस्तीफा देने के बाद ही बद्रीनाथ सीट खाली हुई थी और भाजपा ने वादे के अनुसार राजेंद्र भंडारी को अपने टिकट से मैदान में उतारा था लेकिन यह दांव उलटा पड़ गया। हालांकि सन 2022 के विधानसभा चुनावों में उन्होंने न सिर्फ. भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को हराया था बल्कि गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस का परचम लहराने वाले वे अकेले विधायक भी बने थे। लेकिन दल बदलकर बद्रीनाथ में दोबारा चुनाव करवाना उनके लिए भारी पड़ गया। वे जिस सीट से वे कांग्रेस के विधायक थे, उसी सीट पर भाजपा उम्मीदवार के तौर पर हार गए। भंडारी के खिलाफ बीजेपी कार्यकताओं में भी असंतोष था हालांकि वह इसे खुलकर व्यक्त नहीं कर पा रहे थे, दरअसल बीजेपी कार्यकर्ता खुद भंडारी को हरवाना चाहते थे और जो कार्यकर्ता उनके साथ प्रचार में दिख भी रहे थे उन्होंने खुद ही भंडारी को वोट नहीं दिया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी यह मानते हैं कि भाजपा के वोटर्स ने इस बार पार्टी का साथ नहीं दिया। इन उपचुनावों में 14 प्रतिशत मतदाम कम हुआ है। हालांकि इसके लिए भाजपाई कांग्रेस के कुप्रचार को ज़िम्मेदार बताते हैं। वह कहते हैं कि अगर हमारा वोटर साथ आता तो हम इस सीट को आठ से दस हजार वोट से जीतते। भाजपा के अनुसार इस बार कांग्रेस ने बीजेपी का मुकाबला अकेले नहीं किया, बल्कि वामपंथी दल, उत्तराखंड क्रांति दल सब साथ मिलकर बीजेपी से लड़ रहे थे और इसका भी असर परिणाम पर हुआ है।

# खतरनाक हैं मानसून में रुकावट की घटनाएं

**वैज्ञानिकों के अनुसार जलवायु परिवर्तन ने इसे बढ़ाने में खासा योगदान दिया है। इसे यदि मानसून में रुकावट कहें, तो गलत नहीं होगा। यह कम दबाव के क्षेत्र में मानसून गर्त के खिसकने के कारण होता है। जब यह गर्त उत्तर की ओर खिसककर हिमालय की तलहटी से जाकर संरेखित होती है, तब बारिश रुक जाती है। इसे यूं कहें कि मानसून के मौसम में जब झमाझम बारिश हो रही हो और वह अचानक बंद हो जाए, तो उसे मानसून ब्रेक कहते हैं। ऐसे में प्रभावित क्षेत्र में तीव्र गर्मी वाली स्थिति पैदा हो जाती है। जिस इलाके में बारिश के चलते तापमान कम हो जाता है, वहां वह यकायक बढ़ जाता है। नतीजतन वहां अत्याधिक गर्मी पड़ती है और उसके बाद तेज वर्षा शुरू हो जाती है। यह अक्सर अगस्त के माह में होता है . इसका समय लगभग तीन से पांच दिन तक का रहता है।**





**ज्ञानेंद्र रावत**
**लेखक**

स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन समूची दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। सबसे अधिक चिंतित करने वाली बात यह है कि इससे जीवन का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा है। इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि जलवायु परिवर्तन से जहां समुद्र का जलस्तर बढ़ने से कई द्वीपों और तटीय महानगरों के डूबने का खतरा पैदा हो गया है, वहीं सूखे, जमी मिट्टी के ढीली होने के चलते तेजी से बिखरने, मिट्टी में कार्बन सोखने की क्षमता कम होते जाने, खारापन बढ़ने, बेमौसम बारिश के कारण बाढ़ आने, चक्रवात आने, कम समय में ज्यादा बारिश आने, शुष्क भूमि पर निर्भर लोगों के लिए भोजन का संकट बढ़ने, दुनिया के पचास फीसदी चारागाह नष्ट होने, फसल की पैदावार दर में तीन से बारह फीसदी के बीच गिरावट होने, लोगों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने, 30 फीसदी प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने, सुपर बग का खतरा बढ़ने, अंटार्कटिका में उल्का पिंडों के गायब होने, बच्चों के उच्च जोखिम की स्थिति में पहुंचने और जीवन का अधिकार प्रभावित होने के साथ-साथ अब मानसून ब्रेक की घटनाओं का खतरा भी पैदा हो गया है। जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझ रही दुनिया इसकी भारी आर्थिक कीमत चुका रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस का कहना एकदम सही है कि जलवायु आपदा टालने में दुनिया पिछड़ रही है। समय की मांग है कि विश्व समुदाय सरकारों पर दबाव बनाये। यदि वैश्विक प्रयास तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने में कामयाब रहे, तब भी 96.1 करोड़ लोगों के लिए यह खतरा बरकरार रहेगा। जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा दुष्परिणाम जनसमूहों के पलायन के रूप में सामने आया है। यह प्रवृति गरीब देशों से विकसित देशों की ओर बढ़ती देखी जा रही है, जो दिन-ब-दिन और भयावह हो रही है। यह स्थिति भारी असमानता को बढ़ावा देगी, जिसके परिणाम काफी खतरनाक होंगे। आजकल मानसून ब्रेक के बारे में चिंताएं ज्यादा हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार जलवायु परिवर्तन ने इसे बढ़ाने में खासा योगदान दिया है। इसे यदि मानसून में रुकावट कहें, तो गलत नहीं होगा। यह कम दबाव के क्षेत्र में मानसून गर्त के खिसकने के कारण होता है। जब यह गर्त उत्तर की ओर खिसककर हिमालय की तलहटी से जाकर संरेखित होती है, तब बारिश रुक जाती है। इसे यूं कहें कि मानसून के मौसम में जब झमाझम बारिश हो रही हो और वह अचानक बंद हो जाए, तो उसे मानसून ब्रेक कहते हैं। ऐसे में प्रभावित क्षेत्र में तीव्र गर्मी वाली स्थिति पैदा हो जाती है। जिस इलाके में बारिश के चलते तापमान कम हो जाता है, वहां वह यकायक बढ़ जाता है। नतीजतन वहां अत्याधिक गर्मी पड़ती है और उसके बाद तेज वर्षा शुरू हो जाती है। यह अक्सर अगस्त के माह में होता है. इसका समय लगभग तीन से पांच दिन तक का रहता है। इसके बाद फिर बारिश शुरू हो जाती है। साल 1976 के बाद से सबसे अधिक लंबा मानसून ब्रेक पिछले साल अगस्त में देखने को मिला। सच तो यह है कि मानसून ब्रेक के बाद उमस बहुत तेजी से बढ़ती है। उस दशा में लोग बेचैनी महसूस करते हैं। उस समय तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस से लेकर 32-33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है. तापमान में आयी यह बढ़ोतरी अनेक स्वास्थ्य संबंधी विकृतियों-बीमारियों का सबब बनती है। यह मौसमी बदलाव स्वास्थ्य के लिए तो हानिकारक है ही, कृषि भी इससे काफी हद तक प्रभावित होती है। फसलों के उत्पादन पर पड़े असर की वजह से बाजार में कीमतें आसमान छूने लग जाती हैं। होता यह है कि इस दौरान ट्रफ रेखाएं हिमालय की तलहटी में चली जाती हैं।

सामान्यतः ये ट्रफ रेखाएं हमारे मरु प्रदेश राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले से होकर कोलकाता तक चलती हैं। मानसून में ठहराव या ब्रेक अस्थिरता का कारण बनता है, जो सूखे की लंबी अवधि और छोटे वर्षाकाल का सबब बनता है। मानसून प्रणालियों में बदलाव कम दबाव और गर्त की स्थिति दक्षिण की ओर चले जाने और अत्याधिक बाढ़ जैसी घटनाओं के जन्म का कारण बनती हैं। परिणामस्वरूप गर्मियों में यह उत्तरी हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी को प्रभावित करता है। इसका प्रभाव क्षेत्र अपेक्षाकृत मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का करीब 1,000 किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र के बराबर हो सकता है। इसमें ला नीना की भयावह स्थिति का बना रहना, पूर्वी हिंद महासागर का असामान्य रूप से गर्म होना, हिमालयी क्षेत्रों की पूर्व मानसूनी गर्मी और ग्लेशियरों के पिघलने की अहम भूमिका रहती है. इस दौरान 35 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान ऊष्मा को और बढ़ाता है. इससे कृषि प्रक्रियाएं तो प्रभावित होती ही हैं, इसके परिणामस्वरूप बौनापन, उर्वरता में कमी, गैर व्यवहारी पराग और अनाज की गुणवत्ता गहरे तक प्रभावित होकर कम हो जाती है। निष्कर्ष यह कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए विश्वसनीयता और स्थिरता की दृष्टि से देश के मानसून पूवार्नुमान की बेहतर प्रणाली स्थापित करने की बेहद जरूरत है, तभी इस दिशा में कुछ सार्थक बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।

# कश्मीर में राजनीति की सीरत व सूरत दोनों बदली!

**मनु श्रीवत्स**

जम्मू-कश्मीर का स्वरूप व भूगोल बदलने के साथ-साथ प्रदेश की पूरी राजनीति भी बदल गई है। नए परिवेश और नए राजनीतिक माहौल के बीच होने जा रहे विधानसभा चुनाव अपने आप में बहुत ही दिलचस्प और अलग होने वाले हैं। यहां एक तरफ प्रदेश का आकार बदल गया है वहीं प्रदेश विधानसभा के स्वरूप में भी बड़ा बदलाव आया है। 90 सीटों में से कश्मीर संभाग में 47 विधानसभा क्षेत्र हो गए हैं वही जम्मू संभाग को छह नए विधानसभा क्षेत्र मिले हैं। अब कश्मीरी पंड़ित समुदाय में से दो लोगों को मनोनीत किया जाने का प्रावधान है, इन दो मनोनीत सदस्यों में से एक महिला होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर में लगभग दस वर्षों के बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पिछले चुनाव 2014 में हुए थे। इन दस वर्षों में बहुत कुछ बदल गया है। बहुचर्चित अनुच्छेद-370 की समाप्ति हो चुकी है और जम्मू-कश्मीर अब एक पूर्ण राज्य की जगह एक केंद्र शासित प्रदेश बन चुका है। जबकि प्रदेश के एक हिस्से, लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग करके एक अलग केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया जा चुका है। जम्मू-कश्मीर का स्वरूप व भूगोल बदलने के साथ-साथ प्रदेश की पूरी राजनीति भी बदल गई है। नए परिवेश और नए राजनीतिक माहौल के बीच होने जा रहे विधानसभा चुनाव अपने आप में बहुत ही दिलचस्प और अलग होने वाले हैं। यहां एक तरफ प्रदेश का आकार बदल गया है वहीं प्रदेश विधानसभा के स्वरूप में भी बड़ा बदलाव आया है। पहले प्रदेश विधानसभा का संख्या बल तकनीकी रूप से 107 था। लेकिन चुनाव 87 विधानसभा क्षेत्रों पर ही हुआ करता था। ऐसा इसलिए क्योंकि, 24 विधानसभा क्षेत्र पाक अधिकृत कश्मीर के लिए रिक्त छोड़े जाते रहे हैं। कुछ पाठकों के लिए यह जानकारी नई हो सकती है, तो उनको बताते चलें कि भारत पाक अधिकृत कश्मीर को अपना हिस्सा मानता है, इसलिए तकनीकी रूप से पाक अधिकृत कश्मीर के 24 इलाकों की सीटों का जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में प्रवधान रखा गया है। पहले विधानसभा में पहुंचने वाले 87 विधायकों में से जम्मू संभाग के 37 क्षेत्रों से विधायक चुने जाते थे जबकि कश्मीर संभाग से चुने गए 46 विधायक विधानसभा पहुंचते थे। लद्दाख संभाग से चार विधायक विधानसभा पहुंचा करते थे। दो सीटों पर दो महिलाओं को मनोनीत किया जाता था। ऐसा पूरे देश में जम्मू-कश्मीर में ही एक प्रावधान था। दो महिला मनोनीत विधायकों को मिला कर विधानसभा का कुल संख्या बल 89 रहता था। 2022 में हुआ ताजा परिसीमन साल 2022 में हुए ताजा परिसीमन के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा की कुल सीटे अब बढ़ कर 114 हो गई हैं जोकि पहले 107 थीं। पहले की तरह इन 114 में से अब भी पाक अधिकृत कश्मीर के 24 क्षेत्रों को रिक्त रखा गया है। लेकिन चुनाव अब 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होगा। इन 90 सीटों में से कश्मीर संभाग की सीटों की संख्या में एक सीट की बढ़ोतरी हुई है। अब घाटी में 47 विधानसभा क्षेत्र हो गए हैं जबकि जम्मू संभाग को छह नए विधानसभा क्षेत्र मिले हैं जिससे संभाग के विधानसभा क्षेत्रों की संख्या 43 हो गई है। दो महिलाओं को मनोनीत किए जाने के प्रावधान को बदला गया है। अब कश्मीरी पंड़ित समुदाय में से दो लोगों को मनोनीत किया जाने का प्रावधान रखा गया है, इन दो मनोनीत सदस्यों में से एक महिला होनी चाहिए। इसी तरह से यह पहली बार होगा कि जम्मू-कश्मीर से अलग कर दिए जाने के कारण अब विधानसभा में लद्दाख का कोई भी प्रतिनिधि नजर नही आएगा। नए परिसीमन में एक बड़ा निर्णय लेते हुए अनुसूचित जनजातियों के लिए नौ विधानसभा क्षेत्र आरक्षित कर दिए गए हैं।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम : 30 अगस्त से पांच सितंबर तक जिले में चलाया जाएगा मॉपअप राउंड

## 29 अगस्त तक जिले में बूथ लगाकर कराया जा रहा स्कूली बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन

- स्कूलों के साथ सरकारी व निजी संस्थानों में लगाए गए शिविर

प्रात : किरण संवाददाता




आरा । फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस क्रम में अब स्वास्थ्य विभाग के साथ सहयोगी संस्थानों के समन्वय से जिले में शिविर लगाकर दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। इस क्रम में 29 अगस्त तक जिले में स्कूलों के अलावा सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में बूथ लगाकर स्कूली बच्चों के साथ अन्य लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जायेगा।

सिविल सर्जन डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि 24 अगस्त तक आशा कार्यकताओं के माध्यम से घर घर जाकर दवाओं का सेवन कराया गया। उसके बाद 30 अगस्त से पांच सितंबर तक मॉप अप राउंड चलाया जाएगा। जिसमें एमडीए के दौरान छूटे हुए लाभुकों को चिह्नित करते हुए फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जायेगा। ताकि, कोई भी लाभुक दवाओं का सेवन करने से न चुके। क्योंकि जब जिले का हर लाभुक फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन नहीं सेवन नहीं कर लेता, तब तक फाइलेरिया का उन्मूलन कार्यक्रम का उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

मच्छरों के माध्यम से फैलती है फाइलेरिया :

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह डीएमओ डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो मच्छरों से फैलती है। जेल परिसर में और आस-पास जल जमाव वाले क्षेत्र व गंदे स्थानों पर पनपने वाले कई मच्छर कई गंभीर रोग के कारक होते हैं। इसलिये हमें आवासीय स्थान को स्वच्छ बनाये रखने का प्रयास करना चाहिये। साथ ही, सभी को मच्छरों से बचाव करते हुए मच्छरदानी में सोना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए फाइलेरिया उन्मूलन आवश्यक है। समय पर इलाज नहीं होने से यह बीमारी मरीज को दिव्यांग बना सकती है। हम या हमारे परिजन इसकी चपेट में न आए इसलिए दवाओं का सेवन भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि पांच साल तक लगातार यदि लोग साल में एक बार दवाओं का सेवन करें तो फाइलेरिया से पूरी तरह बचाव संभव है।

स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक :

पीसीआई के डीएमसी रणवीर पटेल ने बताया कि पीसीआई के द्वारा स्कूली बच्चों और शिक्षकों को जागरूक किया गया है। इस क्रम में बुधवार को बड़हरा प्रखंड के बबुरा गांव अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बूथ लगाकर बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया गया। बच्चों और शिक्षकों को बताया गया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए एक मात्र उपाय दवाओं का सेवन ही है। इसके लिए सिर्फ इसका ध्यान रखना होगा कि कोई भी लाभुक खाली पेट इन दवाओं का सेवन न करे। अन्यथा मिचली और चक्कर आने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि उक्त स्कूल में मध्याह्न भोजन के बाद मेडिकल टीम की निगरानी में 625 छात्र छात्राओं को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया गया। वहीं, किसी भी बच्चे में एडीआर की शिकायत नहीं आई। उन्होंने बताया कि गुरुवार को जिले के सभी जीविका दीदियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जायेगा।

# पीएचसी के कर्मियों ने कार्य का किया बहिष्कार, मरीजों को हुई पड़ी परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। बिहार चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले एनएचएम कर्मियों के समर्थन में तथा नियमित कर्मचारियों के अपने 20 सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को पीएचसी के कर्मियों में कार्य का पूर्ण बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित रहीं। हालांकि धरने पर बैठे प्रदर्शनकारी कर्मियों ने दोपहर बाद धरना समाप्त कर दिया लेकिन कार्य को बाधित रखा। इसी बीच दोपहर ढाई बजे नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सरताज आलम एक बुजुर्ग को लेकर अस्पताल पहुंचे जिसका सर फटा हुआ था। बुजुर्ग को इलाज के लिए अस्पताल लाये जाने पर वहां मौजूद नर्सों ने उसका इलाज करने से ये कहकर मना कर दिया की हमलोग हड़ताल में हैं इलाज नहीं कर सकते।जिसे लेकर मुख्य पार्षद भड़क गए। इसकी सूचना फोन के माध्यम से उन्होंने चिकित्सा प्रभारी उमेश कुमार को दी लेकिन नर्सो ने उनकी भी न सुनी और इलाज के लिए मना कर दिया। मुख्य पार्षद के लाख मिन्नत के बाद भी जब नर्सो ने इलाज करने से मना कर दिया तो स्थानीय ग्रामीण भड़क उठे और अस्पताल में हंगामा करने लगे। मामले को शांत कराते हुए ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने हस्तक्षेप किया और नर्सो को इलाज के लिए कहा। इस दौरान तकरीबन आधे घण्टे तक अस्पताल में हो हंगामा होने लगा। लोगों ने कहा कि जब कर्मी हड़ताल पर हैं तो फिर ये यहां किसलिए हैं और उन्होंने हाजिरी रजिस्टर पर अपना हाजिरी क्यों बनाया है। जब काम ही नही करेंगे तो वेतन लेने के लिए हाजिरी क्यों बना रहे हैं।अंततः आधे घण्टे के हो हंगामा के बाद बुजुर्ग का इलाज हुआ और उनके सर में टांके दिए गए। इन आधे घण्टे में बुजुर्ग के सिर से काफी मात्रा में खून का रिसाव हो गया जिससे काफी परेशानी हुई। जख्मी नगर के वार्ड 13 निवासी हवलदार महतो बताये जाते हैं। इधर अस्पताल कर्मियों द्वारा मुख्य पार्षद के साथ हुई बहस और इस बर्ताव को लेकर उन्होंने दोषी कर्मियों के खिलाफ डीएम और स्वास्थ्य मंत्री के पास शिकायत करने की बात कही है।

# शास्त्रीय संगीत की परंपरा हजारों वर्ष प्राचीन : डॉ. किरण कुमारी

आरा:भारतीय संगीत की परंपरा हजारों वर्ष प्राचीन है । इस परंपरा के संस्थापक स्वयं नटराज भगवान् शंकर हैं जिनके डमरू से निकली नाद ने संगीत का रूप धारण किया । इस परंपरा को विस्तृत करने वाले नटवर श्री कृष्ण ने तो कालिया के फन पर भी नृत्य से सृष्टि को आनंदित किया है। संगीत वो अमृत है जिसके रसपान से परम सुख की अनुभूति होती है। उक्त बातें कवियित्री डॉ. किरण कुमारी ने उद्घाटन करते हुए कही । अवसर था स्थानीय महाजन टोली स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में बक्शी कुलदीप नारायण कल्चरल सोसाइटी द्वारा आयोजित 111वां श्री कृष्ण जन्मोत्सव संगीत समारोह की तृतीय निशा का । चर्चित शास्त्रीय गायक उस्ताद निजामुद्दीन खां ने राग पुरिया धनाश्री में विलंबित ख्याल के साथ द्रुत ख्याल पयलिया झनकार मोरी झनन झनन बाजे झनकार व ठुमरी बातों बातों में बीत गयी रात प्रस्तुत कर दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया । वरिष्ठ तबला वादक राणा प्रताप सिन्हा ने स्वतंत्र तबला वादन में अजराड़ा घराने की खास बंदिशों को सुनाकर समां बाँधा। कथक नृत्यांगना हर्षिता विक्रम ने कथक नृत्य के प्रारंभ में श्री राम की वंदना, तीनताल में शुद्ध कथक व मीरा की कृष्ण भक्ति पर आधारित भाव प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। हरमोनियम पर श्रेया पांडेय व तबले पर सूरज कांत पांडेय ने संगत से रंग भरा । मंच संचालन रोहित कुमार व धन्यवाद ज्ञापन गुरु बक्शी विकास ने किया ।

# केंद्र सरकार देश में अंग्रेजी हुकूमत कायम कर गरीबों का कर रहीं शोषण : डॉ. अजय

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) केन्द्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कांग्रेस के वरीय नेता सह पूर्व सदस्य बिहार विधान परिषद डॉ. अजय सिंह ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों का शोषण कर रही है। जिसको लेकर देश में अराजकता की स्थिति बनती जा रही है।

जिस कारण लोगों का जीना दूभर होता जा रहा है। वही केन्द्र सरकार के अंग्रेजी हुकूमत के चलते कितने किसान आत्महत्या करने को विवश हो गए। लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी अब गरीबो का शोषण बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं विकास का चोला पहनकर विभिन्न राज्यों में भाजपा नीति राज्य सरकार आंकड़ों की बाजीगरी दिखाकर विकास का झूठा दावा कर रहे है। जिसे जनता भलीभांति जानती है। दूसरे तरफ देखा जाए तो कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष राहुल गांधी गरीबों का मसीहा बन उनके हक की लड़ाई के लिए केंद्र सरकार के विरुद्ध हर आवाज उठाने को तैयार है। वही भाजपा शासित राज्य गुजरात में राष्ट्रीय नेता के उपर जानलेवा हमला किया जा रहा है। यह कैसी राजनीति है। जबकि स्थानीय कौरव जलाशय योजना लोगों की चुनावी मुद्दा बन कर रह गया है। इस पर किसी का ध्यान नहीं है। दूसरी तरफ देखा जाएं तो मोदी सरकार देश के टॉप टेन उद्योगपतियों के हाथ की कठपुतली बन जीएसटी व टैक्स के नाम गरीबों का खुलेआम शोषण कर रही है। जो देश के आर्थिक स्थिति के लिए आने वाले समय शुभ संकेत नहीं है।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के जिला कार्यान्वयन समिति का किया गया बैठक

## उप विकास आयुक्त, भोजपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता




आरा :उप विकास आयुक्त, भोजपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कुल 879 आवेदको का आवेदन पत्र जिला कार्यान्वयन समिति के समक्ष रखा गया। उप विकास आयुक्त, भोजपुर द्वारा सभी आवेदनों का शत प्रतिशत स्थल निरीक्षण के उपरान्त ही आवेदन पत्र को जिला कार्यान्वयन समिति की बैठक में रखने हेतु निदेश दिया गया, तथा पी.एम. विश्वकर्मा योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का भी निदेश दिया गया।

विदित हो कि पी.एम. विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है इसके अंतर्गत परम्परागत कार्य करने वाले समुदाय के लोगों को हुनर निखारने का मौका दिया जाएगा साथ ही तकनीकी गुण सीखने में सहायता की जाएगी और उन्हें आर्थिक सहायता भी गवर्नमेंट प्रदान करेगी।


इस योजना का लाभ परंपरागत तरीके से काम करने वाले कुल 18 तरह के कारीगरी/शिल्पकारों जैसे की कारपेंटर, लोहार, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार इत्यादि को प्रशिक्षण के उपरांत रहने खाने के साथ-साथ दैनिक भत्ता के रूप में 500 रूपया एवं 15 हजार रुपए का टूलकीट, विश्वकर्मा आई.डी. कार्ड, एवं पाँच प्रतिशत के व्याज पर तीन लाख रुपए तक का ऋण प्रदान की जायेंगी। इस योजना का आवेदन पंचायत स्तर पर उरउ के माध्यम से किया जा रहा है।

बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, भोजपुर, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, नगर आयुक्त, भोजपुर के प्रतिनिधि, कार्यपालक पदाधिकारी, पिरो, कार्यपालक पदाधिकारी, काईलवर, श्रीमती पूनम कुशवाहा, डोमेन विशेषज्ञ, श्री हरेराम चन्द्रवंशी, डोमेन विशेषज्ञ कियान्वयन समिति के सदस्य उपस्थित थे

# बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की सभा बैठक संपन्न

पटनाःअखिल भारतीय गोस्वामी सभा - बिहार का , पटना स्थित बारकोश चाइनीस रेस्टोरेंट , गांधी मैदान, मे बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की सभा संपन्न हुई । उक्त सभा का सभापतितव श्री डाक्टर अशोक भारती जी के द्वारा किया गया , उक्त सभा में राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री प्रेम नारायण गिरि व राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सुबोध गिरि, राष्ट्रीय सचिव श्री राजेश पुरी, बिहार के युवाओं के धड़कन श्री कमलेश कांत गिरि जी, प्रभात पुरी जी, प्रोफेसर विधानचंद्र भारती जी, विजय भारती जी श्री रवि पुरि , श्री आनंद गिरि व अनेकों समाज बांधव सभा में उपस्थित थे , आज गोस्वामी समाज के उत्थान व आगामी दिनों परिचालना के लिए बिहार प्रदेश कमिटी का गठन , पटना में भवन निर्माण व कार्यालय का गठन आदि विषयों पर चर्चा हुई।व शपथ ग्रहण किया गया कि आगामी दिनों में पूरे बिहार में घूम घूम कर समाज को जागरूक व इकठा करने का कार्य किया जायेगा।

# धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी



चरपोखरीः भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड के सोनबरसा स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर तोताद्री मठ में धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया इस मौके पर मठिया को भव्य तरीके से रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया था देर शाम से शुरू हुआ यह जन्मोत्सव समारोह रात्रि के 12:00 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव तक चलता रहा इस दौरान लक्ष्मी नारायण मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे मठ के मठाधीश स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में मंदिर के प्रकांड विद्वानों की देखरेख में भव्य तरीके से भगवान नटखट गोपाल की पूजा अर्चना की गई वही इस मौके पर उपस्थित महिलाओं ने खूब सोहर गाया आज से शुरू हुआ यह महोत्सव भगवान श्रीकृष्ण के छठी हार तक चलेगा वही उनके जन्मोत्सव के उपरांत उपस्थित श्रद्धालु भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज ने कहा कि धरती पर अवतरित होकर भगवान श्री कृष्ण ने दुष्ट कंस का नाश किया एवं लोगों की रक्षा की इसलिए मानव में जन्म लेने के बाद इंसान को धार्मिक कार्य जरूर करने चाहिए क्योंकि इसके अनुकरण से पापों से इंसान को मुक्ति मिलती है इस मौके पर देर रात तक जन्माष्टमी की धूम मची रही और रात भर मठीया में भक्ति का माहौल कायम रहा मौके पर स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज अशोक जी महाराज अनंत पांडे वेंकटेश शर्मा रोहित कुमार वैदिक कुरेश अंकुश कुमार गोविंद कुमार समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे

# बाइक सवार ने मंदिर से वापस घर लौट रहे बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम
- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के पीरो चौक पर मंगलवार की दोपहर बाइक सवार ने मंदिर से वापस घर लौट रहे एक बुजुर्ग जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। वहीं घटना के बाद चालक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक पीरो थाना क्षेत्र के दुसाधी बाजार निवासी स्व. लाल मुनी सिंह के 60 वर्षीय पुत्र इंद्रमणि सिंह है एवं वह पेशे से किसान थे। इधर मृतक के भतीजे शिलाजीत यादव ने बताया कि जन्माष्टमी को लेकर पीरो बाजार स्थित मंदिर में पूजा का आयोजन चल रहा था। जिसे देखने के लिए वह वहां गए थे। वहां से प्रसाद खाने के बाद जब वापस घर लौट रहे थे। लौट के क्रम में जैसे ही वह पीरो चौक पर पहुंचे। तभी किसी बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद वहां के स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए पीरो अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन पीरो अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत को चिंताजनक देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात पर परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर पहुंची और का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में छोटे थे। उन्होंने ने शादी नहीं की थी और वह अपने भाई एवं भतीजे के साथ ही रहते थे। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बिजली चोरी में चार व्यक्तियों पर जुमार्ना सहित प्राथमिक दर्ज

बिक्रमगंज (रोहतास) गुप्त सूचना के आधार पर कनीय विद्युत अभियंता संझौली प्रमुदित रक्त पटेल के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चार पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-उदयपुर के उपभोक्ता का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर प्रहलाद चौधरी पर 33961, राजेश कुमार पर 63876 रुपए दंडित राशि लगायी गयी है। आगे बताते चलें की मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर पूनम देवी पर 2147 तथा रुपए राजस्व की क्षति लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजव की क्षति हो रही थी। बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर राहुल पटेल पर 9255 रुपए जुमार्ना लगाया गया है। कनीय विद्युत अभियंता, संझौली प्रमुदित रक्त पटेल के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह मे 57 लोगो पर विद्युत ऊर्जा की चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है, जिसमे कुल जुमार्ने की राशि 1756799 अधिरोपित है।

# बेलगाम कंटेनर ने बाइक सवार दुकानदार को रौंदा, मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर जिले के सहार थाना क्षेत्र के इनरूखी गांव के समीप बेलगाम कंटेनर ने बाइक सवार एक दुकानदार को रौंद दिया। हादसे से में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक कंटेनर लेकर मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी माहौल कायम हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव वार्ड नंबर 9 निवासी कृष्ण प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है। वह पेशे से दुकानदार था एवं पवना बाजार पर लिट्टी-समोसा का दुकान चलाता था। इधर मृतक के भाई मंजीत कुमार उर्फ धन्नू ने बताया कि उनकी पत्नी व बच्चे चार महीनो से सहार थाना क्षेत्र के खैरा गांव अपने मायके रह रहे थे। वह बाइक से पत्नी से मुलाकात करने के लिए अपने ससुराल खैरा गांव जा रहे थे। उसी बीच इनुरूखी गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही बेलगाम कंटेनर ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद आसपास के स्थानीय ग्रामीणों द्वारा फोन कर सूचना दी गई के तुम्हारे भाई का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके पश्चात परिजन ने इसकी सूचना सहार थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस फौरन घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में बड़ा था। उसके परिवार में देवांती देवी,पत्न ी नेहा देवी एक पुत्र पुसानी एवं एक पुत्री अनुष्का है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां देवांती देवी,पत्नी नेहा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

# आरा में ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के पश्चिम साइड स्थित ओवर ब्रिज के नीचे अप लाइन पर बुधवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव वार्ड नंबर एक निवासी विष्णु दयाल राम का 22 वर्षीय पुत्र कार्तिक मुसहर है एवं वह पेशे से मजदूर था। इधर मृतक के भाई विनोद ने बताया कि रविवार की सुबह वह सवारी गाड़ी से आरा रेलवे स्टेशन उतरा। वहां से वह सासाराम रेलवे ट्रैक होते हुए जगदेव नगर मजदूरी करने जा रहा था और वह कान से भी बहरा था। उसी दौरान वह पीछे से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसके साथ रहे उसके साथी द्वारा इसकी सूचना उसके परिजन को दी गई। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी गई। जिसके बाद सूचना पाकर आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव रेल थाना ले आई। उधर सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां पार्वती देवी, पत्नी उषा देवी,एक पुत्र मोल एवं एक पुत्री गोलकी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां पार्वती देवी,पत्नी उषा देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा जन सुराज का दामन

डेहरी (रोहतास) स्थानीय पाली रोड में डेहरी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह जन सुराज के नेता समीर कुमार की अध्यक्षता में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता जन सुराज पार्टी के दामन थाम लिया । जिसमे मुख्य रूप से विजय शंकर तिवारी, अनुज पांडेय, गणेश पांडेय, मो० नियाज, मो० कैफ, श्रवण कुमार, गणेश पांडेय, डॉक्टर अजय सिंह, काशी प्रजापति सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता जन सुराज की सदस्यता ग्रहण कर लिया । जन सुराज के नेता व डेहरी विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी समीर कुमार ने कहा कि बिहार में सत्ता परिवर्तन तो कई बार हुआ लेकिन अबकी बार व्यवस्था परिवर्तन के लिए लोग जन सुराज से जुड़ रहे हैं । बिहार की जनता आने वाले विधान सभा चुनाव में नेताओ के चेहरे को नही बल्कि अपने बच्चे के चेहरे और भविष्य को देख कर वोट करेंगे । जिससे बिहार में जनता की खुद की एक सुंदर व स्वच्छ सरकार होगी । समीर ने बताया की लोग जान सुराज को दिल से पसंद कर रहे है । अब लोगों को भी पता चल गया है की जन सुराज पार्टी ही विकल्प बचा है जिसे आने वाले चुनाव में अपना बहुमूल्य मत देकर राज्य में एक स्वच्छ सरकार बनायेंगे । यही कारण है की आज बीजेपी जैसे बड़े पार्टी के कार्यकर्ता भी जन सुराज की दामन थाम रहे है ।

# जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज में किया गया वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम

## मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मिना सिंह ने कहा कि बढ़ती जलवायु परितर्वन को देखते हुए प्रकृति की रक्षा करना अति आवश्यक

प्रात : किरण संवाददाता

आरा, आरा बिहिया रोड पर सिकन्दरपुर स्थित जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज में वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि स्वरूप पधारी श मीना सिंह, पूर्व विधान सभा पार्षद ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि आगामी 30 अगस्त को उनका जन्म दिवस है। इस अवसर पर आज वृक्षारोपण करने के लिए इस कॉलेज में आने का अवसर प्राप्त हुआ है। मीना सिंह ने बढ़ती जलवायु परितर्वन को देखते हुए प्रकृति की रक्षा करना अति आवश्यक बताया। प्रकृति ने हमें मुफ्त ऑक्सीजन उपलब्ध कराया है। हमारा भी कर्तव्य बनता है कि अपने और पूरे विश्व के कल्याण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगायें। वर्तमान जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से देशव्यापी ह्यएक पेड़ माँ के नामह्ल मुहिम चल रही है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतवासी से एक पेड़ लगाने की अपील की गई है। आज जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज द्वारा 100 वृक्षों का वृक्षारोपण किया जाना प्रकृति की रक्षा में श्रेयस्कर भागीदारी है। साथ ही जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर से सुदूर ग्रामीण इलाके में स्थापित इस अत्याधुनिक कॉलेज की पठन-पाठन और कार्य प्रणाली प्रशंसनीय है। यहां के युवक-युवतियों को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने में इस कॉलेज की भरपूर भागदारी रहना देशहित में एक अच्छा कदम है।

हेल्थ एण्ड एजुकेशनल सोसायटी के सचिव सह जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आदित्य बिजय जैन ने बताया कि सोसायटी के अन्तर्गत संचालित इस कॉलेज परिवार का पर्यावरण संरक्षण में सदैव अग्रणी भूमिका रहती है। पूर्व में भी कॉलेज परिसर में 1500 से अधिक पेड़ लगाये जा चुके हैं। कॉलेज परिसर में आगमी वर्षों में 5000 पेड़ लगाकर इस क्षेत्र को हरा-भरा करने का लक्ष्य है। आज यहां चंदन, महोगनी, पीपल, पाकड़, नीम, शीशम, आम, जामुन आदि जैसे वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया है।

निदेशक डॉ. सीपी जैन ने कॉलेज परिवार की ओर से मुख्य अतिथि महोदया को फुलों का गुच्छा प्रदान कर स्वागत किया और उपस्थित लोगों को जीवन में पेड़ों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आधुनिकिकरण के विकास के लिए पेड़ों की संख्या कम होना एक चिंतनीय विषय है। हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। यदि प्रत्येक नागरिक एक पेड़ लगाता है तो हम प्रकृति की रक्षा में एक अच्छी भागीदारी निभा सकेंगे। कॉलेज के छात्र-छात्रा अपने हाथों से वृक्षारोपण करके अत्यधिक आनंदित हैं साथ ही उत्साहित भी हैं। कई छात्रों ने भविष्य में भी अपने द्वारा वृक्षारोपण अवश्य करने की इच्छा जतायी है।

सिद्ध बिजय जैन ने बताया कि जिनवाणी मैनेजमेन्ट कॉलेज के एमबीए, बीबीए, बीसीए के छात्र-छात्राओं ने आज के इस कार्यक्रम के लिए अत्यधिक उत्साह के साथ तैयारियां की हैं। इन्होंने जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए इसे नियंत्रित करने में अपना योगदान देने का बीड़ा उठाया है। आज की युवा पीढ़ी के मन में ऐसी भावना जागृत होना एक अति महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में अशोक शर्मा, पुतुल, मृत्युंजय, अरिहन्त बिजय जैन, प्रो. नीरज, नन्दलाल यादव, ओम कुमार, सुमेश श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, अरूण मिश्रा, निशा भारती, राहुल आनन्द, राकेश कुमार, निष्मा प्रकाश, हिमान्शु, निकेश तिवारी, विक्की प्रजापति, उत्कर्ष कुमार, संस्कृति कुमारी, अनुष्का कुमारी, श्रेया कुमारी आदि उपस्थित थे।

# प्रशांत किशोर के आगमन को ले शहर गांव में बैठकें जारी

## आगमन की पूर्व संध्या पर आरा नगर में जन सुराजी निकालेंगे पदयात्रा

प्रात : किरण संवाददाता




आरा । जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के आगामी 2 सितंबर को भोजपुर जिला मुख्यालय आरा सहित अन्य जगहों पर आयोजित कार्यक्रम के तैयारी को लेकर स्थानीय अबरपुल मोहल्ला स्थित घुन्शिराम स्वर्णकार धर्मशाला सभागार में एक बैठक जन सुराजी चंद्रभानु गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में सभी लोगों ने प्रशांत किशोर जी का कोईलवर पुल के समीप जोरदार स्वागत का निर्णय लिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए आगमन की पूर्व संध्या 1 सितंबर को स्थानीय बड़ी मठिया मोड़ से शाम 3:00 बजे शहर के बाजार में एक पद यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। पदयात्रा अस्पताल रोड, शिवगंज, जेल रोड, गोपाली चौक, शीश महल चौक, बिचली रोड, नगर थाना चौक होते हुए जे पी स्मारक तक पहुंचेगा। पदयात्रा महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी करेंगे। बैठक में शामिल जिला पार्षद परिधि गुप्ता ने कहा अब बिहार और बिहारी की उपेक्षा मुश्किल होगा। जन सुराज एक विकल्प के रूप में उदित हो चुका है। वार्ड पार्षद जाकिर हुसैन ने कहा बिहार की जनता दल बादलों से ऊब चुकी है। प्रशांत किशोर के व्यवस्था परिवर्तन अभियान ने बिहार में नई उम्मीदें बढ़ाई है। वरीय अधिवक्ता देवेंद्र प्रसाद (पदयात्री) ने कहा कि जनता मानसिक और शारीरिक रूप से प्रशांत जी के स्वागत के लिए उत्साहित है। अन्य वक्ताओं में मुखिया मदन शाह, रविंद्र रजक, राजेश बिंद, पंचम तिवारी, धनजी सिंह, पंकज यादव, गोविंद जी, रामकिशोर सिंह, वार्ड पार्षद प्रयाग यादव, कमलेश तिवारी, पिंटू कश्यप और सज्जन कुमार आदि थे।

# नव नालंदा महाविहार नालंदा में गुरु पद्मसंभव पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ शुरू

## बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किया उदघाटन

● कई देश के बौद्ध विचारक हुए शामिल



प्रात : किरण संवाददाता

गया/पटना । नव नालंदा महाविहार, नालंदा में गुरु पद्मसंभव के जीवन और जीवंत विरासत की खोज पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी), नई दिल्ली द्वारा नव नालंदा महाविहार, नालंदा के सहयोग से नालंदा में बुधवार (28अगस्त,2024) को शुरू हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने डीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर लुम्बिनी विकास ट्रस्ट के उपाध्यक्ष आदरणीय खेंपो चिमेड और भूटान के केंद्रीय मठ निकाय के रॉयल भूटान मंदिर के सचिव/मुख्य भिक्षु परम आदरणीय खेंपो उग्येन नामग्याल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मौके पर राज्यपाल ने प्रोफेसर उमाशंकर व्यास द्वारा संपादित हिंदी-पाली शब्दकोश के आधिकारिक विमोचन की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बौद्ध धर्म के प्रसार में गुरु रिनपोछे के योगदान और वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सम्मेलन को महत्वपूर्ण बताया।उन्होंने कहा कि बुद्ध के बाद यह गुरु रिनपोछे ही हैं जिन्होंने बुद्ध धम्म के प्रचार-प्रसार में सबसे बड़ा योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमें जो दिया है, उसे हमें आगे ले जाना चाहिए। अहिंसा और शांति का संदेश पूरे विश्व में फैलाया जाना चाहिए और उनके सिद्धांतों का हमें प्रचार करना चाहिए। राज्यपाल ने यह भी उल्लेख किया कि बुद्ध और गुरु रिनपोछे दोनों ने निस्वार्थ तरीके से दूसरों के कल्याण के लिए सेवा की और हमें भी दूसरों की सेवा करने की इच्छा के साथ जीवन में ऐसा ही दृष्टिकोण रखना चाहिए।

महासचिव, आईबीसी ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद महानिदेशक आईबीसी और मुख्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। आईबीसी द्वारा पवित्र अवशेषों की थाईलैंड यात्रा को प्रदर्शित करते हुए एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई, जिसमें राज्यपाल ने भी भाग लिया था।

वहीं, आईबीसी के महासचिव ने वज्रयान परंपरा की स्थापना में गुरु रिनपोछे के योगदान की ओर ध्यान दिलाया।आईबीसी के महानिदेशक अभिजीत हलदर ने इस बात पर जोर दिया कि गुरु रिनपोछे करुणा, ज्ञान और परिवर्तनकारी शक्ति के व्यक्ति थे और ह्वउन्होंने मानव मन को सर्वोत्तम संभव तरीके से समझाह्व। वर्तमान समय में गुरु के बारे में बहुत कम जानकारी है और सम्मेलन ने एक दुर्लभ अवसर प्रस्तुत किया है जहां गुरु के जीवन और विरासत को मीडिया द्वारा कवर किया जाएगा, आईबीसी के महानिदेशक ने निष्कर्ष निकाला।

## सिपाही भर्ती परीक्षा मे 2966 के विरुद्ध 2209 परीक्षार्थी हुए शामिल



अरवल ।जिले के परीक्षा केन्द्रों यथा-फतेहपुर सण्डा महाविद्यालय अरवल, +2 उच्च विद्यालय उमैराबाद अरवल, जी.ए. उच्च विद्यालय अरवल, बालिका उच्च विद्यालय अरवल एवं एस.एस.एस.जी.एस. कॉलेज अखल पर केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के तहत बिहार पुलिस में सिपाही के रिक्त पदों पर चयन हेतु अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा पूर्णतः स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराया गया। परीक्षा में 2966 परीक्षार्थी के विरुद्ध 2209 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिला पदाधिकारी द्वारा दण्डाधिकारियों को बारंबार स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु कई माध्यमों से निदेश दिया गया। निदेशों के आलोक में परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी अपने कर्तव्य पर निष्ठापूर्वक तैनात रहे। फलस्वरूप किसी प्रकार की कदाचार की सूचना किसी भी केन्द्र से प्राप्त नहीं हुई है।

# कैसे संतोष करें कि संतोष स्नेही नहीं है : अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में दिवंगत युवा अधिवक्ता संतोष कुमार स्नेही की दसवीं पुन्य तिथि मनाई गई जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय और संचालन मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने किया। सर्वप्रथम उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि युवा अधिवक्ता दिवानी मामलों के अच्छे जानकार थे बड़े कर्तव्यनिष्ठ ईमानदारी से विधि व्यवसाय के प्रति समर्पित थे। उनका निधन जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के लिए अपूर्णीय क्षति थी। अधिवक्ता संतोष कुमार स्नेही के निधन के एक दशक हो गया परन्तु उनकी यादों उनके मित्रों व वरीय अधिवक्ताओं को आज भी नया नया लगता है विश्वास ही नहीं होता कि वे अब हमलोग के बीच नहीं हैं। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित थे पूर्व न्यायाधीश हरिहर प्रसाद सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व महासचिव नागेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार सिंह,अजय पांडेय, कमलेश कुमार सिंह, सियाराम पांडे, नवीन कुमार सिंह, सत्येन्द्र दुबे, विश्वेश्वर नाथ मिश्र,रामानुज शर्मा, अखिलेश पाठक, संजय कुमार सिन्हा, अशोक कुमार सिंह, देवानंद यादव, दिलीप कुमार सिंह,पवन कुमार सिंह, काली प्रसाद, गोविंद सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद, विजय कुमार पासवान, शशिभूषण,मो शब्बीर अंसारी, राकेश कुमार मुन्ना, विनय कुमार सिन्हा,मुगेश्वर विश्वकर्मा, श्रीनाथ प्रसाद, इरशाद आलम, उपेन्द्र कुमार भारती, राजकुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# पार्श्व गायक मुकेश कुमार की 48 वीं पुण्यतिथि आयोजित

● जिला कला एवं संस्कृति विभाग कलाकारों को मदद करेगी



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण संगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में भारत के महान पार्श्व गायक सदाबहार अभिनेता मुकेश चंद्र माथुर की 48 वीं पुण्यतिथि मुकेश की यादें कार्यक्रम के तहत मनाई गई। दानिका के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन संगीत शिक्षक मास्टर विकास कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज,विशिष्ट अतिथि राजीव रंजन सिंहा,जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी,अरविंद कुमार सिंह, कवि एवं लेखक शिव प्रसाद सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सर्वप्रथम मुकेश के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात,उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनके द्वारा गाए गए गीत मानवीय संवेदना को जगाने वाले होते हैं। मुख्य अतिथि तुम्हारा पप्पू राज ने संबोधन के क्रम में कहा कि औरंगाबाद जिला कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों के कल्याण के लिए कोष का निर्माण किया गया है। कलाकारों को किसी तरह की कोई समस्याएं हो तो वे जिला कार्यालय में अपनी समस्याओं कोका निदान करा सकते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रस्तुति में राजीव कुमार सिन्हा द्वारा एक दिन मिट जाएगा माटी का मोल,अरविंद कुमार द्वारा मेरी तमन्नाओं की जिंदगी संवार दो, मास्टर विकास द्वारा कभी-कभी मेरे दिल में ख्याल आता है,कंचन मिश्रा द्वारा फूल तुम्हें भेजा है खत में, पूनम मिश्रा द्वारा दुनिया बनाने वाले, अंजली सिंह द्वारा प्यार का एक नगमा है, शिवांगी सिंह ने किसी राह में, गायक अमित कुमार सिंह ने चल अकेला चल,गुनगुन कुमारी, सारिका सिंह,खुशबू कुमारी, निहारिका कुमारी पल्लवी कुमारी, प्रिंस कुमार,मनीष कुमार,धनंजय कुमार सहित अन्य कलाकारों में बेहतरीन प्रस्तुति दी।

# सूर्य मंदिर देव में सामुदायिक विकास फंड से लखा पत्थर लगाए जाने किया गया सम्मानित




प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के धार्मिक नगरी देव में विश्वविख्यात त्रेतायुगीन एक मात्र पश्चिमाभिमुखी सूर्य मंदिर देव में मंदिर प्रांगण में श्री सीमेंट फैक्ट्री के द्वारा संचालित श्री फाउंडेशन द्वारा कम्पनी सामुदायिक विकास फंड द्वारा श्रद्धालुओ की सुविधा को देखते हुये लखा पत्थर (ग्रेनाइट) सूर्य मंदिर परिसर में लगाने के लिये उपलब्ध करवाने पर बिहार विधान परिषद सभापति प्रतिनिधि सह भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने श्री सीमेंट फैक्ट्री के यूनिट हेड अनिल शर्मा एवं मैनेजमेंट इंचार्ज भरत सिंह राठौर को उनके कार्यालय में पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किये। श्री सिंह ने कहा कि देव एक ऐतिहासिक स्थल है, जिसे राज्य सरकार द्वारा पर्यटन स्थल घोषित किया है। साथ ही लोक आस्था के महापर्व कार्तिक एवं चैती छठ पूजा पर लाखों छठव्रती यहां भगवान सूर्य की पूजा करने आते है। यह मंदिर दुनिया का एक मात्र पश्चिमाभिमुखी मंदिर है। यहां देव में कई धार्मिक स्थल है। देव का पातालगंगा और रानी तालाब जैसे प्रमुख धरोहरों को लेकर भी चर्चा किया गया। लखा पत्थर (ग्रेनाइट) राजस्थान में ही पाये जाते है। यह ग्रेनाइट लगाये जाने से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी के मौसम में धूप से होने वाले गर्म पत्थर से निजात मिलेगी साथ ही मंदिर का आकर्षण भी बढ़ेगा। श्री फाउंडेशन द्वारा फिलहाल 1150 वर्गफुट में यह ग्रेनाइट लगाने का कार्य कराया जा रहा है। आलोक कुमार सिंह ने इस दौरान यूनिट हेड अनिल शर्मा जी से आग्रह किया कि शेष बचे भाग को भी इसी ग्रेनाइट से कार्य पूरा कराया जाये। श्री सीमेंट के द्वारा कार्तिक एवं चैती छठ महापर्व के अवसर पर जिला प्रशासन के सहयोग से छठव्रतियों के लिये आवासन और पेयजल आदि सुविधा उपलब्ध कराया जाता है।

# भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुआ सम्पन्न

## सदस्यता अभियान चलाए जाने पर हुआ विशेष चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। भारतीय जनता पार्टी की बैठक नगर अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता मे कठार मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक के प्रारंभ में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके तथा राष्ट्र गान के बाद बैठक की कार्यवाही आरंभ हुई। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में गया जिला भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता प्रभारी अनुज कुमार को ग्रामीण अध्यक्ष रवि सिंह ने अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। सदस्यता प्रभारी अनुज कुमार ने पार्टी का 2 सितंबर से मिस कॉल के जरिए सदस्य बनने एवं बनाने को लेकर विस्तार से कार्यकताओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा सदस्य बनने के लिए एक नंबर 8800002024 जारी किया गया है। इस नंबर पर कोई भी मिस कॉल करके भाजपा का सदस्य बन सकते हैं। उन्होंने कार्यकताओं कहां की टोली बनाकर घर-घर जाकर मोबाइल से लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएं। बैठक में अन्य लोगों अलावा अरुण चंद्रवंशी, सुशील कुमार गुप्ता, राधेश्याम सिंह, निक्कू कुमार, राजेश मालाकार, आनंद कुमार, सुरेश प्रसाद शाह, परमानंद मनी, नीतू शर्मा, माया देवी, गौरी शंकर प्रसाद, संतोष कुमार, गोविंद कुमार, राजीव कुमार गोयल, सनी कुमार, संजीव कुमार, अमरेश सिंह, अनुग्रह प्रसाद, अनुज सिंह, प्रमोद सिंह, जगत नारायण प्रसाद, इंद्रदेव सिंह, अजय कुमार पाठक, अनुज कुमार, भीम साव, रमेश सिंह, अवधेश स्वर्णकार, महेश सिंह, मनीष कुमार, अतुल सिंह, अभिषेक कुमार इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का गठन के लिए अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दी

प्रात : किरण संवाददाता



गया। जनता दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के जनप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राष्ट्रीय अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का गठन के लिए अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने आभार प्रकट किया है।संगठन में राष्ट्रीय अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का गठन करने वाले भारत के प्रथम राजनीतिक पार्टी जनता दल यू है। पहला राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को बनाया गया है। कुमार ने बुलो मंडल को शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दी।

राष्ट्रीय अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के गठन से केंद्रीय स्तर पर अति पिछड़ा के पहचान एवं राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की मांग को मजबूती मिलेगी। केंद्र में भी अतिपिछड़ा वर्ग के पृथक आरक्षण का मजबूती मिलेगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के गठन पर मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को आभार प्रकट करने वालों में इंद्र ठाकुर, शम्भू शर्मा, रामविलास शर्मा, विष्णुदेव प्रजापति, रणविजय ठाकुर, कुमारी ममता, सरस्वती देवी, नीरज कुमार राय, शत्रुघ्न दांगी,श्रवण केवट, अंजु देवी, जवाहरलाल, नरेश चौहान, राजकुमार अकेला, मो आरिफ हुसैन, अरविंद कुमार, विरेंद्र शर्मा, विद्यानंद प्रसाद, दयानंद विश्वकर्मा, मो इमरान अंसारी, वैजनाथ शर्मा, विवेक रौशन, सुरेश ठाकुर, जर्नादन दांगी, मंदीप प्रजापति, सुरेन्द्र सिंह चंद्रवंशी, राकेश दांगी, भरत चंद्रवंशी, हरेन्द्र दांगी, कैलाश सिंह चंद्रवंशी, शिवपूजन प्रसाद, मो शकील अंसारी, डा फिरोज अंसारी, प्रोफेसर आफताब आलम अतहर, सीमा गुप्ता व अन्य ने आभार प्रकट किया है।

# धनबाद से कोयम्बटूर के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू

## धनबाद के आस-पास के लोगों को दक्षिण भारत के लिए एक और सीधी ट्रेन की सुविधा

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। आगामी पर्व त्यौहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा कोडरमा - गया - डीडीयू - प्रयागराज छिवकी - जबलपुर - गोंदिया - विजयवाड़ा - पेरम्बूर (चेन्नई)-काटपाड़ी के रास्ते धनबाद और कोयंबत्तूर के मध्य एक स्पेशल ट्रेन 03325/03326 धनबाद - कोयंबत्तूर - धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल के परिचालन से धनबाद के आस-पास के लोगों को दक्षिण भारत खासकर विजयवाड़ा, चेन्नई, काटपाडी (वेल्लौर) एवं कोयंबत्तूर जैसे शहरों के लिए एक और सीधी ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी ।

यह स्पेशल धनबाद से 04.09.2024 से 01.01.2025 तक प्रत्येक बुधवार को तथा कोयंबत्तूर से 07.09.2024 से 04.01.2025 तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी ।

गाड़ी सं. 03325 धनबाद-कोयंबत्तूर एक्सप्रेस स्पेशल धनबाद से बुधवार को 10.10 बजे खुलकर 10.40 बजे नेसुब गोमो, 10.59 बजे पारसनाथ, 11.48 बजे कोडरमा, 13.25 बजे गया, 14.24 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 14.40 बजे डेहरी ऑन सोन, 14.54 बजे सासाराम, 15.35 बजे भभूआ रोड, 17.00 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए शुक्रवार को 12.30 बजे कोयंबत्तूर पहुंचेगी ।

वापसी में, गाड़ी सं. 03326 कोयंबत्तूर-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल कोयंबत्तूर से शनिवार को 12.55 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए सोमवार को 09.40 बजे डीडीयू, 10.48 बजे भभूआ रोड, 11.18 बजे सासाराम, 11.38 बजे डेहरी ऑन सोन, 11.58 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 13.00 बजे गया, 14.30 बजे कोडरमा, 15.38 बजे पारसनाथ एवं 16.10 बजे नेसुब गोमो रूकते हुए 17.10 बजे धनबाद पहुंचेगी ।

इस स्पेशल में द्वितीय एवं तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01-01 कोच, शयनयान श्रेणी के 13 कोच एवं साधारण श्रेणी के 07 कोच होंगे ।

# 6 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा11वीं संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

बोधगया।6 बिहार बटालियन एनसीसी गया द्वारा आयोजित 11वीं संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 27 अगस्त से 5 सितंबर 2024 तक बोधगया निगमा मोनिस्ट्री मे सफलतापूर्वक आयोजित किया गया है। शिविर में गया,औरंगाबाद, जहानाबाद,आरा,सासाराम, बिहारशरीफ,बक्सर,आदि विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के कैडेट्स शामिल हुए हैं।कैंप के पहले दिन कैंप कमांडेंट कर्नल पंकज कुमार कीर्ति चक्र ने ओपनिंग एड्रेस लिया है।इस मौके पर कैंप कमांडेंट पंकज कुमार कीर्ति चक्रने कैडेट्स को एनसीसी के लाभ,सफलता के मूल-मंत्र, फौज में भविष्य देखने की प्रेरणा दी और अपने आप को सक्षम बनाकर भविष्य के देश को अपने सुरक्षित हाथों में संभालने के लिए प्रोत्साहित किया।कैंप में होनेवाली गतिविधियों मैप रीडिंग, फायरिंग,ड्रील, युद्ध कला,आदि को अच्छी तरह से सीखने पर बल दिया गया है। इसके अलावा, कैडेटों के ज्ञान और उनके सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन कार्यक्रमों में सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता, वृक्षारोपण, अपशिष्ट प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा शामिल थे।वहीं गर्ल्स कैडेट नेहा ,खुशी,अर्चना,खुशबू, प्रीति ने बताया यह उनका पहला कैंप है और वे काफी उत्साहित हैं।वे राष्ट्र सेवा के लिए भारतीय सेना एवं पैरा मिलिट्री में भर्ती होना चाहती हैं।इस मौके पर सुबेदार मेजर अमलेंदु मंडल, सूबेदार सुंदर सिंह, प्रमोद कुमार, राकेश प्रसाद,नयाब सूबेदार अरविंद शर्मा,विक्रम सिंह,बीएचएम कानाराम,सीएचएम रंजय, अनंजय कुमार, राहुल, एनसीसी अधिकारी मीनू कुमारी,जीसीआई सुप्रिया रंजन,विरेन्द्र कुमार सिंह, शहाबुद्दीन,सहित अन्य मौजूद थे।

## सुविधा, डीएम ने सदर अस्पताल में सीटी स्कैन का किया शुभारंभ

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा सदर अस्पताल में मरीजों के बेहतर जाँच सुविधा हेतु सीटी स्कैन का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि सीटी स्कैन की मदद से शरीर के किसी भी हिस्से में हुई बीमारी यथा छाती, ब्रेन, हड्डी, फेफड़ा इत्यादि की जाँच अच्छे तरीके से किया जाता है, जिससे कि जटिल बीमारी का भी इलाज करने में सहायता मिलती है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था आज के समय की एक महत्वपूर्ण जरूरतों में से एक है, इसी के मद्देनजर सदर अस्पताल अरवल में मरीजों के बेहतर इलाज एवं स्वास्थ्य के लिए यह व्यवस्था की गई है। इससे बीमार व्यक्तियों को अपने इलाज में जाँच से संबंधित एक बेहतर सुविधा प्रदान होगी एवं उनके ठीक होने की संभावना में मदद मिलेगी। मरीजों द्वारा सीटी स्कैन के माध्यम से जाँच कराने पर पीएमसीएच के दर पर ही सरकारी शुल्क देय होगा। सीटी स्कैन द्वारा जाँच सुविधा मरीजों को 247 प्रदान किया जायेगा। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा अस्पताल में मौजूद मरीजों से प्रदान की जा रही सुविधाओं एवं इलाजों का भी जायजा लिया गया। मौके पर सिविल सर्जन, सदर अस्पताल उपाध्यक्ष, सदर अस्पताल प्रबंधक, डीपीएम के साथ अन्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में विद्युत न्यायालय संबंधित बैठक हुई

गया।14 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए आज स्पेशल विधुत न्यायालय, गया में प्रभारी विधुत न्यायालय सह अपर जिला सत्र न्यायाधीश विजय किशोर सिंह की अध्यक्षता एवम सचिव अरविंद कुमार दास के दिशानिर्देश में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई है। इस बैठक में प्रभारी जज साहब ने उपस्थित बिजली विभाग के अधिकारियों सें बिजली विभाग के न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य एवं विद्युत मामलों को दिनांक 2 सितम्बर से 13 सितम्बर के बीच प्रि-सिटिंग माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है।इस बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करेंगे एवं शासन द्वारा दी जाने वाली छूट का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे। साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने आमजनों से अपील की है विजली कोर्ट में लम्बित मामलों का कम्पाउंडिंग फी 2 सितम्बर से 13 सितम्बर तक जमाकर इस राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा उठाएं।इस मौके पर कार्यपालन अभियंता सोहेल अहमद,अनिल कुमार भारती, राजेश प्रसाद, राजेश कुमार,राजीव रंजन, चंदन प्रकाश, राहुल कुमार, रंजित कुमार, राकेश कुमार, रविशंकर कुमार एवम अन्य विद्युत विभाग के पदाधिकारीगण , विद्युत न्यायालय के कर्मचारी आशीष कुमार , प्रभात कुमार,अमित राज उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त भोजपुर विक्रम विरकर,का हुआ तबादला

प्रात : किरण संवाददाता

आराःविक्रम विरकर, भा०प्र०से० (2019), उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् भोजपुर, आरा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक नगर आयुक्त, मुजफ्फरपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है वही भोजपुर में नए उप विकास आयुक्त को डॉ0 अनुपमा सिंह, भा०प्र०से० (2020), अनुमण्डल पदाधिकारी, बगहा, पश्चिम चम्पारण, बेतिया को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, भोजपुर, आरा के पद पर पदस्थापित किया गया है

# मिश्रौल पंचायत में रामघाट तिरवा मैदान में फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन

गया ।चतरा के लोकप्रिय सांसद कालीचरण सिंह ने टंडवा प्रखंड के अंतर्गत मिश्रौल पंचायत में रामघाट तिरवा मैदान में फुटबॉल टूनार्मेंट का दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काटकर उद्घाटन किए हैं। इस मौके पर सांसद ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव क्षेत्रों में इस तरह के टूनामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई किया है। इस दौरान सिमरिया विधायक किशनू कुमार दास , चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री अमित साहू , चतरा भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिंह, जिला परिषद देवंती देवी , सुजीत भारती , जीतन राम, सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहें हैं।

# बड़हरा विधानसभा पूरे बिहार मे सदस्यता अभियान में नम्बर वन बनेगा: राघवेन्द्र प्रताप सिंह

## बखोरापुर में भाजपा बड़हरा मंडल सदस्यता अभियान कार्यशाला संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



आरा/बड़हरा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान के लिए सभी मंडलो मे कार्यशाला का आयोजन हो रहा है।बुधवार को बड़हरा मंडल के सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन शक्ति केन्द्र बखोरापुर के गायत्री होटल बखोरापुर में किया गया। इसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह संटू ने किया । बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्यशाला मे भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुरे बिहार में बड़हरा विधानसभा को सदस्यता अभियान में नम्बर वन बनना है । प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने अपने बुथ पर 200 सदस्य बनाना है इसके लिए गांव में टोली बना कर हर घर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होने कहा कि दो सितम्बर से भाजपा का सदस्यता अभियान की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदस्यता दिला कर की जाएगी।सभी बूथो पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है और हम इस लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगे। वहीं जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान अभियान का पहला चरण 25 सितम्बर तक चलेगा, जिसमे सभी नए,पुराने कार्यकर्ता मोबाइल, नमोएप्प, क्यूआर कोड और आँफलाईन फार्म भरकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। मंडल अध्यक्ष संतोष सहि संटु ने मोबाइल द्वारा 8800002024 नम्बर पर मिस्ड काँल कर सदस्यता प्राप्त करने की बात कही। कार्यशाला मे ई. धीरेन्द्र सिंह, रामाकांत सिंह अजित सिंह रूद्र प्रताप सिंह, शुभम्‌ पाण्डेय, संदीप सिंह, मिथलेश पासवान पालधारि सिंह, मंतोष सिंह, उग्रेश सिंह, रमेश सिंह, मनोज उपाध्याय, सतीश सिंह, राजेश दत्त तिवारी, उमेश सिंह , गोपाल तिवारी, आदित्य सिंह आदि, संजय सिंह मुखिया, राधेश्याम सिंह, राम सिंह, अंजय कुमार सरपंच, कृष्णा सिंह, एस पी सिंह, बंम बंम सिंह, अनिल प्रसाद, राजकुमार साह , मनोज सिंह, सतपाल सिंह, मंडल पदाधिकारी, मंडल कार्यसमिति सदस्य,तीन सदस्यीय मंडल सदस्यता टीम,शक्तिकेन्द्र पदाधिकारी,वरीय और सक्रिय कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

# ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम से युक्त होगा डीडीयू-गया-प्रधानखंटा रेलखंड

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर । पूर्व मध्य रेल के लगभग 417 किमी लंबे पंडित दीन दयाल उपाध्याय-गया- प्रधानखंटा रेलखंड को ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम से लैस किया जाना है जिसमें से लगभग 61.86 किलोमीटर रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम की कमीशनिंग की जा चुकी है । अनुग्रह नारायण रोड-पहलेजा (23 किमी) तथा मानपुर-गुरपा (38.86 किमी) रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग प्रणाली की कमीशनिंग की जा चुकी है और यह कार्य करना प्रारंभ कर दिया है । जबकि 23.63 किलोमीटर लंबे पंडित दीन दयाल उपाध्याय-सैयदराजा तथा 13.4 किलोमीटर लंबे पहलेजा-सासाराम रेलखंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम की कमीशनिंग सितंबर माह के अंत तक कर ली जाएगी । विदित हो कि अभी परंपरागत सिगनलिंग सिस्टम चल रहा है, जिसमें एक ब्लाक सेक्शन में ट्रेन के अगले स्टेशन पर पहुंच जाने के बाद ही पीछे वाली ट्रेन को आगे बढ़ने के लिए ग्रीन सिग्नल मिलता है जिससे खाली रेल लाइनों की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो पाता है।

ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के मध्य लगभग प्रत्येक एक किलोमीटर की दूरी पर सिगनल लगाए जाते हैं । सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहेंगी। अगर आगे वाले सिग्नल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाएगी जिससे जो ट्रेन जहां रहेंगी, वहीं रुक जाएंगी। ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से एक ही रूट पर लगभग एक किमी के अंतर पर एक के पीछे एक ट्रेनें चल सकेंगी। इससे रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ सकेगी। वहीं, कहीं भी खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यानी एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन आसानी से चल सकेगी। इसके साथ ही कंट्रोल रूम को ट्रेनों के सही लोकेशन की जानकारी मिलती रहेगी।




## रामा स्टील ट्यूब्स लिमिटेड में एफआईआई निवेशकों ने ली हिस्सेदारी

**इंदौर, एजेंसी।** रामा स्टील ट्यूब्स लिमिटेड (आरएसटीएल) (बीएसई- 539309, एनएसई-रामस्टील) लगभग पांच दशकों के अनुभव के साथ भारत में स्टील ट्यूब्स और पाइप्स और जी.आई.पाइप्स के क्षेत्र में अग्रणी और अग्रणी निर्माता है। एनएसई पर उपलब्ध थोक सौदा डेटा के अनुसार, एबिसु ग्लोबल ओपर्च्युनिटीज फंड लिमिटेड और मिनर्वा वेंचर्स फंड ने रामा स्टील ट्यूब्स लिमिटेड में हिस्सेदारी ली है। दोनों फंड अन्य उल्लेखनीय कंपनियों में हिस्सेदारी रखते हैं। हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की कि उसके बोर्ड ने प्रस्तावित नाम रामा डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रक्षा संबंधी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के निगमन को मंजूरी दी। भारत में शामिल होने वाली प्रस्तावित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रक्षा क्षेत्र के क्षेत्र में कारोबार करेगी। इससे पहले कंपनी ने घोषणा की थी कि वह अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी लेपाक्षी ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से अनंतपुर, आंध्र प्रदेश में विनिर्माण क्षमता बढ़ाकर घरेलू स्टील की मजबूत मांग का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से अच्छी स्थिति में है। कंपनी रियल एस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऑटोमोबाइल जैसे प्रमुख स्टील उपभोग क्षेत्रों से मजबूत घरेलू स्टील की मांग का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से अच्छी स्थिति में है। बढ़ी हुई घरेलू मांग और कम सामग्री की कीमतों से उद्योग को सकारात्मक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हमारे आसपास बहुत सारे पुल, बिल्डिंग और पाइपलाइन होते हैं। इन सबको बनाने के लिए स्टील के पाइप का इस्तेमाल किया जाता है। ये पाइप बहुत मजबूत होते हैं और इनकी मदद से ही बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो पाती हैं।हमारा देश बहुत तेजी से विकसित हो रहा है। नए-नए शहर बन रहे हैं, सड़कें बन रही हैं, और बहुत सारे निर्माण कार्य हो रहे हैं। इन सबके लिए स्टील के पाइप की जरूरत होती है।अब स्टील के पाइप पहले से ज्यादा मजबूत और टिकाऊ बनने लगे हैं। इनमें नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे ये जंग भी नहीं लगते।सरकार भी देश में विकास के लिए बहुत काम कर रही है।

## ऑयल ऑफ मालाबार रायगढ़ में भी उपलब्ध

**रायगढ़ ।** उत्तरी केरल का मालाबार क्षेत्र नारियल की खेती के लिए जाना जाता है, क्योंकि अनुकूल जलवायु के चलते यहां गर्मी नमी और अच्छी बारिश होती है, जिससे नारियल की खेती के लिए यह स्थान एकदम सही है। आपको बता दें कि बेहतर नारियल तेल के लिए अच्छे नारियल बहुत ज़रूरी हैं और उत्तरी मालाबार प्रीमियम ग्रेड के नारियल के उत्पादन के लिए जाना जाता है, यही वजह है कि ऑयल ऑफ मालाबार ब्रांड अपने उत्पाद के लिए लगभग 10 प्रतिशत नारियल तेल मालाबार से लेता है, ताकि अच्छे नारियल तेल का निर्माण किया जा सके। ऑयल ऑफ मालाबार रायगढ़ सहित मध्य प्रदेश में भी उपलब्ध हैं। कम ही लोगों को पता होगा कि मालाबार तट पर सदियों से नारियल के पेड़ों की खेती की जा रही है, ऐतिहासिक प्रमाण बताते हैं कि हज़ारों सालों से नारियल के पेड़ इस क्षेत्र की मुख्य फसल थे और यह नारियल के व्यापार का भी प्रमुख केंद्र था। ऑयल अरब सागर के साथ मालाबार तट की महत्वपूर्ण स्थिति के कारण यहां अरब और यूरोपीय व्यापारियों के साथ नारियल का व्यापार किया जाता था। उत्तरी मालाबार में नारियल की अच्छी किस्में उगाई जाती हैंए यहां की जलवायु, भरपूर बारिश और अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी के कारण नारियल में तेल की मात्रा भी अधिक होती है और उनका स्वाद भी बेहतर होता है।

# सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने एक नया रिचार्ज प्लान किया है लॉन्च

## 397 रुपये वाले इस प्लान की वैलिडिटी 150 दिनों की, 4जी डेटा और मुफ्त कॉलिंग

### मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो के लिए बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने एक नया रिचार्ज प्लान लॉन्च किया है। इसकी कीमत सिर्फ 397 रुपये है। इसकी वैलिडिटी 150 दिनों की है। यह प्लान 4त्त डेटा और मुफ्त कॉलिंग के साथ आता है। इस प्लान को मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो के लिए बड़ी चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है। बीएसएनएल का यह कदम निजी दूरसंचार कंपनियों की ओर से टैरिफ बढ़ोतरी के बाद आया है। इसके कारण बड़ी संख्या में यूजर बीएसएनएल का रुख कर रहे हैं। बीएसएनएल देशभर में अपनी 4जी सेवाओं को शुरू करने की तैयारी में है। कंपनी ने प्रमुख शहरों और टेलीकॉम सर्किलों में 25,000 से ज्यादा नए 4जी टावर स्थापित किए हैं। सरकार ने बीएसएनएल को मजबूत बनाने के लिए इस साल के बजट में 83,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह इसके नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बीएसएनएल के इस नए प्लान को उन लोगों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है जो अपना दूसरा सिम इस्तेमाल करते हैं। यह प्लान न केवल लंबी वैधता प्रदान करता है बल्कि काफी डेटा और मुफ्त कॉल भी देता है। इस प्लान में पहले 30 दिनों के लिए किसी भी नंबर पर असीमित मुफ्त कॉलिंग की सुविधा है। इसके बाद यूजरों को बाकी 150 दिनों के लिए मुफ्त इनकमिंग कॉल का आनंद मिल सकता है। इसके अलावा इसमें पहले महीने के लिए प्रतिदिन 2त्तक्क डेटा का अलाउंस शामिल है। इसके बाद 40 द्मड्डश्चह्य की स्पीड से असीमित डेटा मिलता है। यह प्लान रिलायंस जियो जैसी दिग्गज कंपनियों को चुनौती दे सकता है।

बीएसएनएल का मानना है कि यह प्लान उन लोगों को आकर्षित करेगा जो एक किफायती और भरोसेमंद प्लान की तलाश में हैं। बीएसएनएल के इस कदम से टेलीकॉम बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ने की उम्मीद है। सरकारी टेलीकॉम कंपनी की ओर से उठाया गया यह कदम टेलीकॉम बाजार की गतिशीलता में बड़ा बदलाव ला सकता है। यह प्लान बीएसएनएल के बड़े 4जी रोलआउट में एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है।

### एमटीएनएल के साथ डील को दिया अंतमि रूप

इसी बीच, बीएसएनएल के रणनीतिक साझेदार महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड ने दिल्ली और मुंबई में 4जी सेवाओं को शुरू करने के लिए बीएसएनएल के साथ एक दशक लंबी डील को अंतिम रूप दे दिया है। इस समझौते का उद्देश्य एमटीएनएल की नेटवर्क सेवाओं को बढ़ावा देना है, जो अपने यूजरों को बेहतर 4जी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। दोनों ऑपरेटरों की ओर से 4जी क्षेत्र में प्रवेश करने में देरी के बाद यह बड़ी प्रगति है।

बीएसएनएल जैसे-जैसे इस किफायती और मजबूत प्लान के साथ आगे बढ़ रही है, यह न केवल जियो, एयरटेल और वीआइ जैसी दिग्गज कंपनियों को टक्कर दे रही है, बल्कि संभावित रूप से टेलीकॉम बाजार की गतिशीलता को भी नया रूप दे रही है।

## 206 रुपये आईपीओ में शेयर का दाम, पहले ही दिन 300 रुपये के पार पहुंच गए शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आइटी सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली कंपनी ओरिएंट टेक्नोलॉजीज की शेयर बाजार में जबरदस्त शुरुआत हुई है। ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर दमदार लिस्टिंग के बाद 300 रुपये के पार पहुंच गए हैं। आईपीओ में ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर का दाम 206 रुपये था। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई दोनों एक्सचेंज में लिस्ट हुए हैं। ओरिएंट टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 21 अगस्त 2024 को दांव लगाने के लिए खुला था और यह 23 अगस्त तक ओपन रहा।

आईपीओ में ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर का दाम 206 रुपये था। ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर बुधवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 40.7 पर्सेंट के प्रीमियम के साथ 290 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। लिस्टिंग के ठीक बाद कंपनी के शेयर बीएसई में 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 304.45 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, एनएसई में ओरिएंट टेक्नोलॉजीज के शेयर 39.81 पर्सेंट के प्रीमियम के साथ 288 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। बेहतरीन लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयर एनएसई में 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 302.40 रुपये पर पहुंच गए हैं।

# सस्ता हुआ सोना-चांदी

## सर्राफा बाजार में सोना 550 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज सोना 0.16 फीसदी गिरकर 72,010 रुपए प्रति 10 ग्राम पर और चांदी भी 0.36 फीसदी फिसली है, ये 85,349 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर कर रही है। स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 550 रुपए की तेजी के साथ 74,350 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने का भाव 73,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत भी 1,200 रुपए के उछाल के साथ 88,200 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 87,000 रुपए प्रति किलोग्राम था। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 550 रुपए के उछाल के साथ 74,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। व्यापारियों ने बताया कि घरेलू बाजार में स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मांग में तेजी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है। 'कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को दिल्ली में सर्राफा बाजार बंद रहे थे। एशियाई कारोबारी घंटों



में सोना 11.30 डॉलर प्रति औंस की गिरावट के साथ 2,543.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों के अपेक्षा से बेहतर रहने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेजी के कारण मंगलवार को सोने में मामूली गिरावट आई।

# भारत में सिटी बसाने की तैयारी में ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन

## तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की सरकार ने ऑफर की जमीन

### दक्षिणी राज्य फॉक्सकॉन से अलग-अलग मॉडल की मांग कर रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फॉक्सकॉन ठेके पर इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। ऐपल के लिए आईफोन बनाने वाली ताइवान की इस कंपनी ने अपनी होम कंट्री और चीन में फॉक्सकॉन सिटी बनाई है। अब वह भारत में भी इसी तरह का शहर बनाना चाहती है। उसे जमीन देने के लिए दक्षिण के तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में होड़ मची है। तेलंगाना सरकार ने कंपनी को 2,000 एकड़ जमीन की पेशकश की है। सूत्रों के मुताबिक कम से कम दो और राज्यों ने भी फॉक्सकॉन को जमीन ऑफर की है। आंध्र प्रदेश ने कंपनी को औद्योगिक पार्क बनाने के लिए 2,500 एकड़ और कर्नाटक ने तीन सौ एकड़ जमीन की पेशकश की गई है।

हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि राज्य सरकारों ने कंपनी को किस जगह जमीन की पेशकश की है। तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री डी श्रीधर बाबू ने ईटी को बताया कि हाल ही में राज्या के मुख्यमंत्री ने फॉक्सकॉन के चेयरमैन से मुलाकात की थी। उन्होंने फॉक्सकॉन सिटी स्थापित करने में गहरी रुचि दिखाई। इसके जवाब में हमारी सरकार ने करीब 2,000 एकड़ जमीन की पेशकश की है। प्रस्ताव के मुताबिक कंपनी अपनी जरूरत के मुताबिक जमीन का विकास करेंगे। मुमकिन है कि कंपनी अपने सप्लायर्स को भी जमीन का




कुछ हिस्सा दे सकती है। इसमें ताइवान, चीन या अमेरिका की कंपनियां शामिल हो सकती हैं।

### कई राज्य होड़ में

बाबू ने कहा कि फॉक्सकॉन ने संकेत दिया है कि उनकी एक टीम भूमि का आकलन करने के लिए इस सप्ताह तेलंगाना का दौरा करेगी। तमिलनाडु में चेन्नई के करीब श्रीपेरंबदूर में कंपनी की इंडस्ट्रियल हाउसिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर 17 अगस्त को फॉक्सकॉन के प्रेसिडेंट यंग लियू ने बताया कि उनकी कंपनी चेन्नई के पास एक औद्योगिक टाउनशिप बनाने की सोच रही है। अब अन्य दक्षिणी राज्य भी ताइवान की प्रमुख कंपनी से इसी तरह की पहल की मांग कर रहे हैं। बाबू ने कहा कि हमने फॉक्सकॉन को टियर 2 और टियर 3 शहरों में भी विकल्प तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि अगर कंपनी हैदराबाद के पास किसी टियर 2 शहर में जमीन का चयन करने का फैसला करती है, तो हम इस प्रक्रिया को आसानी से पूरा कर सकेंगे। फॉक्सकॉन ने इस बारे में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। सूत्रों ने बताया कि दक्षिण के दूसरे राज्यों और फॉक्सकॉन के बीच बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक फॉक्सकॉन को एक सप्लायर पार्क बनाने के लिए लगभग 300 एकड़ जमीन की पेशकश कर रहा है। अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। लेकिन इस फैसिलिटी को बनाने के लिए कंपनी के साथ बातचीत चल रही है। चेयरमैन लियू की भारत यात्रा के दौरान भी इस पर चर्चा हुई थी।

दक्षिणी राज्य फॉक्सकॉन से अलग-अलग मॉडल की मांग कर रहे हैं। तमिलनाडु में लियू ने स्पष्ट किया था कि कंपनी की योजना एक टाउनशिप या औद्योगिक पार्क बनाने की है जहां मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी और कामगारों के लिए आवास एक ही परिसर में होंगे। अभी कंपनी की फैसिलिटी श्रीपेरंबदूर में है जहां वह आईफोन बनाती है। लियू ने संकेत दिया कि कंपनी भारत में स्मार्टफोन असेंबली से आगे बढ़कर आईसीटी, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी जैसे क्षेत्रों के लिए प्रॉडक्ट्स बनाएगी। कंपनी की श्री सिटी, आंध्र प्रदेश में एक यूनिट है। साथ ही कंपनी कर्नाटक में भी एक फैसिलिटी बना रही है जिसमें मुख्य रूप से आईफोन बनाया जाएगा।

# एप्पल के भारत में विस्तार से पैदा होंगे 6 लाख रोजगार, 70 फीसद महिलाओं को फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एप्पल के चीन से हाथ खींचकर भारत में प्रोडक्शन और बिजनेस बढ़ाने से यहां बड़ी संख्या में रोजगार सृजन होने की उम्मीद है। एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अपने प्रोडक्ट्स का दायरा बढ़ाने से एप्पल छह लाख से ज्यादा रोजगारों का सृजन कर सकती है, जिसमें से करीब 70 फीसदी रोजगार महिलाओं को मिलने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष के अंत तक, एप्पल लगभग दो लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा करेगी। रिपोर्ट में दिए गए सरकारी अनुमानों के अनुसार हर एक प्रत्यक्ष रोजगार से आमतौर पर कम से कम तीन अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होते हैं। इस गणना से कुल पांच से छह लाख नए रोजगारों के अवसर पैदा होने की संभावना है।

ऐसे संकेत हैं कि एप्पल अपनी आगामी आईफोन 16 सीरीज के हाई-एंड प्रो और प्रो मैक्स मॉडल को पहली बार भारत में असेंबल करने की योजना बना रही है। यह उत्पादन कथित तौर पर एप्पल के साझेदार, फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप के माध्यम से तमिलनाडु में उनके श्रीपेरंबुदूर संयंत्र में किया जाएगा। ब्लूमबर्ग न्यूज के अनुसार कंपनी ने तमिलनाडु स्थित अपने कारखाने में हजारों कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। गौरतलब है कि कैलिफोर्निया स्थित एप्पल एप्पल ने आधिकारिक तौर पर इट्स ग्लोटाइम टैगलाइन के साथ नौ सितंबर को एक आयोजन की घोषणा की है। उद्योग पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि इस आयोजन के दौरान चार नए आईफोन 16 मॉडल को लॉन्च किया जाएगा। ब्लूमबर्ग के मार्क गुरमन ने हाल ही में शेयर किया कि ऐप्पल एम 4 चिप से लैस अपने पहले मैक के डेवलपमेंट में तेजी ला रहा है, जिसे शुरू में लेटेस्ट आईपैड प्रो के साथ पेश किया गया था। आगामी लाइनअप में मैकबुक प्रो, मैक मिनी और आईमैक के लेटेस्ट वर्जन शामिल होने की उम्मीद है, ये सभी एम 4 चिप से लैस रहेंगे।

# क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने मक्का एवं सोयाबीन के लिए उन्नत कीटनाशक प्रोक्लेम एक्स्ट्रा लॉन्च किया

**भोपाल।** अग्रणी एग्रोकेमिकल कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने विशेष रूप से मक्का एवं सोयाबीन के लिए तैयार अपना नवीनतम कीटनाशक प्रोक्लेम एक्स्ट्रा लॉन्च किया है। प्रोक्लेम एक्स्ट्रा को इस तरह से तैयार किया गया है, जिससे यह सभी तरह के सुंडी से सुरक्षा प्रदान करता है, विशेष रूप से स्पोडोप्टेरा ह्यश्चश्च. जैसे फॉल आर्मी कीटो। इससे लंबी अवधि तक फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और किसानों को फसल चक्र के दौरान अपनी उपज को बढ़ाने में मदद मिलती है। इस इनोवेटिव समाधान से फसलों की अच्छी सेहत एवं उनकी बेहतर उत्पादकता सुनिश्चित की जाती है, जिससे किसानों की सफलता एवं सतत समृद्धि में योगदान मिलता है।

प्रोक्लेम एक्स्ट्रा एक स्पर्श , अंतर्प्रवाही एवं ट्रांसलेमिनार क्रियाशील कीटनाशक है। यह ईसी फॉर्मूलेशन है, जो फसलों पर लगने वाले सुंडी कीटों की बड़ी रेंज से बचाता है। इसे प्रयोग करते हुए सुंडी से फसलों को होने वाला नुकसान रुक जाता है। यह तेजी से एवं लंबी अवधि तक सुरक्षा प्रदान करता है। यह कीटों में होने वाले विकास रूपांतरण




(मेटामॉर्फोसिस) को रोकता है, और कीट की विकास शैली को बाधित कर नुक्सान की रोकथाम करता है । किसानों को सोयाबीन की फसल लगाने के 30 से 60 दिन और 60 से 90 दिन के चरण में प्रोक्लेम एक्स्ट्रा का प्रयोग करना चाहिए। मक्का की फसल में बुआई के 11 से 25 दिन और 26 से 60 दिन के चरण में इसका छिड़काव करना चाहिए। दो छिड़काव के बीच 15 दिन का अंतर सुनिश्चित करना चाहिए। इसके प्रभाव को और बढ़ाने के लिए हम लगातार किसानों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे वे इसका सही एवं सुरक्षित प्रयोग कर सकें।

इस लॉन्चिंग के मौके पर क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अंकुर अग्रवाल ने कहा, 'क्रिस्टल का मिशन किसानों के साथ मिलकर काम करना और उनके लाभ को बढ़ाना है। फसलों की सुरक्षा की प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देना हमारी रणनीति के केंद्र में है और प्रोक्लेम एक्स्ट्रा इसी के अनुरूप है। इस कीटनाशक से न केवल कई तरह के कैटरपिलर्स नियंत्रित होते हैं, बल्कि इससे सोयाबीन एवं मक्का किसानों को उपज बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। प्रोक्लेम एक्स्ट्रा खेती को सभी के लिए लाभकारी बनाने के हमारे प्रयासों का परिणाम है। क्रिस्टल की इनोवेटिव आरएंडडी के साथ हम भारतीय किसानों के लिए सतत कृषि समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं और प्रोक्लेम एक्स्ट्रा हमारे इसी प्रयास का सफल परिणाम है।

क्रिस्टल उत्पाद श्रंखला में प्रोक्लेम एक्स्ट्रा को शामिल करते हुए हम रोमांचित हैं, जो फसल सुरक्षा के मामले में गेम चेंजर है। इसे कृषि के लाभ एवं पर्यावरण अनुकूलता को बढ़ाने के लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है। यह अनूठा फॉर्मूलेशन प्रभावी तरीके से कैटरपिलर्स को निशाना बनाता है और सोयाबीन एवं मक्का किसानों के लिए बेहतर उपज सुनिश्चित करता है। प्रोक्लेम एक्स्ट्रा भारतीय किसानों को सशक्त करने वाले इनोवेटिव सॉल्यूशन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।'


इस उत्पाद के प्रभाव के बारे में समझाते हुए क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड के पोर्टफोलियो हेड इंसेक्टिसाइड श्री प्रवीण गौर ने कहा, 'हम प्रोक्लेम एक्स्ट्रा को पेश करते हुए उत्साहित हैं। यह ऐसा कीटनाशक है, जो कृषि में पेस्ट मैनेजमेंट को नए सिरे से परिभाषित करेगा। एक ईसी फॉर्मूलेशन के रूप में तैयार प्रोक्लेम एक्स्ट्रा की अनूठी कॉन्टैक्ट, सिस्टमिक एवं ट्रांसलेमिनार कार्यशैली की मदद से कैटरपिलर्स के विरुद्ध व्यापक सुरक्षा मिलती है। कीटों के विकास को रोकते हुए प्रोक्लेम एक्स्ट्रा न केवल फसलों को होने वाला नुकसान रोकता है, बल्कि स्थायी प्रभाव भी सुनिश्चित होता है। यह कीट के तीन बेहद नुक्सानदेह अवस्थाएं ,अंडा, लार्वा और वयस्क, पर नियंत्रण करता है

# उदयपुर जिंक सिटी में होने वाली वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन के लिए रजिस्टेअ्शन शुरू

### 29 सितंबर को पहली वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन की हिंदुस्तान जिंक करेगा मेजबानी

**उदयपुर एजेंसी।** कुपोषण से बचाव के संदेश के साथ हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन उदयपुर में 29 सितंबर को आयोजित करेगा। एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन और डिस्टेंस रेस के आधिकारिक सदस्य के रूप मेंए इस आयोजन को एआईएमएस प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह वैश्विक स्तर पर सूचीबद्ध मैराथन हैए जो वैश्विक मंच पर इसके महत्व को बढ़ाता है।

वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन का मुख्य आकर्षण इसका लुभावना मार्ग होगा जो अरावली पर्वतमाला के मध्य स्थित फतेह सागर झील के चारों ओर है। प्रतिभागी उदयपुर की समृद्ध विरासत के साथ रूबरू होगें जिसमें महाराणा प्रताप स्मारक जैसे प्रतिष्ठित स्मारकोंए सहेलियों की बाड़ी और नीमच माता मंदिर पहाड़ी से गुजरेगा। हाफ मैराथन 21 किलोमीटरए कूल रन 10 किलोमीटरए और ड्रीम रन 5 किलोमीटर की होगी। यह आयोजन दुनिया भर के पेशेवर और शौकिया धावकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।




जिंक सिटी उदयपुर अपनी पहली मैराथन की मेजबानी कर रहा है। यह कार्यक्रम शरद ऋतु के आगमन के साथ पोषण माह में होगा जो कि सरकार के कुपोषण मिटाने के अभियान में हिन्दुस्तान ज़िंक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगाए साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी बच्चा भूखा न सोए।

इसमें भाग लेने वाले धावक न केवल उदयपुर के इतिहास का हिस्सा बनेंगेए बल्कि जरूरतमंद लोगों को पौष्टिकए जिंक युक्त भोजन उपलब्ध कराने में भी सीधे योगदान देंगे। वेदांता जिंक सिटी हाफ मैराथन शारीरिक और मानसिक कल्याण दोनों पर जोर देते हुए स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। यह आयोजन सामाजिक और सामुदायिक नेटवर्किंग के लिए उत्प्रेरक के रूप में तैयार किया गया हैए जो कल्याण के लिए साझा प्रतिबद्धता में विविध पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करता है। निवारक स्वास्थ्य देखभाल के महत्व के बारे में तेजी से जागरूक दुनिया मेंए विशेष रूप से महामारी के बाद के युग मेंए यह मैराथन एक स्वस्थए फिट और जिंक युक्त जीवन शैली को बढ़ावा देने वाला अग्रणी मंच होगा।



## जहीर खान लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटॉर नियुक्त



**कोलकाता, एजेंसी।** भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान को बुधवार को कोलकाता में आरपीएसजी ग्रुप मुख्यालय में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) का मेंटॉर नियुक्त किया गया ।

एलएसजी फ्रेंचाइजी के मालिक आरपीएसजी ग्रुप ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आपकी सारी अटकलें यहीं खत्म होती हैं! रिवर्स स्विंग के बादशाह, भारतीय दिग्गज #जहीरखान ने लखनऊ टीम के मेंटॉर के रूप में कार्यभार संभाला।

आईपीएल 2023 के बाद गौतम गंभीर के बाहर होने के बाद जहीर एलएसजी में खाली हुई मेंटॉर की भूमिका निभाएंगे। गंभीर बाद में इस साल कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर बने और उन्हें चेन्नई में अपना तीसरा आईपीएल खिताब दिलाया। जुलाई में, वह राहुल द्रविड़ के बाद भारत के पुरुष टीम के मुख्य कोच बने। 45 वर्षीय जहीर एलएसजी के कोचिंग सेट-अप में शामिल हुए, जिसमें जस्टिन लैंगर मुख्य कोच थे, साथ ही लांस क्लूजनर और एडम वोजेस सहायक कोच थे। मोर्ने मोर्कल के भारतीय टीम में वही पद संभालने के बाद से टीम के पास अभी तक कोई गेंदबाजी कोच नहीं है। एक खिलाड़ी के रूप में, जहीर ने मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 मैच खेले और 7.58 की इकॉनमी रेट से 102 विकेट लिए।

विभिन्न रिपोर्टों में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत की 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य जहीर फ्रेंचाइजी के प्रतिभा विकास कार्यक्रम प्रमुख भी होंगे, हालांकि इस पर आधिकारिक बयान आना बाकी है। वह पहले 2018 से 2022 तक मुंबई इंडियंस (एमआई) फ्रेंचाइजी से जुड़े थे, जहां उन्होंने पहले क्रिकेट के निदेशक और फिर वैश्विक विकास के प्रमुख के रूप में कार्य किया।

आईपीएल 2023 और 2024 सीज़न में पूर्व तेज गेंदबाज डिजिटल ब्रॉडकास्टर्स जियोसिनेमा की कमेंट्री टीम के सदस्य बने।

एलएसजी को 2022 में संजीव गोयनका ने 7090 करोड़ रुपये में खरीदा था और इसका घरेलू मैदान लखनऊ के बीआरएसएबीवी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में है। दो बार एलिमिनेटर मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा से बाहर होने से पहले, टीम आईपीएल 2022 और 2023 सीज़न में प्लेऑफ़ में पहुंची। नकारात्मक नेट रन रेट (एनआरआर) के कारण एलएसजी आईपीएल 2024 में प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गया, जिसके कारण वे अंक तालिका में सातवें स्थान पर रहे।

## धवन के बाद दिनेश कार्तिक भी खेलेंगे लीजेंड्स लीग, इतनी तारीख को होगी शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिखर धवन के लीजेंड्स लीग क्रिकेट के आगामी सीजन में शामिल होने की घोषणा के एक दिन बाद, भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इसमें शामिल हो गए हैं। कार्तिक ने इस साल जून में इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीज़न की समाप्ति के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने कैश-रिच लीग में अपने अंतिम कार्यकाल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया। मध्य क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते कार्तिक कमेंटेटर के तौर पर भी असाधारण काम कर रहे हैं। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने एलएलसी में शामिल होने के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और कहा कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलना निश्चित रूप से एक ऐसी चीज है जिसका मैं अपनी सेवानिवृत्ति के बाद इंतजार कर रहा हूं। मैं मानसिक और शारीरिक रूप से इस कार्य के लिए तैयार हूं और खेलने के लिए उत्सुक हूं। क्रिकेट का वह ब्रांड जिसका मैंने हमेशा आनंद लिया है। मुझे उम्मीद है कि मैं एक बार फिर मैदान पर आपका मनोरंजन करूंगा। दिनेश कार्तिक ने तीनों प्रारूपों के 180 मैचों में एक टेस्ट शतक और 17 अर्धशतकों के साथ 3,463 रन बनाए। उन्होंने विकेट के पीछे 172 शिकार भी किए। आईपीएल के 257 मैचों में वह 4,842 रन बनाने में सफल रहे। कार्तिक ने 17 साल में आईपीएल की 6 फ्रेंचाइजी के लिए खेला।

# विराट कोहली ने जय शाह को आईसीसी का नया चेयरमैन चुने जाने पर बधाई दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली ने जय शाह को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। मंगलवार को, शाह, जो वर्तमान में बीसीसीआई सचिव हैं, को निर्विरोध आईसीसी के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया और उन्होंने इस भूमिका में ग्रेग बार्कले की जगह ली।

वह 1 दिसंबर को सबसे कम उम्र के आईसीसी अध्यक्ष के रूप में अपना तीन साल का कार्यकाल शुरू करेंगे। जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर के बाद शाह आईसीसी में शीर्ष पद पर रहने वाले पांचवें भारतीय हैं। कोहली ने एक्स पर एक बधाई पोस्ट में लिखा, आईसीसी चेयरमैन चुने जाने पर जय शाह को बहुत-बहुत बधाई। आपको आगे बड़ी सफलता की शुभकामनाएं।

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली, जिन्होंने 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, ने भी एक्स के माध्यम से शाह



को बधाई दी। जय शाह को आईसीसी अध्यक्ष के रूप में उनकी नई भूमिका के लिए बधाई.. उनकी आगे की शानदार यात्रा के लिए शुभकामनाएं।

भारत की पूर्व महिला कप्तान मिताली राज ने एक्स पर लिखा, सबसे कम उम्र के आईसीसी चेयरमैन चुने जाने पर जय शाह सर को बधाई। क्रिकेट के वैश्विक विस्तार के लिए आपका दृष्टिकोण और खेल को अधिक समावेशी बनाने पर ध्यान निस्संदेह खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। आपके प्रभाव को विश्व क्रिकेट के भविष्य को आकार देते देखने के लिए उत्सुक हूँ! शाह ने 2009 में गुजरात में अपने क्रिकेट प्रशासन करियर की शुरुआत की और अक्टूबर 2019 से बीसीसीआई सचिव बन गए, इस पद को वह आईसीसी चेयरमैनशिप लेने के लिए छोड़ देंगे। वह आईसीसी की वित्त और वाणियिक मामलों की समिति के प्रमुख का पद भी छोड़ देंगे। शाह ने 2021 से 2024 तक एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

भारत के तेज़ गेंदबाज़ी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने एक्स पर कहा, बधाई हो जय शाह भाई! खेल के प्रति आपका जुनून इसे अगले स्तर तक ले जाना सुनिश्चित करेगा। आपको ढेर सारी शुभकामनाएँ!

भारत के पुरुष विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन ने एक्स पर लिखा, सबसे कम उम्र के आईसीसी चेयरमैन चुने जाने पर जय शाह भाई को बधाई! आपकी अविश्वसनीय दूरदृष्टि और नेतृत्व कौशल क्रिकेट को नई वैश्विक ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। आपके मंगलमय होने की कामना!

भारत के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने एक्स पर टिप्पणी की, बहुत-बहुत बधाई जय शाह सर। मुझे यकीन है कि आप अपने दृष्टिकोण से क्रिकेट को नई ऊंचाइयों और नए क्षेत्रों में ले जाएंगे।

## दुनिया के पूर्व नंबर 1 टी20 बल्लेबाज David Malan ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 में दुनिया के पूर्व नंबर 1 बल्लेबाज इंग्लैंड क्रिकेट के प्रमुख क्रिकेटर डेविड मालन ने बुधवार (28 अगस्त) को विभिन्न प्रारूपों में 100 से अधिक खेलों में अपने शानदार करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। मालन ने जून 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20आई में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कार्डिफ में इंग्लैंड के लिए अपनी पहली पारी में 44 गेंदों पर 78 रन बनाए जिसमें 12 चौके और दो छक्के शामिल थे। उन्होंने 62 टी20आई में थ्री लायंस का प्रतिनिधित्व किया जिसमें 103 नाबाद के उचतम स्कोर के साथ 1892 रन बनाए। एक ही श्रृंखला में अपना



टी20आई और टेस्ट डेब्यू करने के बाद मालन को इंग्लैंड के लिए अपना पहला वनडे खेलने के लिए लगभग दो साल इंतजार करना पड़ा। आक्रामक शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने राष्ट्रीय टीम के लिए 30 50 ओवर के मैच खेले, जिसमें 55.76 की औसत और 97.44 की स्ट्राइक रेट से 1450 रन बनाए। उन्होंने जून 2022 और सितंबर 2023 के बीच 15 पारियों के अंतराल में पांच शतक बनाए। इस बीच मालन के करियर का सर्वोच बिंदु सितंबर 2020 में आया जब वह टी20आई क्रिकेट के लिए आईसीसी की बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए और अगले मार्च में वह सिर्फ 24 पारियों में इस प्रारूप में 1000 रन तक पहुंचने वाले सबसे तेज पुरुष खिलाड़ी बन गए। वह 2022 में ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड की विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा थे। लेकिन खब्बू बल्लेबाज कमर की चोट के कारण नॉकआउट चरणों से चूक गए।

## चोट से वापसी करना सबसे बड़ी चुनौती थी: टॉड मर्फी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर टॉड मर्फी गर्मियों में चोट और फॉर्म में गिरावट से जूझने के बाद नाथन लियोन के असली उत्तराधिकारी के रूप में अपना दर्जा दोबारा हासिल करने के मिशन पर हैं।

अपने अंतराष्ट्रीय करियर की आशाजनक शुरुआत के बाद, जिसमें उन्हें विराट कोहली और बेन स्टोक्स जैसे महान क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए देखा गया, 23 वर्षीय ऑफ स्पिनर को अपने करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण सीज़न का सामना करना पड़ा। हालाँकि, मर्फी वापसी करने और ऑस्ट्रेलिया के अगले शीर्ष स्पिनर के रूप में अपनी जगह फिर से पक्की करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मर्फी ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के भारत और यूनाइटेड किंगडम के कठिन टेस्ट दौरों के दौरान लियोन के साथ खेला था। अनुभवी ऑफ स्पिनर के चोट के कारण बाहर हो जाने के बाद लियोन के स्थान पर कदम रखते हुए, मर्फी ने तत्काल प्रभाव डाला और विश्व स्तरीय बल्लेबाजों के खिलाफ कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में विकेट लिए।

हालाँकि, 2023-24 का घरेलू सीज़न एक अलग कहानी साबित हुआ। मर्फी ने शेफ़ील्ड शील्ड अभियान में देश की सबसे रोमांचक युवा प्रतिभाओं में से एक के रूप में प्रवेश किया, लेकिन लगातार दाहिने कंधे की चोट से



जूझने के कारण उनकी फॉर्म प्रभावित हुई। चोट ने उन्हें पूरे सीज़न में परेशान किया, जिससे उनकी प्रभावशीलता सीमित हो गई और वे निराश हो गए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में असमर्थ हो गए।

मर्फी ने कहा, मुझे लगता है कि यह शायद सबसे बड़ी चुनौती थी।मैंने इसे ऐसे तैयार किया जैसे यह मेरे लिए काफी महत्वपूर्ण गर्मियां होने वाली थीं, और मैं वास्तव में इसके (उनके टेस्ट प्रदर्शन) बाद अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था। फिर दुर्भाग्य से यह उस तरह से नहीं खेला।

दुर्भाग्य से यह उस तरह से नहीं हुआ। यह पूरे रास्ते चुनौतीपूर्ण था, और मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा हूं। लेकिन मुझे लगता है कि यह उन (अनुभवों) में से एक था जिसे आप पीछे मुड़कर देखते हैं और आप इसमें से कुछ निकालिए। मैंने अपने बारे में कुछ चीजें सीखीं और यह भी कि मैं आगे चलकर खेलों के बारे में कैसे सोचूंगा।

38 की औसत से 17 विकेट लेने में कामयाब होने के बावजूद, मर्फी को पता था कि वह उस गेंदबाज से बहुत दूर थे जिसने अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावित किया था। उनके कंधे का दर्द लगातार बना रहा, जिससे उनका आत्मविश्वास प्रभावित हुआ और उनका सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करना मुश्किल हो गया।

पिछले सीज़न में मर्फी का संघर्ष एक कठिन सीखने का अनुभव रहा है, उनका मानना है कि यह उन्हें लंबे समय में एक बेहतर क्रिकेटर बनाएगा। उन्होंने कहा, यह पूरे रास्ते चुनौतीपूर्ण था और मुझे कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा हूं।लेकिन मुझे लगता है कि यह उन (अनुभवों) में से एक था जिसे आप पीछे मुड़कर देखते हैं और आप उसमें से कुछ सीखते हैं।

## रोहित, कोहली, बुमराह को अछी तरह से आराम दिया गया है, उन्हें दलीप ट्रॉफी के लिए चुना जा सकता था: मांजरेकर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने सुझाव दिया है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह को दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के लिए चुना जाना चाहिए था, क्योंकि ये तिकड़ी अछी तरह से आराम पाने वाले खिलाड़ी हैं। दलीप ट्रॉफी में 5 सितंबर को बेंगलुरु और अनंतपुर में भारत के घरेलू सत्र के पहले दौर में कई टेस्ट टीम के नियमित खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट का प्रारूप भी बदल दिया गया है - जोनल प्रारूप ने चार टीमों के लिए रास्ता बना दिया है - भारत ए, इंडिया बी, इंडिया सी और इंडिया डी जिन्हें अजीत अगरकर के नेतृत्व वाली चयन समिति द्वारा चुना गया।

लेकिन भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित, कोहली, बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के साथ दलीप ट्रॉफी के पहले दौर का हिस्सा नहीं होंगे। मांजरेकर ने एक्स पर कहा, भारत ने पिछले 5 वर्षों में 249 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। रोहित ने उनमें से केवल 59 प्रतिशत ही खेले हैं. विराट 61 प्रतिशत और बुमराह 34 प्रतिशत। मैं उन्हें भारत के विश्राम प्राप्त खिलाड़ियों के रूप में देखता हूं। उन्हें दलीप ट्रॉफी के लिए चुना जा सकता था।

मंगलवार को, बीसीसीआई ने घोषणा की कि रवींद्र जडेजा को बिना कोई कारण बताए भागीदारी से मुक्त कर दिया गया है, जबकि मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक हाल की बीमारी से उबरने के कारण इसमें शामिल नहीं होंगे, उनके स्थान पर नवदीप सैनी और गौरव यादव को नामित किया गया है। दलीप ट्रॉफी यह पहचानने में महत्वपूर्ण होगी कि



भारत किन मुख्य खिलाड़ियों पर भरोसा करेगा और व्यस्त टेस्ट कैलेंडर में उनकी तैयारी क्या रहेगी, जहां विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह तय की जानी बाकी है।

भारत अपने घरेलू सत्र की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के साथ करेगा, जो 19 सितंबर को चेन्नई में शुरू होगी, उसके बाद 27 सितंबर को कानपुर में टेस्ट शुरू होगा। इसके बाद बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट होंगे। इसके बाद भारतीय टीम 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली बेहद महत्वपूर्ण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए रवाना होगी।



### जय शाह की आईसीसी में एंट्री, बनाया गया उन्हें नया चेयरमैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह को आईसीसी का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वह निर्विरोध आईसीसी के नए चेयरमैन बने हैं। उनका कार्यकाल 1 दिसंबर 2024 से शुरू होगा। जय शाह से पहले भारत के जगमोहन डलमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर आईसीसी के अध्यक्ष रह चुके हैं।

## हॉकी इंडिया ने किया 18 सदस्यीय पुरुष टीम का एलान, इन्हें मिला गोलकीपिंग का जिम्मा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आठ से 17 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने बुधवार को 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे।

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना प्रभाव छोड़ने के लिए तैयार है। आठ से 17 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए हॉकी इंडिया ने बुधवार को 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे।

कृष्ण बहादुर पाठक बने मुख्य गोलकीपर



भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश के संन्यास के बाद आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कृष्ण बहादुर पाठक को भारतीय हॉकी टीम का मुख्य गोलकीपर बनाया गया है। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया था। पेरिस ओलंपिक में भारत के स्टैंडबाय गोलकीपर रहे पाठक अब मुख्य गोलकीपर होंगे, जबकि सूरज करकेरा रिजर्व गोलकीपर रहेंगे।

अनुभवी मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को उपकप्तान बनाया गया है। नियमित उपकप्तान हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, शमशेर सिंह और गुरजंत सिंह को आराम दिया गया है। भारत के उदीयमान ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह जूनियर के लिए भी यह सुनहरा मौका होगा। वह प्रो लीग में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं। अराइजीत सिंह हुंडल टीम में तीसरे ड्रैग फ्लिकर होंगे। डिफेंस का जिम्मा जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित पर होगा। वहीं मिडफील्ड में राजकुमार पाल, नीलाकांत शर्मा, मनप्रीत सिंह और मोहम्मद राहील होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में अभिषेक, सुखजीत सिंह, हुंडल, जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह और गुरजोत सिंह रहेंगे।

### चीन के खिलाफ मैच से अभियान की शुरुआत करेगा भारत

पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता टीम के 10 सदस्य इस टीम में हैं। भारतीय टीम आठ सितंबर को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद जापान (नौ सितंबर), मलेशिया (11 सितंबर), कोरिया (12 सितंबर) और पाकिस्तान (14 सितंबर) से खेलना है। सेमीफाइनल 16 सितंबर को और फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा।

## मिल गया पीआर श्रीजेश का उत्तराधिकारी ! एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय हॉकी टीम में पाठक होंगे गोलकीपर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीआर श्रीजेश के संन्यास के बाद आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कृशन बहादुर पाठक को हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली 18 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम का मुख्य गोलकीपर बनाया गया है। भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट आठ से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी को अलविदा कह दिया था। पेरिस ओलंपिक में भारत के स्टैंडबाय गोलकीपर रहे पाठक अब मुख्य गोलकीपर होंगे जबकि सूरज करकेरा रिजर्व गोलकीपर रहेंगे।

### विवेक सागर प्रसाद बने उपकप्तान



अनुभवी मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को उपकप्तान बनाया गया है। नियमित उपकप्तान हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, शमशेर सिंह और गुरजंत सिंह को आराम दिया गया है। भारत के उदीयमान ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह जूनियर के लिए भी यह सुनहरा मौका होगा। वह प्रो लीग में अपनी प्रतिभा की बानगी दे चुके हैं। अराइजीत सिंह हुंडल टीम में तीसरे ड्रैग फ्लिकर होंगे। डिफेंस का जिम्मा जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित पर होगा। वहीं मिडफील्ड में राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा, मनप्रीत सिंह और मोहम्मद राहील होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में अभिषेक, सुखजीत सिंह, हुंडल, जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह और गुरजोत सिंह रहेंगे।

## गुजरात टाइटन्स के स्टार तेज गेंदबाज ने गर्लफ्रेंड सारा पेथरिक से सगाई, देखें तस्वीरें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन ने अपनी गर्लफ्रेंड सारा पेथरिक से सगाई की आधिकारिक घोषणा कर दी है। आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के लिए खेलने वाले जॉनसन ने सोशल मीडिया पर इस खुशखबरी को साझा किया जिसमें जोड़े के खास पलों को कैद करने वाली तस्वीरों की एक श्रृंखला पोस्ट की गई। जॉनसन ने सगाई को सार्वजनिक करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया। उन्होंने सारा के साथ कुछ दिल को छू लेने वाली तस्वीरें साझा कीं। इस पोस्ट को 7,600 से अधिक लाइक मिले हैं जिसमें सारा गर्व से अपनी नई सगाई की अंगूठी दिखाती हुई दिखाई दे रही हैं। जोड़े ने पोस्ट को केवल मंगेतर शब्द के साथ कैप्शन दिया, जो एक-दूसरे के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रशंसकों और फैंस ने कमेंट्स में बधाई



जोड़े को बधाई दी।

स्पेंसर जॉनसन और सारा पेथरिक की रिलेशनशिप टाइमलाइन जॉनसन और सारा का रिश्ता एक लंबी और सहायक यात्रा रही है। वे कई सालों से साथ हैं, अक्सर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पुरस्कार समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते देखे जाते हैं। साराह द हंड्रेड 2024 के दौरान स्पेंसर का उत्साहवर्धन करने के लिए यूके में भी मौजूद थीं जो उनके क्रिकेट करियर के लिए उनके अटूट समर्थन को दर्शाता है।

साराह को न केवल जॉनसन की पार्टनर के रूप में जाना जाता है बल्कि उनकी अपनी पेशेवर उपलब्धियां भी हैं। वह दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में आर्किटेक्चरल डिजाइन फर्म विलियम्स बर्टन लियोपार्डी के लिए काम करती हैं, जहां वह तीन साल से अधिक समय से कार्यरत हैं। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय से स्नातक सारा ने जॉनसन की क्रिकेट यात्रा के उतार-चढ़ाव के दौरान उनका समर्थन करते हुए अपने करियर को संतुलित किया है जिसमें चोटों से उनकी रिकवरी भी शामिल है।

# प्रवासी कार्यकर्ताओं का अनुभव हरियाणा में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में करेगा मदद: नायब सैनी


**चंडीगढ़, एजेंसी।** रोहतक के भाजपा प्रदेश कार्यालय ''मंगल कमल'' में पड़ौसी राज्यों से आए प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ता हमारी सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा हरियाणा में हैट्रिक लगाने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव में तीसरी बार कांग्रेस का सफाया करेंगे। दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से आए प्रवासी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि आप सभी लोग अनुभवी हैं, चुनाव लड़ने और चुनाव लड़ाने का अनुभव हैं। उन्होंने कहा आप सभी समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और अनुभव से तीसरी बार हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रवासी कार्यकर्ताओं की इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नायब सैनी ने कहा कि पहले भी चुनाव के दौरान भाजपा



के सभी चुनाव में सहयोग करने आए प्रवासी कार्यकर्ताओं, नेताओं, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों का कार्य सराहनीय और प्रशंसनीय रहा है। हरियाणा के इस चुनावी समर में आप लोगों का योगदान भी काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अंदर दूसरे राज्यों से आए प्रवासी काफी संख्या में रहते हैं। हरियाणा ऐसा राज्य है जहां प्रवासी भाईयों का पूरा मान और सम्मान होता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आप लोग प्रवासी लोगों से मिलें और उन्हें पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं तथा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता, साल के हर दिन, चौबीसों घंटे देश की सेवा करता है। अब चुनाव में समय कम बचा है, इसलिए सभी लोगों को नई ऊर्जा, नए जोश के साथ काम करना है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रवासी कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन कर सुशासन स्थापित किया है। हरियाणा में युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जहां किसानों की 100 प्रतिशत फसल को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी भाजपा सरकार ने दी है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों के हित में अनेकों योजना बनाकर उनका मजबूती से विकास किया है और सशक्त बनाया हैं। श्री सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग चुनाव के दौरान अलग-अलग स्थानों पर जाएंगे, इसलिए पार्टी की नीतियों से भी लोगों को जोड़ने का काम करें। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देशभर में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी कम समय में अनेकों जनहित के निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ऐसे सीएम हैं जिनके घर के दरवाजें लोगों के लिए 24 घंटे खुले रहते हैं। मुख्यमंत्री की कार्यशैली से लोग प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रवासी कार्यकर्ता और पदाधिकारी तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का सामूहिक प्रयास करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान कराएं। प्रवासी कार्यकर्ताओं का चुनाव प्रचार का अनुभव अवश्य ही भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने में काम आएगा। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रवासी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद की भावना के साथ चुनाव के दौरान कार्य किया है।

## संक्षिप्त समाचार



### पत्नी से माफी मांगी, पासवर्ड और बैंक डिटेल भी बताए, फिर नोएडा में 15वीं मंजिल से नीचे कूद गया इंजीनियर

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी के 15वीं मंजिल पर बने फ्लैट की बालकनी से कूदकर आईटी इंजीनियर ने मंगलवार को जान दे दी। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या का कारण जानने के लिए सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृतक के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि पंचशील प्रतिष्ठा सोसाइटी के टावर संख्या आठ के फ्लैट नंबर 1508 में 36 वर्षीय पंकज पत्नी और बच्चे के साथ रहते थे। मंगलवार शाम 3 बजे के करीब 15वीं मंजिल से कूदकर पंकज ने आत्महत्या कर ली। किसी के गिरने की आवाज सुनकर सोसाइटी के सिक्योरिटी गार्ड भागकर घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक पंकज की मौत हो चुकी थी। पंकज सेक्टर-126 स्थित एक कंपनी में आईटी इंजीनियर थे। पुलिस सोसाइटी के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल रही है। जिस समय हादसा हुआ पंकज की पत्नी जालंधर गई हुई थीं। पत्नी को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। वह नोएडा के लिए निकल चुकी हैं। बताया जा रहा है कि मैसेज और मेल के माध्यम से पंकज ने घटना के पहले पत्नी से संवाद भी किया था। मेल में पंकज ने अपने लैपटॉप समेत पासवर्ड और बैंक संबंधी जानकारी पत्नी को दी है। आत्महत्या के लिए इंजीनियर ने पत्नी से माफी भी मांगी है। जिस स्थान पर आईटी इंजीनियर ऊंचाई से गिरा वहां चारों तरफ खून फैला हुआ था। इस मामले में मृतक पक्ष की ओर से अब तक संबंधित थाने में कोई शिकायत भी नहीं दी गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पंकज बीते कुछ दिनों से डिप्रेशन की दवा भी ले रहे थे। वह मूलरूप से पंजाब जालंधर के रहने वाले थे।

### इन्फ्लुएंसर्स पर मेहरबान योगी सरकार; योजनाओं के प्रचार वाले ट्वीट, रील



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने यूपी डिजिटल मीडिया नीति 2024 का ऐलान कर दिया। योगी सरकार की नीति एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यू-ट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अच्छा-खासा फॉलोअर रखने वाले इन्फ्लुएंसर्स पर मेहरबान है। सोशल मीडिया के इन्फलुएंसर यूपी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों का गुणगान और बखान करके हर महीने 2 से 8 लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं। सरकार ने इसके लिए फॉलोअर या सब्सक्राइबर संख्या के आधार पर इन्फ्लुएंसर्स की चार श्रेणियां (कैटेगरी) बनाई है। इन्हें सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने पर प्रति माह अलग-अलग निर्धारित रेट पर भुगतान की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव संजय प्रसाद ने एक बयान में कहा है कि यूपी डिजिटल मीडिया पॉलिसी 2024 के जारी होने से देश-विदेश में रह रहे यूपी के लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार का मौका भी मिलेगा। इस नीति का फायदा उठाने के लिए एजेंसी या इन्फ्लुएंसर्स को सरकार के पास रजिस्टर करना होगा जिसके बाद उन्हें विज्ञापन जारी होंगे। सरकार का मकसद है कि डिजिटल मीडिया के जरिए विकास और जन कल्याण की योजनाओं के साथ-साथ उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। यूपी डिजिटल मीडिया नीति 2024 के तहत एजेंसी या इन्फ्लुएंसर्स को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर कंटेंट, वीडियो, ट्वीट, पोस्ट और रील्स बनाने हैं जिसके लिए उन्हें नकद भुगतान के जरिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

## आनंद मोहन ने दी राजस्थान बीजेपी में गुटबाजी को हवा



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान बीजेपी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ का कथित अपमान का मुद्दा गर्माया हुआ है। अब बिहार के नेता आनंद मोहन ने राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा का मुद्दा उठाकर गुटूबाजी को हवा दे दी है। बता दें हाल ही में प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने राठौड़ के प्रति नाराजगी जाहिर की थी। उसके बाद से ही राठौड़ समर्थकों में गुस्सा है। अब बिहार के नेता आनंद मोहन ने राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा का उल्लेख कर गुटबाजी को हवा दे दी है।

दरअसल, राजधानी जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी की जयंती समारोह को संबोधित करते हुए आनंद मोहन ने कहा कि राजेंद्र राठौड़ को राज्यसभा भेजना चाहिए। कहां- ऐरे-गैरे को राज्यसभा भेजने के बजाए.. सही आदमी को सम्मान मिले। आनंद मोहन ने इशारों में केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को राज्यसभा बनाने का किया विरोध किया है। खास बात यह है कि जब आनंद मोहन की बात का राजेंद्र राठौड़ ने मुस्कराकर सहमति जता दी। उसी समय राजेंद्र राठौड़ के बगल में डिप्टी सीएम दिया कुमारी भी मौजूद थी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में राज्यसभा की एक मात्र सीट के लिए बीजेपी ने रवनीत सिंह बिट्ट को उम्मीदवार बनाया है। बिट्टू राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए है।

हालांकि बिहार के दिग्गज नेता आनंद मोहन ने इसका विरोध किया है। उन्होंने आयोजन में राजस्थान में बीजेपी के हालातों पर चर्चा करते हुए कहा कि राजेंद्र राठौड़ की उपेक्षा ठीक नहीं है। आनंद मोहन का अब इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में हुई बीजेपी के सदस्यता अभियान की बैठक में कई सीनियर नेता, मंत्री और विधायक गायब रहे तो राजस्थान बीजेपी के प्रभारी राधा मोहनदास अग्रवाल ने क्लास ले ली। अग्रवाल ने सबसे अधिक क्लास वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ की लगाई। राठौड़ बैठक में आए लेकिन बीच में ही चले गए। अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ से कहा कि वो पूछे राठौड़ बैठक छोड़कर क्यों गए। चेतावनी भी दी कि उनकी नजर सब पर है किसी को बख्शेंगे नहीं। अग्रवाल का चेतावनी वाला वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। अग्रवाल के बयान से राजेंद्र राठौड़ के समर्थक भड़क गए।

## गुरुग्राम में रहने वालों के लिए राहत की खबर, 34 कॉलोनियों में घरों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनें हटेंगी

**गुरुग्राम एजेंसी।**
गुरुग्राम के सोहना, बादशाहपुर, पटौदी और फर्रुखनगर में विकसित 34 कॉलोनियों में घरों के ऊपर या पास से निकल रही 11केवीए क्षमता की हाईटेंशन केबल को हटाया जाएगा। इनमें से 16 कॉलोनियों में हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित करने का काम आवंटित किया जा चुका है, जो कार्य अक्टूबर माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

चुनाव आचार संहिता हटने के बाद 18 कॉलोनियों में हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित करने की मंजूरी लेने के बाद उन्हें हटाया जाएगा। यह फैसला हाईटेंशन केबल के चलते हो रहे हादसों के मद्देनजर लिया है। डीएचबीवीएन से मिली जानकारी के मुताबिक खोरी खुर्द के सरकारी स्कूल के पास से 750 मीटर, गांव जौरासी में 700 मीटर, गांव सराय में 700 मीटर, मोहम्मदपुर में 500 मीटर, राधे नगर में 100 मीटर, पथरेड़ी फीडर में भगवाना के घर के पास 300 मीटर, सोहना बाईपास के जावेद कॉलोनी के पास 1400 मीटर केबल को स्थानांतरित करने का काम आवंटित किया जा चुका है। इन केबल को 31 अक्टूबर तक हटा दिया जाएगा।




इस तरह शेखपुर में तावडू से नट मोहल्ला तक 2200 मीटर, जलालपुर फीडर से डिंगरहेड़ी स्थित बीपीएल कॉलोनी तक 400 मीटर, राठीवास फीडर में कलवाड़ी गांव से 600 मीटर, फतेहपुर से 800 मीटर, झामूवास से 550 मीटर की हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित किया जाएगा। दादू गांव में हरिजन बस्ती 520 मीटर, धुलावट गांव में 700 मीटर, खरखड़ी गांव में एक किलोमीटर, धलावट गांव में धूलावाला के समीप 1050 मीटर, सोहना शहर में एचएफडीसी बैंक से पलवल रोड पर ढाई किलोमीटर, सोहना से तावडू रोड पर तीन किलोमीटर, दमदमा रोड पर डेढ़ किलोमीटर, भोगपुर में 650 मीटर, रायपुर में 1970 मीटर की हाईटेंशन केबल को स्थानांतरित करने की योजना है। चुनाव आचार संहिता के बाद उच्चाधिकारियों को घरों के पास से निकल रही हाईटेंशन केबल के बारे में अवगत करवाया जाएगा। मंजूरी लेने के बाद इन केबल को स्थानांतरित करने का इस्टीमेट बनाया जाएगा। अगले साल में इन केबल को हटा दिया जाएगा। इसके अलावा पटौदी और फर्रुखनगर क्षेत्र की छह कॉलोनियों से केबल को स्थानांतरित किया जाएगा।

गत 12 जुलाई को भवानी इंकलेव कॉलोनी में छत की सफाई करने के दौरान एक महिला छज्जे के पास से निकल रही 11 केवीए हाईटेंशन केबल की चपेट में आ गई थी। इससे महिला की मौके पर मौत हो गई थी। महिला को बचाने गए उसका बेटा और भाभी भी झुलस गए थे, जिन्हें इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। पिछले सप्ताह प्रेमपुरी झाड़सा गांव में छत पर पतंग उड़ा रहे तीन बच्चे 66 केवीए हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गए थे। ये लाइन इनके घर के ऊपर से निकल रही है।

## ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ता का 2014 में लापता एचएच370 विमान का पता लगाने का दावा

**मेलबर्न, एजेंसी।** एक ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिक ने दावा किया कि उन्होंने कई साल पहले लापता हुए एचएच370 विमान का पता लगा लिया है। 2014 में कुआला लंपुर से 239 यात्रियों के साथ उड़ान भरने के बाद ही मलयेशियाई एयरलाइंस की उड़ान रडार से बाहर हो गई थी। इस विमान को ढूंढने के लिए विमानन इतिहास में सबसे बड़ा खोज अभियान चलाया गया, लेकिन आज भी इस विमान का पता नहीं चल पाया। अब तस्मानिया के शोधकर्ता विंसेंट लाइन ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि उन्होंने इस विमान को खोज निकाला। उन्होंने दावा किया कि विमान को विमान को जान बूझकर हिंद महासागर के 20,000 फीट गहरे ब्रोकन रिज में गिराया गया है। शोधकर्ता विंसेंट लाइन ने कहा, एचएच370 के गायब होने की कहानी, बिना किसी संदेह के 7वें आर्क पर ईंधन की कमी, हाई स्पीड डाइव से लेकर हिंद महासागर में विमान को गायब करने को अंजाम देने का मास्टरमाइंड पायलट की तरफ इशारा करता है। यह मिशन कामयाब हो गया होता अगर विमान का दाहिना पंख लहरों के बीच से नहीं निकला होता। विंसेंट लाइन यूनिवर्सिटी ऑफ तस्मानिया के इंस्टीट्यूट फॉर मरीन एंड अंटार्कटिक स्टडीज में काम करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि विमान के पंखों, फ्लैपों और फ्लैपरॉन को हुए नुकसान से पता चलता है कि यह घटना जान बूझकर किया गया है। लाइन ने आगे कहा कि पूर्व-मुख्य कनाडाई एयर-दुर्घटना जांचकर्ता लैरी वेंस के विश्लेषण के आधार पर एमएच 370 जब खाई के ऊपर से गुजरा तब इसमें ईंधन और चलने वाले इंजन थे। तस्मानिया के शोधकर्ता ने कहा, इसकी खोज की जाएगी या नहीं, यह अधिकारियों और कंपनियों पर निर्भर है। जहां तक विज्ञान का सवाल है।

## सूडान में पैरा मिलिटरी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के हमले में 25 लोगों की मौत, 30 घायल

**खार्तूम , एजेंसी।** पश्चिमी सूडान के उत्तर दारफूर राज्य की राजधानी एल फाशेर में पैरामिलिटरी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा किए गए एक हमले में कम से कम 25 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। उत्तर दारफूर राज्य के स्वास्थ्य प्रमुख इब्राहीम खतीर ने मंगलवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया, आरएसएफ ने सोमवार को अबू शौक कैंप मार्केट पर चार शेल दागे, जिसमें 25 लोग मारे गए और लगभग 30 अन्य लोग घायल हो गए। खतीर के मुताबिक, यह घटना सोमवार को हुई और घायलों को अबू शौक क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों, सऊदी अस्पताल और सेना के मेडिकल कॉर्प्स अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है।

एल फाशेर में एक गैर-सरकारी समूह ने मंगलवार को अपने फेसबुक पेज पर एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने सोमवार को एल फाशेर में निजी सब-सहारा कॉलेज पर बमबारी की, जिससे इस कॉलेज के मुख्य हॉल, प्रयोगशाला, शवगृह और अन्य इमारतें नष्ट हो गईं। हालांकि आरएसएफ ने इन घटनाओं पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। बता दें कि 10 मई से, एल फाशेर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच भीषण संघर्ष जारी है। सूडान में 15



अप्रैल, 2023 से आरएसएफ और आरएसएफ के बीच गंभीर संघर्ष हो रहा है, जिससे कम से कम 16,650 लोगों की मौत हो चुकी है। हालिया यूएन आंकड़ों के अनुसार, सूडान में अनुमानित 10.7 मिलियन लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो चुके हैं, जबकि लगभग 2.2 मिलियन अन्य पड़ोसी देशों में शरण ले रहे हैं। इससे पहले पश्चिमी सूडान में उत्तरी डारफुर राज्य की राजधानी एल फशर पर ही 12 अगस्त को अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमले में कम से कम 28 नागरिक मारे गए और 46 अन्य घायल हो गए थे। वहां के कार्यवाहक गवर्नर अल-हाफिज बखेत के अनुसार, सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) और डारफुर क्षेत्र में सशस्त्र आंदोलन के संयुक्त बल ने शनिवार को अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के हमले को विफल करने में कामयाबी हासिल की थी और उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया था।

## सबसे पहले संसद में घुसने के दोषी को चार साल की जेल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
साल 2021 में अमेरिकी संसद (यूएस कैपिटल) में हुई हिंसा के मामले में एक व्यक्ति को हिंसा का दोषी ठहराते हुए अदालत ने चार साल से ज्यादा की जेल की सजा सुनाई है। दोषी व्यक्ति की पहचान 46 साल के फैक्ट्री सुपरवाइजर माइकल स्पार्क्स के रूप में हुई है। स्पार्क्स केंटकी का निवासी है। आरोप है कि 6 जनवरी 2021 को जब अमेरिकी संसद में दंगाइयों की भीड़ घुसी थी तो सबसे पहले अमेरिकी संसद में घुसने वाला व्यक्ति माइकल स्पार्क्स ही था। अब अदालत ने उसे 53 महीने की सजा सुनाई है।

माइकल स्पार्क्स को प्रतिबंधित इमारत में जबरन घुसने, नागरिक अव्यवस्था फैलाने और विघटनकारी आचरण का




दोषी पाया गया था। अभियोजकों ने अदालत से स्पार्क्स के लिए 57 महीने की सजा की मांग की थी, जबकि स्पार्क्स के बचाव पक्ष के वकीलों ने कहा कि उसे 12 महीने के लिए घर पर नजरबंद रखा जाए। जिला न्यायाधीश टिमोथी केली ने स्पार्क्स को 53 महीने की जेल और 2,000 डॉलर के जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजकों ने कहा कि स्पार्क्स यूनाइटेड स्टेट्स कैपिटल बिल्डिंग में प्रवेश करने वाला पहला दंगाई था और स्पार्क्स ही अमेरिकी संसद में आग लगाने की घटना में शामिल था। उन्होंने कहा कि स्पार्क्स टूटी हुई खिड़की से संसद में घुसा।

### पुलिस का आरोप- बाकी लोगों को रास्ता दिखाया

अभियोजकों के अनुसार, पुलिस ने स्पार्क्स को रोकने की कोशिश की और उसके चेहरे पर मिर्च का स्प्रे भी किया था। साथ ही पुलिस ने चेतावनी भी दी थी, लेकिन स्पार्क्स ने चेतावनी को अनसुना करते हुए अमेरिकी संसद में घुसपैठ की। पुलिस के अधिकारियों ने स्पार्क्स के खिलाफ अदालत में गवाही दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि स्पार्क्स जिस तरह से संसद में घुसा उससे बाकी प्रदर्शनकारियों को भी हौसला मिला और सभी लोग उसके पीछे संसद में घुस गए।

अमेरिका में हुए साल 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की हार के बाद उनके समर्थकों ने यूएस कांग्रेस पर धावा बोल दिया था। इस मामले में 1500 लोगों को आरोपी बनाया गया है। कैलिफोर्निया के सांता एना के 37 वर्षीय डेविड डेम्पसी, जिन्हें अभियोजकों ने भीड़ के सबसे हिंसक सदस्यों में से एक बताया था, को इस महीने 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। यह सजा अब तक सुनाई गई दूसरी सबसे लंबी सजा थी। वहीं संसद में घुसने वाले धुर दक्षिणपंथी समूह प्राउड बॉयज के पूर्व नेता एनरिक टैरियो को देशद्रोही साजिश का दोषी ठहराया गया और 22 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी। अमेरिकी संसद (यूएस कैपिटल) पर हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए और 140 पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे।

## यूक्रेन ने रूस में 100 बस्तियों पर कब्जा करने का किया दावा

**कीव/मास्को, एजेंसी।** यूक्रेनी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ ओलेक्सांद्र सिरस्की ने कहा कि 6 अगस्त को रूस के कुर्स्क क्षेत्र में घुसने के बाद से यूक्रेनी सैनिकों ने 100 बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। मंगलवार को इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने सिरस्की के हवाले से कहा, हम आगे बढ़ रहे हैं, रूसी सैनिकों को महत्वपूर्ण नुकसान हो रहा है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि रूस ने अन्य क्षेत्रों से लगभग 30,000 सैनिकों को कुर्स्क में फिर से तैनात किया है और यूक्रेनी बलों को चारों ओर से घेरने की कोशिश कर रहा है। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसके विशेष बलों ने कुर्स्क क्षेत्र के सुदझा जिले में एक ऊंचाई वाली जगह को सुरक्षित करने के लिए एक अभियान चलाया है। यह क्षेत्र पहले यूक्रेन के कब्जे में था। यह ऊंचाई वाली जगह यूक्रेनी ठिकानों से 400-500 मीटर दूर स्थित है। रूसी सैनिक अब यूक्रेनी सैन्य गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं। सिरस्की ने कहा कि यूक्रेन ने अपने सुमी क्षेत्र में गोलीबारी को रोकने के लिए एक बफर ज़ोन बनाने के उद्देश्य से कुर्स्क में अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि उनके सैनिक आगे बढ़ रहे हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129,